सूर्योदय 5:48 सूर्यास्त 6:53

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.0 न्यू | 26.0 अधि |
| धर्मशाला | 19.0 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,494 |
| निफ्टी | 24,354 |
| सोना 1,51,200 | चांदी 2,48,350 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 20 अप्रैल 2026 | 7 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 111, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### चारधाम यात्रा शुरू, खुले गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट

**एजेंसी, देहरादून।** उत्तराखंड में रविवार से चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री और 12 बजकर 35 मिनट पर यमुनोत्री के कपाट खोल दिए गए। गंगोत्री में पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। इस पूजा के खत्म होने के बाद आम लोग अब मां गंगा के दर्शन कर पा रहे हैं। उधर, मां यमुनोत्री में कपाट खुलते ही काफी देर से दर्शन के लिए खड़े लोगों की भीड़ अब मंदिर की तरफ बढ़ती दिख रही है। वहीं, बाबा केदार की डोली भी अपने शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर से फाटा की ओर रवाना हो गई है। (अनंत ज्ञान)

### रक्षामंत्री 21 से जर्मनी के तीन दिवसीय दौरे पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 21 से 23 अप्रैल तक जर्मनी के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर जाएंगे। इस दौरे के दौरान भारत-जर्मनी रक्षा सहयोग को नया आयाम मिलने की उम्मीद है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार सिंह अपने जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्टोरियस और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। बैठक में रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने, सैन्य-से-सैन्य संबंधों को मजबूत करने और साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के अवसरों पर विस्तृत चर्चा होगी। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में उग्रवादियों ने की दो लोगों की हत्या

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में शनिवार को एक रिटायर्ड आर्मी जवान समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एसडब्ल्यू चिनाओशांग (46 वर्ष) और यरुइंगम वाशुम (42 वर्ष) इंफाल से उखरुल जा रहे थे, तभी उग्रवादियों ने अचानक उनकी गाड़ी पर फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना से एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने उखरुल का दौरा किया था और कूकी तथा नागा समुदायों से शांति और संवाद बनाए रखने की अपील की थी। मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दी गई है। सुरक्षा बलों ने हमलावरों की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### आसाराम केस का मुख्य गवाह अवैध वसूली में काबू

**एजेंसी, पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में आसाराम बापू केस के मुख्य गवाह महेंद्र चावला को पुलिस ने ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया है। महेंद्र चावला पर एक सरपंच को डरा-धमकाकर 70 लाख रुपए हड़पने का संगीन आरोप लगा है। हैरानी की बात यह है कि भारी-भरकम रकम वसूलने के बाद भी आरोपी की भूख शांत नहीं हुई और वह लगातार 80 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग कर रहा था। सीआईए ने इस मामले में जाल बिछाकर महेंद्र के साथ उसके भाई देवेंद्र और भतीजे राम को भी गिरफ्तार कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- चौपाल में 2.30 लाख की देवदार की अवैध लकड़ी समेत दो दबोचे -पेज 2
- सिलेंडरों की गाड़ी को रास्ते में घेरा तो होगी कार्रवाई -पेज 6
- नेरचौक बाजार में गंदगी का अंबार सफाई व्यवस्था पर सवाल -पेज 9

# मौत का गलियारा न बनें एक्सप्रेसवे : सुप्रीम कोर्ट

## सड़क हादसों पर सख्ती, नई गाइडलाइन बनाने के दिए आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश के लिए नई गाइडलाइन जारी की हैं। कोर्ट ने साफ कहा है कि एक्सप्रेसवे मौत के गलियारे नहीं बनने चाहिए और छोटी-छोटी लापरवाहियों की वजह से जान नहीं जानी चाहिए।

मामले में सुनवाई के दौरान जस्टिस जेके महेश्वरी और एएस चांदुरकर की बेंच ने बताया कि देश की कुल सड़कों में राष्ट्रीय राजमार्ग सिर्फ 2% हैं, लेकिन यहां करीब 30% सड़क हादसों में मौतें होती हैं, जो बेहद चिंताजनक है। कोर्ट ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सभी राज्यों को सड़क सुरक्षा मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### अनुच्छेद 21 सुरक्षित माहौल में जीने की गारंटी





**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि जीवन का अधिकार (अनुच्छेद 21) सिर्फ जीने का हक नहीं, बल्कि सुरक्षित माहौल में जीने की गारंटी भी है। अगर लापरवाही से किसी की जान जाती है, तो यह सरकार की जिम्मेदारी में कमी मानी जाएगी। यह फैसला 2025 में राजस्थान और तेलंगाना में हुए बड़े सड़क हादसों के बाद लिया गया, जिनमें कई लोगों की जान चली गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने सभी एजेंसियों को 60 दिनों के भीतर इन निर्देशों को लागू करने को कहा है और 75 दिनों के अंदर रिपोर्ट भी मांगी है। कोर्ट ने साफ किया कि सड़क सुरक्षा में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कोर्ट के बड़े निर्देश

- **अब** नेशनल हाईवे पर भारी या कमर्शियल वाहनों को सड़क या किनारे खड़ा करने पर रोक होगी, सिर्फ तय जगहों पर ही पार्किंग होगी।
- **हाईवे** के किनारे नए ढाबे, दुकान या कोई भी अवैध निर्माण तुरंत रोक दिए जाएंगे।
- **60** दिनों के अंदर ऐसे सभी अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया।
- **हर** जिले में हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स बनाई जाएगी, जो सड़क सुरक्षा पर नजर रखेगी।
- **हाईवे** पर कैमरे, स्पीड मॉनिटर और इमरजेंसी सिस्टम (एटीएमएस) लगाए जाएंगे।
- **पुलिस** और प्रशासन को नियमित गश्त और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### ऊना सबसे गर्म पारा 36.2 डिग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान मौसम पूरी तरह सामान्य बना रहा और कहीं भी बारिश, बर्फबारी या ओलावृष्टि की कोई घटना दर्ज नहीं की गई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया। इस दौरान ऊना जिला सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं शिमला में अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और सुंदरनगर में 31.7 डिग्री दर्ज हुआ। सोमवार की स्थिति पर नजर डालें तो मैदानी इलाकों में गर्मी का असर थोड़ा बढ़ता हुआ दिखा, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की ठंडक बनी रही। भुंतर में 25.0 डिग्री, कांगड़ा में 31.4 डिग्री, मंडी में 32.7 डिग्री और बिलासपुर व हमीरपुर जैसे कुछ स्थानों के आंकड़े उपलब्ध नहीं रहे। जनजातीय क्षेत्रों में तापमान अपेक्षाकृत कम रहा, जहां केलांग और कल्पा जैसे स्थानों में ठंड का असर महसूस किया गया। खास बात यह रही कि पूरे प्रदेश में कहीं भी वर्षा या हिमपात दर्ज नहीं हुआ, जिससे मौसम पूरी तरह शुष्क बना रहा और कृषि गतिविधियों पर भी इसका असर सीमित रहा।

### फरवरी 2025 में हुआ सैन्य समझौता अब प्रभावी

# भारत और रूस एक-दूसरे के यहां तैनात करेंगे 3000 सैनिक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और रूस की दोस्ती लंबे समय से मजबूत रही है और कई वैश्विक उतार-चढ़ाव के बावजूद दोनों देशों के रिश्ते स्थिर बने रहे हैं। अब पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक सुरक्षा चिंताओं के बीच दोनों देशों ने एक बड़ा और अहम कदम उठाया है। भारत और रूस इस बात पर सहमत हुए हैं कि वे एक-दूसरे की जमीन पर अपने सैनिक और सैन्य संसाधन तैनात कर सकेंगे।

इस समझौते के तहत दोनों देश अधिकतम 3,000 सैनिक, 10 सैन्य विमान और 5 युद्धपोत एक-दूसरे के क्षेत्र में तैनात कर सकते हैं। यह व्यवस्था भारत-रूस पारस्परिक रसद आदान-प्रदान समझौता के तहत लागू हुई है, जिस पर फरवरी 2025 में हस्ताक्षर हुए थे और यह प्रभावी हो गया है। रूस ने भी दिसंबर 2025 में इस समझौते को औपचारिक मंजूरी दे दी थी। (अनंत ज्ञान)

### पांच साल के लिए होगी तैनाती



**रूसी** संसद की अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के उपाध्यक्ष व्याचेस्लाव निकोनोव ने इस प्रावधान की पुष्टि की है। समझौते के अनुसार, यह तैनाती पांच साल की अवधि के लिए होगी, जिसे आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है।

### दोनों देशों में सामरिक साझेदारी को मिलेगा बढ़ावा


**इस** समझौते के जरिए दोनों देशों को एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों जैसे एयरबेस और बंदरगाह तक पहुंच भी मिलेगी। इससे भारत को रूस के रणनीतिक रूप से अहम आर्कटिक क्षेत्र तक पहुंच मिल सकती है, वहीं रूस को भारत के सैन्य ढांचे का उपयोग करने का अवसर मिलेगा।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ई टैक्सी पर 50 फीसदी सब्सिडी : सीएम

## 500 युवाओं को मिलेगा सीधा लाभ, 50 करोड़ रुपए का किया प्रावधान

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा और दूरदर्शी कदम उठाया है। राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के तहत सरकार ने ई-टैक्सी खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी देने का ऐलान किया है, जो न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा बल्कि प्रदेश को हरित परिवहन की दिशा में भी आगे ले जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू की इस पहल को युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका माना जा रहा है, जिसमें वे अपनी मेहनत और हुनर के दम पर खुद का व्यवसाय खड़ा कर सकेंगे और आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे।



मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस संदर्भ में कहा है वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने इस योजना के तहत 500 युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया है, जिसके लिए 50 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। यह कदम प्रदेश में बेरोजगारी को कम करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। उनके अनुसार इसके साथ ही सरकार ने लाभार्थियों को मिलने वाले मासिक भुगतान में 5,000 रुपए की बढ़ोतरी कर युवाओं को और अधिक आर्थिक सुरक्षा देने का प्रयास किया है, जिससे वे अपने कार्य को स्थिरता और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ा सकें। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं को नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजन करने वाला बनाना है। उन्होंने कहा कि ई-टैक्सी योजना से जहां युवाओं को आय का स्थायी स्रोत मिलेगा, वहीं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी ठोस कदम उठाया जा रहा है।

# चेस्टर हिल्स के प्रमोटरों पर 70 लाख का अंतरिम जुर्माना

## रेरा की सख्ती से बढ़ा दबाव, फंड प्रबंधन में सामने आई गड़बड़ी

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, शिमला।** सोलन स्थित चेस्टर हिल्स आवासीय परियोजना एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गई है। हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने परियोजना के दो चरणों चेस्टर हिल्स-2 और चेस्टर हिल्स-4 के प्रमोटरों पर कुल 70 लाख रुपए का अंतरिम जुर्माना लगाया है। दोनों परियोजनाओं पर अलग-अलग 35-35 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई गई है, जिससे रियल एस्टेट क्षेत्र में हलचल मच गई है। जानकारी के अनुसार रेरा की यह कार्रवाई रेरा अधिनियम 2016 की धारा 60 के तहत की गई है, जिसमें धारा 4(2)(डी) के उल्लंघन को गंभीर माना गया। जांच में सामने आया कि प्रमोटरों ने अलॉटियों से प्राप्त राशि के खातों का उचित रखरखाव नहीं किया और परियोजना पर वास्तविक खर्चों की सही रिपोर्टिंग में भी अनियमितताएं बरतीं। साथ ही, 70 प्रतिशत फंड को अलग एस्क्रो खाते में रखने के नियम का पालन नहीं किया गया, जो कानून का स्पष्ट उल्लंघन है।



यह मामला पहले भी चर्चा में रहा है। इससे पूर्व भी रेरा इस परियोजना पर जुर्माना लगा चुकी है और कुछ मामलों में खरीदारों को राशि वापस करने के आदेश दिए जा चुके हैं।

परियोजना पर हिमाचल प्रदेश भूमि कानून की धारा 118 के उल्लंघन, बेनामी लेनदेन और गैर-कृषकों द्वारा कृषि भूमि खरीद जैसे गंभीर आरोप भी लगते रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर रिपोर्टों के आदान-प्रदान में देरी और विवाद ने इस पूरे मामले को और जटिल बना दिया है। इस बीच, विपक्षी दलों ने मामले की न्यायिक जांच की मांग तेज कर दी है।

### रेरा की कार्रवाई खरीदारों के हितों के लिए अहम कदम

**सैकड़ों** निवेशकों से जुड़े इस प्रोजेक्ट में रेरा की कार्रवाई को खरीदारों के हितों की रक्षा की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है, हालांकि परियोजना की वैधता और निर्माण गुणवत्ता को लेकर सवाल अभी भी बने हुए हैं। रेरा ने प्रमोटरों को दो-तिहाई अलॉटियों की सहमति प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया है, अन्यथा आगे और कड़ी कार्रवाई संभव है। रेरा की इस कार्रवाई ने साफ संकेत दे दिया है कि नियमों की अनदेखी करने वाले प्रमोटरों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# मंत्रियों के बाद अफसरों को भी इस महीने से कम वेतन

**अनंत ज्ञान**

**◆ छह माह तक 20-30 फीसदी वेतन डेफर करने के आदेश**

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आर्थिक चुनौतियों के चलते सरकार ने एक और बड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए अब वरिष्ठ अधिकारियों के वेतन पर भी अस्थायी कट लगा दिया है। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और डीजीपी जैसे शीर्ष अधिकारियों के वेतन का 30 प्रतिशत हिस्सा अगले छह महीने तक स्थगित रहेगा। वहीं सचिव, विभागाध्यक्ष, आईजी, डीआईजी, एसपी और वन विभाग के अधिकारियों के वेतन का 20 प्रतिशत हिस्सा रोका जाएगा। यह व्यवस्था अप्रैल 2026 के वेतन से लागू होगी, जिसका भुगतान मई में किया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह वेतन कटौती नहीं, बल्कि अस्थायी स्थगन है। रोकी गई राशि भविष्य में राज्य की वित्तीय स्थिति बेहतर होने पर कर्मचारियों को वापस दी जाएगी। साथ ही बोर्ड, निगम, सार्वजनिक उपक्रमों, विश्वविद्यालयों और अनुदान प्राप्त संस्थानों को भी इस व्यवस्था को अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिन अधिकारियों पर ऋण या ईएमआई का बोझ है, वे आवेदन कर सकते हैं, ताकि ईएमआई कटने के बाद बची राशि पर ही वेतन स्थगन लागू किया जाए।

### डोनाल्ड ट्रंप को ईरान से परमाणु अधिकार छीनने का हक नहीं

# ईरानी राष्ट्रपति बोले-हम युद्ध नहीं चाहते, केवल आत्मरक्षा कर रहे

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के परमाणु अधिकारों को रोकने का कोई हक नहीं है।

ईरानी न्यूज एजेंसी आईएसएनए के मुताबिक, पजशकियान कहा, 'ट्रंप कहते हैं कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता, लेकिन यह नहीं बताते कि किस जुर्म में। वह कौन होते हैं किसी देश को उसके अधिकारों से वंचित करने वाले?' पजशकियान का यह बयान ऐसे समय आया है



जब सीजफायर की समय सीमा खत्म होने वाली है। पजशकियन ने अमेरिका और इसराइल पर नागरिक ढांचे को निशाना बनाने का आरोप लगाया और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। इससे पहले ईरानी संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर ने कहा था कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। हालात कभी भी बिगड़ सकते है। (अनंत ज्ञान)

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में धमाका,18 लोगों की मौत

**एजेंसी, चेन्नई**

तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के कट्टनापट्टी इलाके में एक पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट हो गया। इसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक स्रीनाथ के अनुसार, वणजा फायरक्रैकर फैक्टरी में यह धमाका उस समय हुआ जब करीब 30 कर्मचारी काम कर रहे थे। विस्फोट इतना तेज था कि फैक्टरी के कई कमरे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।



घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग की टीमों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत और बचाव दल ने मलबे से शवों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, भीषण हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। राज्य मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है और उन्हें इससे गहरा आघात पहुंचा है। सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। (अनंत ज्ञान)

# पश्चिम एशिया संकट से भारत में 13% घटी घरेलू एलपीजी की खपत

## गैर-घरेलू उपयोग में 48 प्रतिशत की भारी गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में रसोई गैस की खपत में मार्च महीने के दौरान तेज गिरावट दर्ज की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एलपीजी की खपत 13 प्रतिशत घटकर 2.379 मिलियन टन रह गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 2.729 मिलियन टन थी। यह गिरावट पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और सप्लाई में बाधा के कारण आई है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते आता है, लेकिन इस क्षेत्र में तनाव और युद्ध जैसे हालात के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से आने वाली आपूर्ति भी बाधित हुई, जिससे सरकार को होटल व उद्योगों



जैसे व्यावसायिक उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति कम करनी पड़ी, ताकि घरेलू रसोई गैस सुरक्षित रहे। घरेलू एलपीजी सिलिंडर की खपत भी मार्च में 8.1 प्रतिशत घटकर 2.219 मिलियन टन रह गई।

वहीं, गैर-घरेलू उपयोग में भारी गिरावट दर्ज की गई, जो लगभग 48 प्रतिशत तक कम हो गई। बड़े स्तर पर यानी बल्क एलपीजी की बिक्री में भी 75 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। (अनंत ज्ञान)

### क्या है सरकार का स्टैंड?

**ऐसे** में अब ये समझना ज्यादा जरूरी है कि भारत में सप्लाई को लेकर सरकार का स्टैंड क्या है और आंकड़ें क्या कहते हैं। इस बात को ऐसे समझिए कि प्रभावित हुई ऊर्जा सप्लाई के इतर भारत सरकार का कहना है कि घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की सप्लाई सामान्य रही। हालांकि आंकड़े बताते हैं कि खपत में कमी आई है। इस कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने रिफाइनरियों को निर्देश दिया कि वे पेट्रोकेमिकल उत्पादन कम करके एलपीजी उत्पादन बढ़ाएं। इसके चलते घरेलू उत्पादन बढ़कर 1.4 मिलियन टन हो गया, जो पिछले साल 1.1 मिलियन टन था। पश्चिम एशिया के तनाव ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर सीधा असर डाला है और इसका सबसे बड़ा प्रभाव रसोई गैस की उपलब्धता और कीमतों पर देखा जा रहा है।

**महंगाई की मार** हमीरपुर में 160 किलोमीटर टारिंग पर संकट, ठेकेदारों ने खड़े किए हाथ

# 'बिटुमेन' हुआ और महंगा, रुका सड़क निर्माण

**अनंत ज्ञान**

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** 'बिटुमेन' रेट्स में लगातार बढ़ोतरी होने की वजह से सड़क निर्माण खासकर गर्मियों के मौसम में खराब सड़कों पर टारिंग का काम लगभग बंद हो गया है। स्टेट हेड बजट में होने वाले टारिंग के इस काम में सबसे बड़ी बाधा पैदा हो गई है।

पीडब्ल्यूडी ने इस मौसम के लिए जो प्लान किया था, वह अब फिलहाल रेट्स कम होने की इंतजार में उलझ गया है। हमीरपुर जिले में ही अलग-अलग सड़कों पर इस बार तकरीबन 160 किलोमीटर की टारिंग होनी है, इसके लिए ठेकेदारों को काम भी आवंटित कर दिए गए थे, लेकिन अब क्योंकि रेट्स बढ़ गए हैं और तकरीबन प्रति किलोमीटर के हिसाब से यदि ठेकेदारों को 5 से 6 लाख रुपए का नुकसान हो तो फिर काम कौन करवाएगा। ठेकेदारों ने भी



**◆ 90 रुपए प्रति किलो हुआ रेट, ठेकेदारों की बढ़ी बेचैनी**

संबंधित विभाग को इस बाबत बता दिया है और अधिकारियों का यह कहना है कि राज्य स्तर पर इस मामले को उठाया गया है। सरकार इसमें अपने स्तर पर फिलहाल 'वेट एंड वॉच' की स्थिति अपनाए हुए हैं।

इसीलिए मौसम के खुलते ही हिमाचल में सड़क निर्माण की रफ्तार

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

धीमी हो गई है। कारण यह है कि 'बिटुमेन' महंगा होता जा रहा है। प्रति किलो के हिसाब से इसमें जीएसटी मिलकर तकरीबन 45 रुपए की अभी तक वृद्धि हो चुकी है। रेट लगातार बढ़ने के आसार बने हुए हैं। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि हरियाणा की जिस रिफाइनरी से 'बिटुमन' की सप्लाई हिमाचल के अलग-अलग हिस्सों को आती है। उसकी रफ्तार भी बहुत धीमी हो गई है। सूत्रों के मुताबिक यह केवल इसी रिफाइनरी की वजह से नहीं है। देश के अलग-अलग राज्यों में सभी जगह यह महंगा हो गया है। न केवल हमीरपुर जोन में, बल्कि हिमाचल सहित पंजाब और हरियाणा में भी 'बिटुमेन' महंगा हो गया है। सप्लाई पर इसका असर सभी राज्यों में पड़ा है और क्योंकि अब मौसम खुलते ही सड़कों का निर्माण कार्य स्पीड पकड़ता था। इसका असर अगले 6 महीनों तक रहता है और यदि इस तरह रेटों में ज्यादा उछाल आ गया है, तो दिक्कत तो आएगी ही।

हमीरपुर शहर के साथ कोहली से पक्का भरो के लिए भी तकरीबन 10 करोड़ आवंटित हुआ था। टेंडर भी हो गया था, मगर जैसे ही काम शुरू हुआ, बिटुमेन रेट्स अचानक बढ़ गए। यह सड़क नए सिरे से टारिंग के द्वारा सुहाने सफर के लिए तैयार होनी थी, मगर कोहली से मट्टन सिद्ध तक जो सबसे खराब पोर्शन था, इस पर फिलहाल पैच लगाकर कुछ हालात सुधरे हैं, अब बाकी का काम रुक गया है।

### क्या कहते हैं एसई विजय चौधरी

**हमीरपुर** के एसई विजय चौधरी का कहना है कि इस बार गर्मियों के इस मौसम में तकरीबन डेढ़ सौ किमी अलग-अलग सड़कों पर टारिंग का काम आवंटित किया गया है, लेकिन अब यह फिलहाल बढ़े हुए बिटुमेन के रेट्स की वजह से वेट एंड वॉच की स्थिति में खड़ा है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में चिट्टे समेत अमृतसर का युवक दबोचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** राजधानी शिमला में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक अहम सफलता हाथ लगी है। अमृतसर का रहने वाला 30 वर्षीय युवक राजदीप सिंह एचआरटीसी बस में सफर के दौरान 26 ग्राम हेरोइन (चिट्टे) के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर एनएच-5 पर टूटीकंडी बाइफरकेशन के पास बस को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से काले टेप में लिपटा मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पंजाब के गांव पंडोरी बडेच का निवासी है और नशे की खेप को शिमला में खपाने की योजना थी। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुट गई है, ताकि इसके पीछे छिपे अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।

### ग्राम पंचायत मुख्यालय शिंगला में मनाई परशुराम जयंती

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के सिंगल पंचायत मुख्यालय पर भगवान परशुराम की जयंती बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। रामपुर क्षेत्र के शिंगला, सनेरी, लालसा व डनसा को भगवान परशुराम की तापोंस्थली के रूप में माना जाता हैं। यहां पर उन्होंने कई वर्षो तक तपस्या की थी। ये चार स्थान चार तहरियों के रूप में भी माने जाते हैं। यह कार्यक्रम ब्राह्मण ग्राम सुधार सभा के अध्यक्ष राम रतन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर सभी ब्राह्मणो ने भगवान परशुराम जी के पद चिन्हों पर चलने और समाज मै सदभावना का संदेश देने का प्रण लियां। जब भी धरती पर दुराचारियों नेने आतंक फैलाया उन दुराचारीयो से भगवान परशुराम ने 21बार धरती को मुक्त किया तथा ब्राह्मणों को दान कियाधरती पर 21बार विजय पाई और धरती को दान किया।



### महिला जनाक्रोश पदयात्रा 23 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कार्यालय दीपकमल में जिलाध्यक्ष केशव चौहान की



अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 23 अप्रैल को आयोजित होने वाली प्रदेशव्यापी महिला जनाक्रोश पदयात्रा को लेकर रणनीति तय की गई। बिंदल ने कांग्रेस पर महिला विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस ने सुनियोजित साज़िश रची और महिलाओं के अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पंचायतों, नगर निकायों, विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी को सीमित करने का प्रयास कांग्रेस की सोच को उजागर करता है। बिंदल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा महिला आरक्षण को लेकर दिया गया बयान उनकी संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने इसे एक गंभीर राजनीतिक विषय बताते हुए कहा कि महिलाओं के नेतृत्व के अवसरों को कांग्रेस ने छलनी किया है। बैठक में कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे प्रदेश सरकार की नाकामियों और जनविरोधी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाएं। प्रत्येक बूथ स्तर पर घर-घर जाकर महिलाओं को कांग्रेस की कथित कार्यप्रणाली से अवगत कराने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर बलबीर वर्मा, पायल वैद्य, डेज़ी ठाकुर, कमलजीत सूद सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोटगढ़ पर्यावरण-पर्यटन धन संग्रह मामला गरमाया, जांच पर उठे सवाल

## वन विभाग को क्लीन चिट, पुलिस ने शुरू की जांच; पुनः जांच के आदेश से बढ़ा विवाद

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला के कोटगढ़ क्षेत्र में पर्यावरण-पर्यटन के नाम पर किए गए कथित धन संग्रह का मामला अब गंभीर कानूनी और प्रशासनिक विवाद में बदल गया है। विभागीय जांच में जहां वन अधिकारियों को क्लीन चिट दी गई है, वहीं पुलिस ने इस पूरे प्रकरण में भ्रष्टाचार और आपराधिक पहलुओं की जांच शुरू करते हुए मामला राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सौंप दिया है। इस बीच राजस्व मंत्री द्वारा पुनः जांच के आदेश दिए जाने से मामले ने और तूल पकड़ लिया है तथा प्रशासनिक तंत्र की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार इस विवाद के केंद्र में कोटगढ़ क्षेत्र में की गई आंतरिक जांच है, जिसमें यह निष्कर्ष निकाला गया कि पर्यावरण-पर्यटन गतिविधियों के तहत एकत्रित राशि का पूरा लेखा-जोखा नियमों के अनुसार रखा गया और धन आधिकारिक बैंकिंग चैनलों के माध्यम से जमा किया गया। जांच रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि प्रति पर्यटक 50 रुपए का प्रवेश शुल्क नियमानुसार लिया गया और किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता सामने नहीं आई।

हालांकि, रसीद पुस्तिकाओं और पंजीकरण प्रक्रिया में कुछ खामियों को अनजाने में हुई त्रुटि बताया गया है।

दूसरी ओर, शिकायतकर्ता रणविजय सिंह ने आरोप लगाया है कि गैर-पंजीकृत संस्थाओं के नाम पर अवैध रूप से धन संग्रह किया गया और इसमें कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध रही है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया और धमकियां दी गईं, जिनमें झूठे मामलों में फंसाने की चेतावनी भी शामिल है। पुलिस ने इन आरोपों को गंभीरता से लेते हुए अलग से मामला दर्ज कर लिया है और जांच एजेंसियों को संबंधित साक्ष्य सौंप दिए गए हैं।

मामला उस समय और संवेदनशील हो गया जब यह सामने आया कि जिस अधिकारी के अधीन विभागीय जांच की गई, उसका नाम स्वयं शिकायत में शामिल है। इससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के उल्लंघन की आशंका जताई जा रही है। ऐसी परिस्थितियों में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच आवश्यक बताई गई है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

### नई जांच से जवाबदेही की कसौटी पर तंत्र

**राजस्व** मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा दिए गए पुनः जांच के आदेश के बाद अब यह मामला पूरी तरह कानूनी दायरे में आ गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर पर जांच के निर्देश दिए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होगा कि वास्तव में वित्तीय और प्रशासनिक स्तर पर क्या अनियमितताएं हुईं। यह प्रकरण न केवल संबंधित अधिकारियों की भूमिका तय करेगा, बल्कि राज्य में पर्यावरण-पर्यटन व्यवस्था, पारदर्शिता और जवाबदेही की भी बड़ी परीक्षा बन सकता है।

# चौपाल में 2.30 लाख की देवदार की अवैध लकड़ी समेत दो दबोचे

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में पुलिस ने अवैध देवदार लकड़ी की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में लकड़ी बरामद की है। चौपाल थाना पुलिस ने सराहन बाजार के समीप नाके के दौरान एक संदिग्ध ट्रक को जांच के लिए रोका, जिसमें तलाशी लेने पर देवदार के 50 लट्ठे पाए गए। पुलिस के अनुसार इन लट्ठों के परिवहन के लिए कोई वैध परमिट प्रस्तुत नहीं किया जा सका। बरामद लकड़ी की अनुमानित कीमत लगभग 2.30 लाख रुपए आंकी गई है, जिससे यह मामला गंभीर वन अपराध की श्रेणी में आता है।

इस मामले में ट्रक चालक श्याम लाल (50 वर्ष), निवासी सराहन, तहसील चौपाल और उसके सहयोगी राहुल (29 वर्ष) को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। दोनों आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ के दौरान लकड़ी के स्रोत और परिवहन के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई। मौके पर मौजूद वन विभाग के कर्मियों ने लकड़ी का विधिवत माप लिया, जिसमें कुल 2.923 घन मीटर देवदार लकड़ी दर्ज की गई।

### अन्य लोगों की तलाश जारी

**पुलिस** ने नियमानुसार लकड़ी को सील कर अपने कब्जे में ले लिया है तथा ट्रक, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य दस्तावेज वन विभाग को सौंप दिए गए हैं। इस संबंध में थाना चौपाल में भारतीय न्याय संहिता की धारा 35(3) तथा भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और संभावित तस्करी गिरोह की कड़ियों को जोड़ने में जुट गई है, ताकि पूरे प्रकरण का खुलासा किया जा सके।

# कामगार कल्याण बोर्ड श्रमिकों का बना सहारा

## 98 लाभार्थियों को 50.84 लाख की सहायता, योजनाओं से बदल रही तस्वीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की योजनाएं अब श्रमिक वर्ग के जीवन में वास्तविक बदलाव का आधार बनती नजर आ रही हैं। धामी क्षेत्र की मुनीश शर्मा को उनके विवाह के लिए बोर्ड द्वारा 51 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई, जिससे परिवार पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ काफी हद तक कम हुआ। मुनीश शर्मा ने इस सहयोग को अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षण में बड़ी राहत बताते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसी योजनाएं श्रमिकों के सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि बोर्ड के माध्यम से संचालित योजनाएं श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में प्रभावी कदम हैं। उन्होंने पात्र श्रमिकों से समय पर पंजीकरण करवाने और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

श्रम कल्याण अधिकारी शिमला जोन श्रेय शर्मा के अनुसार, शिमला जोन में अब तक 98 लाभार्थियों को 50 लाख 84 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जा चुकी है, जिससे स्पष्ट है कि योजनाएं जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, पेंशन, मातृत्व सहायता और उपकरण सहायता जैसी अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों को समग्र सुरक्षा प्रदान करना है। 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक, जिन्होंने पिछले 12 महीनों में कम से कम 90 दिन निर्माण कार्य किया है, सरल प्रक्रिया के माध्यम से पंजीकरण कर इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

### ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा को बनाया जा रहा पारदर्शी और सुलभ

**ऑनलाइन** पंजीकरण की सुविधा ने इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और सुलभ बना दिया है, जिससे अधिकाधिक श्रमिकों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

# अध्यात्म के बिना मानव का संपूर्ण विकास असंभव : स्वामी विज्ञानानंद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अपने कारागार सुधार एवं पुनर्वास कार्यक्रम अंतरक्रांति प्रकल्प के अंतर्गत स्थानीय कैथू जेल में तीन दिवसीय आध्यात्मिक चिंतन एवं ध्यान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस संस्थान के दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी विज्ञानानंद ने कैदी बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यात्म केवल आत्म-साक्षात्कार का मार्ग ही नहीं, बल्कि शांति, सद्भाव और वसुधैव कुटुंबकम के वैश्विक संदेश का केंद्र है। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपरा ज्ञान, विज्ञान और जीवन के प्रत्येक आयाम को आत्मिक चेतना से जोड़ती है और मानवता को एक उच्च उद्देश्य की ओर प्रेरित करती है। स्वामी ने कहा कि प्रत्येक आत्मा संभावित रूप से दिव्य है और जीवन का लक्ष्य इस अंतर्निहित दिव्यता को प्रकट करना है। योग, ध्यान, आयुर्वेद और भक्ति जैसे मार्ग न केवल व्यक्तिगत संतुलन स्थापित करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार भी बनते हैं। उन्होंने वेद, उपनिषद और श्रीमद्भागवद् गीता जैसे ग्रंथों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये कालातीत ज्ञान मानव जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। वर्तमान भोगवादी और संघर्षपूर्ण वातावरण में अध्यात्म ही वह सशक्त साधन है, जो मानव को आंतरिक शांति और समरसता की ओर ले जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा बलदेव द्वारा सुमधुर प्रार्थना के साथ किया गया।



कैथू जेल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वामी विज्ञानानंद व अन्य। अनंत ज्ञान

### कैथू जेल में तीन दिवसीय आध्यात्मिक चिंतन एवं ध्यान कार्यक्रम का शुभारंभ

# दवाइयों की गलत मिक्सिंग से उजड़ा सेब बगीचा

अनंत ज्ञान


**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला के धरेच ठियोग के नागपुर स्थित शांत कुटीर क्षेत्र में एक बागवान के सेब बगीचे के उजड़ने का गंभीर मामला सामने आया है, जहां पिंक बर्ड किस्म के सेब पर की गई दवाइयों की गलत मिक्सिंग ने महज पांच दिनों के भीतर पूरे बगीचे को तबाह कर दिया। पीड़ित बागवान के अनुसार, तीन से चार तरह की कीटनाशक और फफूंदनाशक दवाइयों का मिश्रण तैयार कर स्प्रे किया गया था, जिसके बाद पेड़ों से फूल झड़ गए और पूरा बगीचा खरपतवार जैसा नजर आने लगा।

बागवान लक्ष्मीकांत ने बताया कि जिस पिंक बर्ड किस्म को अत्यंत संवेदनशील माना जाता है, उसी पर बिना वैज्ञानिक सलाह के मिश्रित दवाइयों का प्रयोग किया गया, जिससे पेड़ पूरी तरह कंकाल जैसे हो गए। हालत इतनी खराब हो गई है कि अब अगले कई वर्षों तक फसल आने की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी है। आसपास के कुछ अन्य बागवानों के बगीचों में भी इसी तरह की समस्या देखने को मिली है, जिससे क्षेत्र में भय और चिंता का माहौल बन गया है।

ठियोग से बागवानी विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया और प्राथमिक जांच में माना कि दवाइयों की गलत मिक्सिंग से यह नुकसान हुआ है। विभाग ने फिलहाल बागवान को लगातार सिंचाई करने और पानी के स्प्रे की सलाह दी है, लेकिन स्पष्ट किया कि इस नुकसान की भरपाई जल्द संभव नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, कुछ रसायनों के संयोजन से पेड़ों की आंतरिक संरचना पर गंभीर असर पड़ा है, जिससे उत्पादन क्षमता पूरी तरह खत्म हो सकती है।

इस घटना के बाद प्रगतिशील बागवानों ने भी गहरी चिंता जताई है और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि बिना उचित मार्गदर्शन के कीटनाशकों का उपयोग लगातार खतरनाक साबित हो रहा है और इससे बागवानों की आर्थिक स्थिति पर सीधा असर पड़ रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि बागवानी विभाग समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी करता है, लेकिन कई बागवान स्वयं विशेषज्ञ बनकर स्थानीय विक्रेताओं की सलाह पर दवाइयां खरीद लेते हैं। विक्रेता अधिक मुनाफा कमाने के लिए कई बार अनावश्यक या गलत दवाइयों का मिश्रण सुझा देते हैं, जिससे इस तरह की गंभीर स्थितियां पैदा हो रही हैं। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वैज्ञानिक पद्धति और विभागीय सलाह को नजरअंदाज करना कितना महंगा पड़ सकता है और अब जरूरत है कि ऐसे मामलों में सख्त जांच और छापेमारी कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि बागवानों को भविष्य में इस तरह के नुकसान से बचाया जा सके।



### पांच दिन में दिखा बर्बादी का मंजर, शांत कुटीर नागपुर, धरेच ठियोग में बड़ा नुकसान

# लुहरी प्रोजेक्ट प्रभावित किसान 24 अप्रैल को निरथ में करेंगे प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** हिमाचल किसान सभा लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट प्रभावित कमेटी के आह्वान पर प्रोजेक्ट प्रभावित किसान अपनी लंबित मांगों को लेकर 24 अप्रैल को निरथ में प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए प्रभावित पंचायतों में गांव-गांव बैठकें कर लोगों को संगठित किया जा रहा है।

कमेटी के महासचिव देवकी नंद, अध्यक्षा कृष्णा राणा, कपिल ठाकुर और प्रेम चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार, प्रशासन और सतलुज जल विद्युत निगम किसानों की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल रहे हैं। कई बार वार्ता और लिखित समझौतों के बावजूद उन्हें लागू नहीं किया गया, जिससे किसानों में गहरा आक्रोश है।

प्रभावित किसानों का कहना है कि फसल नुकसान और मकानों में आई दरारों का मुआवजा केवल कुछ पंचायतों तक सीमित रहा, जबकि कई अन्य क्षेत्रों में सर्वे होने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। इसी तरह रोजगार और अन्य सुविधाओं की मांगें भी लंबित हैं।

किसान सभा ने मांग की है कि जहां सर्वे पूरा हो चुका है वहां तुरंत एकमुश्त मुआवजा दिया जाए, शेष क्षेत्रों में सर्वे पूरा किया जाए और प्रभावित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। आंदोलन को सफल बनाने के लिए हजारों किसानों के 24 अप्रैल को प्रदर्शन में शामिल होने की संभावना है।

# जिला कांग्रेस शिमला (शहरी) की नई कार्यकारिणी घोषित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने जिला कांग्रेस कमेटी शिमला (शहरी) के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। संगठन महामंत्री विनोद जिंटा द्वारा जारी अधिसूचना के साथ ही शिमला शहरी कांग्रेस की नई टीम औपचारिक रूप से सक्रिय हो गई है। इस पुनर्गठन को आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठनात्मक मजबूती के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

नई कार्यकारिणी में इंद्रजीत सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि उपाध्यक्ष के रूप में जय प्रकाश, रवि राणा, वीनेश ठाकुर, कुश पाल सिंह, नरेश गांधी, सत्या वर्मा, मंगल बिष्ट, प्रवीण भारद्वाज, जगदीश ठाकुर, उमा वर्मा और विशाल ठाकुर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासचिव पद पर दीपक सुंद्रियाल को प्रशासनिक संगठन का दायित्व दिया गया है, वहीं मुकेश भाटिया, दीक्षित जोगटा, सुमित गौतम, संदीप चौहान, अमित शर्मा, विनोद कुमार, अमृतपाल सिंह, विक्की शुभ और रोहित कश्यप को महासचिव बनाया गया है।

संगठन में सचिव पदों पर भी व्यापक नियुक्तियां की गई हैं, जिनमें अमन दीप सिंह, रमा सूद, फैयाज, पुनीत कुमार (मनु), संदीप ठाकुर (बून), धीरज कश्यप, देवेंद्र, अशोक सोहल, जितेंद्र ठाकुर, बलविंद्र कुमार (बॉबी), पुष्पेंद्र पाल, गौरव कुमार घारू, मनप्रीत सिंह (सैंबी), किशोर कुमार, कपिल धरेवाल, संजय आज़ाद, वासु कुठियाला, हेमू ठाकुर, रोहित जोगटा, पवन तनेजा, अंकुश (गोनू), धीरज परमार, अवनीश चौहान, नीतीश राणा, सौरव सेखड़ी, संतोष शर्मा, रंजीत सिंह, अल्बर्ट मेसी, गुरविंद्र सिंह और सचिन पटियाल शामिल हैं। कोषाध्यक्ष के रूप में महिंदरजीत सिंह (बबलू) को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में विधायक हरीश जनारथा, महापौर सुरेंद्र चौहान और उप-महापौर उमा कौशल सहित कई वरिष्ठ नेताओं को स्थान दिया गया है।

**सौगात** 8500 करोड़ की परियोजनाओं से सुदृढ़ हो रहा आधारभूत ढांचा, टूटू-क्यार सड़क का किया शिलान्यास

# प्रदेश में सड़कों पर 6000 करोड़ का व्यय : विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचे को सशक्त बनाने के लिए बड़े स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से लोक निर्माण और शहरी विकास विभाग के लिए 8500 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 6000 करोड़ रुपए सड़कों के निर्माण और सुधार पर व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है और हिमाचल प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

रविवार को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गिरब खुर्द के गांव क्यार में टूटू-क्यार सड़क का शिलान्यास करते हुए उन्होंने कहा कि यह सड़क लंबे समय से स्थानीय लोगों की मांग थी। वन विभाग से आवश्यक स्वीकृति मिलने के साथ ही लोक निर्माण विभाग से प्रशासनिक मंजूरी भी प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने जानकारी दी कि लगभग 90 लाख रुपये की लागत से इस सड़क का मेटलिंग कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।




जनसभा को संबोधित करते हुए पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान के लिए भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। मौजूदा उठाऊ पेयजल योजना के अधूरे कार्यों को पीडीएनए के माध्यम से पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि शिमला शहर में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति योजना पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह के प्रयासों का परिणाम है, जिससे शहरवासियों को जल संकट से राहत मिली है। साथ ही उन्होंने बताया कि गिरब खुर्द पंचायत में पिछले साढ़े तीन वर्षों में अनेक विकास कार्य किए गए हैं और दीधो घाटी से कड़ी सड़क का निर्माण 8.50 करोड़ रुपए की लागत से प्रगति पर है।

### पंचायत चुनावों में योग्य नेतृत्व चुनने की अपील

**कैबिनेट** मंत्री ने आगामी पंचायतीराज चुनावों के संदर्भ में लोगों से आह्वान किया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर योग्य और सक्षम उम्मीदवार का चयन करें। उन्होंने कहा कि मजबूत और ईमानदार नेतृत्व से ही क्षेत्र का समुचित विकास संभव है। जनता जिस प्रतिनिधि को चुनती है, उसका सम्मान करते हुए उसे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में शिमला अव्वल

## शिमला ने जीते 10 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य पदक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में शिमला जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में शिमला के खिलाड़ियों ने कुल 10 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह प्रतियोगिता हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा 18 अप्रैल को सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के साथ संपन्न हुई, जिसमें प्रदेशभर के युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस आयोजन में किन्नौर, शिमला, सोलन, सिरमौर, कांगड़ा, मंडी और कुल्लू जिलों से सात आयु वर्गों के 46 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य राज्य में आइस स्केटिंग प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना रहा। पुरुष वर्ग में मोक्ष ने सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि जूनियर वर्गों में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

महिला वर्ग में भी खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया, जहां जुवेन ने सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। समापन समारोह में उत्तराखंड खेल विभाग के उपनिदेशक नीरज कुमार ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी और कोच भी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




पदक जीतने के बाद शिमला के खिलाड़ी और कोच। अनंत ज्ञान

# प्रदेश में जल शक्ति विभाग के 101 कार्यालय डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़े

## अब पूरी तरह डिजिटल माध्यम से होगा विभागीय फाइलों का संचालन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को नई गति देते हुए जल शक्ति विभाग ने प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन दर्ज किया है। विभाग के 101 कार्यालयों को ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म से जोड़कर सरकारी कामकाज को पूरी तरह डिजिटल स्वरूप प्रदान किया गया है। इस पहल के साथ ही विभागीय फाइलों की आवाजाही अब ऑनलाइन माध्यम से होने लगी है, जिससे कार्यों की गति में उल्लेखनीय तेजी आई है और पारदर्शिता को नई मजबूती मिली है। सरकार की यह पहल न केवल कागजी प्रक्रिया को कम करने की दिशा में प्रभावी साबित हो रही है, बल्कि सुशासन के लक्ष्य को भी मजबूती प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि को डिजिटल क्रांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली के लागू होने से विभागीय कार्य अधिक सुगम और पारदर्शी हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब

### ◆ पारदर्शिता, निष्पादन समयबद्ध व रियल टाइम निगरानी होगी सुनिश्चित

सभी स्तरों पर कार्यों का निष्पादन समयबद्ध तरीके से संभव हो रहा है, जिससे जनता को भी अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि तय समय सीमा के भीतर इस लक्ष्य को हासिल करना विभाग की प्रतिबद्धता और दक्षता का प्रमाण है। उन्होंने इसे प्रशासनिक सुधारों की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि इससे विभागीय कार्यप्रणाली अधिक जवाबदेह और प्रभावी बनी है।

विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली को प्रमुख अभियंता से लेकर अधिशासी अभियंता स्तर तक लागू किया गया है। इसमें शिमला और मंडी के प्रमुख अभियंता कार्यालयों सहित सभी मुख्य अभियंता, वृत्त और अधिशासी अभियंता कार्यालय शामिल हैं। अब फाइलों का संचालन प्रमुख अभियंता से सचिव, मंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय तक डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है। इस डिजिटल बदलाव से विभाग में फाइलों की रियल टाइम निगरानी संभव हो गई है, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों सुनिश्चित हुई हैं। विभाग अब उप-मंडल स्तर तक इस प्रणाली का विस्तार करने की दिशा में अग्रसर है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होगी, बल्कि भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

### उपमंडल स्तर तक डिजिटल विस्तार की दिशा में तेजी

**आने** वाले समय में जब यह व्यवस्था उपमंडल स्तर तक पूरी तरह लागू होगी, तब जल शक्ति विभाग प्रदेश में डिजिटल प्रशासन का आदर्श मॉडल बनकर उभरेगा और अन्य विभागों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# अवैध कब्जाधारियों पर चला राज्य चुनाव आयोग का चाबुक

## नए आदेश के तहत अब नहीं लड़ पाएंगे पंचायत चुनाव, किसी भी प्रकार की ढील देने से किया साफ इनकार

◆ 'अनंत ज्ञान' की खबर का असर, मुद्दे पर हुआ बड़ा फैसला

◆ छह साल तक अयोग्यता का प्रावधान, परिवार तक बढ़ाया दायरा

◆ पारदर्शी और स्वच्छ चुनाव की दिशा में निर्णायक कदम

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर इस बार चुनाव आयोग ने सख्ती की नई मिसाल पेश की है। अवैध कब्जा करने वाले व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से पूरी तरह अयोग्य घोषित कर दिया गया है। पहले इस विषय पर कुछ नरमी के संकेत मिल रहे थे, लेकिन अब आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। यह फैसला पंचायत व्यवस्था को साफ-सुथरा और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

बता दें कि इस मुद्दे को लेकर 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र ने भी प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसमें अवैध कब्जाधारियों के चुनाव लड़ने पर सवाल उठाए गए थे। इसी के बाद चुनाव आयोग ने मामले का संज्ञान लेते हुए नियमों को और सख्त कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, मीडिया में उठे इस मुद्दे ने निर्णय प्रक्रिया को तेज करने में अहम भूमिका निभाई।

नए प्रावधानों के तहत यदि किसी व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्य द्वारा सरकारी, पंचायत या सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है, तो उसे चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य माना जाएगा। यह अयोग्यता कब्जा हटने के बाद भी छह वर्षों तक प्रभावी रहेगी। इतना ही नहीं, परिवार की परिभाषा में माता-पिता, पति-पत्नी, बेटे और अविवाहित बेटियों को भी शामिल किया गया है, जिससे नियमों का दायरा और व्यापक हो गया है।

इसके अलावा, एनडीपीएस मामलों, नैतिक अधर्म से जुड़े अपराधों, चुनावी भ्रष्ट आचरण, पंचायत फंड के दुरुपयोग और सरकारी सेवाओं में कार्यरत व्यक्तियों पर भी चुनाव लड़ने पर रोक लगाई गई है। आयोग का कहना है कि इन कड़े प्रावधानों से पंचायत चुनावों में स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों को बढ़ावा मिलेगा और व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।



अनंत ज्ञान में प्रकाशित खबर की क्लीपिंग।

अनंत ज्ञान

### नियमों की अनदेखी करना पड़ेगा भारी

**बहरहाल,** अब देखना यह होगा कि चुनाव आयोग की इस सख्ती का जमीनी स्तर पर कितना असर पड़ता है, लेकिन इतना तय है कि इस बार पंचायत चुनावों में नियमों की अनदेखी करना किसी भी उम्मीदवार के लिए आसान नहीं होगा।

# अधूरी ई-सर्विस बुक पर नहीं बढ़ेंगे पेंशन केस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पेंशन मामलों के निपटारे में देरी और खामियों को देखते हुए सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। वित्त विभाग ने सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि अधूरी या गलत ई-सर्विस बुक के आधार पर किसी भी कर्मचारी का पेंशन केस आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

### ◆ सरकार की सख्ती दस्तावेज पूरे न होने पर फाइलें होंगी खारिज पारदर्शिता पर जोर

सरकार ने मानव संपदा पोर्टल पर पेंशन से जुड़े सभी दस्तावेजों को सही और पूर्ण रूप से अपलोड करना अनिवार्य कर दिया है। कई मामलों में नियुक्ति तिथि, पदोन्नति, एसीपी लाभ और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज न होने से पेंशन प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। अब डिजिटल रिकॉर्ड न होने पर सर्विस बुक की स्कैन कॉपी अपलोड करना भी जरूरी होगा। वित्त विभाग ने वेतन सत्यापन प्रमाणपत्र, वर्षवार पे-फिक्सेशन शीट और ई-चालान की प्रतियां अपलोड न करने को गंभीर लापरवाही माना है। 30 सितंबर 2012 के बाद की सभी पे-फिक्सेशन शीट्स अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही, फॉर्म-7 में गैर-अर्हकारी सेवा और लंबित विभागीय या न्यायिक जांच का उल्लेख भी जरूरी होगा। सरकार ने डीडीओ को निर्देश दिए हैं कि महालेखाकार को केस भेजने से पहले सभी दस्तावेजों की पूरी जांच सुनिश्चित करें, ताकि पेंशन मामलों का समयबद्ध और त्रुटिरहित निपटारा हो सके।

# कांग्रेस ने महिलाओं के अधिकारों से किया विश्वासघात : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान




**हमीरपुर।** बेंगलुरु में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इन दलों ने 17 अप्रैल 2026 को नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित होने से रोककर महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण की प्रक्रिया को बाधित किया है।

उन्होंने दावा किया कि यह पांचवीं बार है जब विपक्षी गठबंधन ने महिला आरक्षण को रोकने का काम किया है और पहली बार कांग्रेस ने सीधे तौर पर इसके खिलाफ मतदान किया है। उन्होंने इसे महिलाओं के अधिकारों के साथ विश्वासघात बताया। परिसीमन को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को खारिज करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि दक्षिण भारत के राज्यों को नुकसान होने का दावा पूरी तरह गलत है। उनके अनुसार प्रस्तावित व्यवस्था के तहत तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की सीटों में वृद्धि होगी और किसी भी राज्य का प्रतिनिधित्व कम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा में दक्षिणी राज्यों की हिस्सेदारी घटने के बजाय बढ़ेगी, जिससे लोकतांत्रिक संतुलन और मजबूत होगा।

### ◆ नारी शक्ति वंदन अधिनियम और परिसीमन पर विपक्ष को घेरा भ्रांतियां फैलाने के लगाए आरोप

साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान और पूर्व सरकारों के बीच परिसीमन को लेकर लंबे समय तक टालमटोल होती रही है, जिसे अब सुधारने का प्रयास किया जा रहा है।

अनुराग ने कांग्रेस पर पिछले दशकों में महिला आरक्षण विधेयक को बार-बार रोकने और टालने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में समर्थन केवल शर्तों के साथ दिया गया, जिससे वास्तविक क्रियान्वयन में देरी हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि देश की महिलाएं इस रवैये को नहीं भूलेंगी और समय आने पर इसका जवाब देंगी। विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे अन्य आरोपों को भी उन्होंने निराधार बताया।

# हिमाचल बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बनी अनीता ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कांग्रेस नेता



अनीता ठाकुर को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह नियुक्ति बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के तहत की गई है। आयोग का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके हितों की निगरानी और संबंधित मामलों में सरकार को सुझाव देना है। ऐसे में अध्यक्ष पद को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जो राज्य में बाल संरक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

अनीता ठाकुर के पास संगठनात्मक अनुभव होने के चलते उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में आयोग के कार्यों में तेजी आएगी और बाल संरक्षण से जुड़े मामलों का प्रभावी निस्तारण हो सकेगा। उनका कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष या 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले होगा, निर्धारित किया गया है। माना जा रहा है कि इस नियुक्ति से राज्य में बच्चों के अधिकारों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी तथा संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

## हिमाचल में पशुपालकों को बड़ी राहत

# सीएम सुक्खू ने दूध के समर्थन मूल्य में की ऐतिहासिक बढ़ोतरी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने पशुपालकों के हितों को प्राथमिकता देते हुए दूध के समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब गाय के दूध का समर्थन मूल्य 61 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध का 71 रुपए प्रति लीटर निर्धारित किया गया है, जो प्रदेश के हजारों पशुपालकों के लिए आर्थिक संबल का कार्य करेगा।



### ◆ गाय का दूध 61 रुपए और भैंस का 71 रुपए प्रति लीटर तय

मुख्यमंत्री सुक्खू का मानना है कि हिमाचल की असली ताकत उसके गांवों और पशुपालकों में निहित है। इसी सोच के तहत यह फैसला लिया गया है, ताकि पशुपालकों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिल सके। पहले जहां दूध के दाम अपेक्षाकृत कम थे और पशुपालकों को लागत के मुकाबले सीमित लाभ मिल पाता था, वहीं अब इस बढ़ोतरी से उनकी आय में सीधा इजाफा होगा। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि युवाओं का रुझान भी पशुपालन की ओर बढ़ेगा।

सीएम सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि सरकार का उद्देश्य केवल मूल्य बढ़ाना नहीं, बल्कि पशुपालकों को सम्मान और स्थायी आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देगा और आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उनके मुताबिक सरकार भविष्य में भी ऐसी नीतियां लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे किसानों और पशुपालकों दोनों का जीवन स्तर बेहतर हो सके और गांवों की समृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

# कंगना के बयान पर सियासी घमासान मंत्री राजेश धर्माणी ने जताई आपत्ति

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा सांसद कंगना रनौत के हालिया बयान को लेकर प्रदेश की राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। मंत्री राजेश धर्माणी ने मीडिया से बातचीत में उनके उस दावे को तथ्यहीन बताया, जिसमें कहा गया था कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा में केवल एक महिला विधायक है।

### ◆ विधानसभा में महिला प्रतिनिधित्व पर दिए बयान को बताया तथ्यहीन, कांग्रेस भाजपा में बयानबाजी तेज

धर्माणी ने स्पष्ट किया कि विधानसभा में वर्तमान में तीन महिला विधायक मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि किसी जनप्रतिनिधि द्वारा इस प्रकार की गलत या अधूरी जानकारी देना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे जनता के बीच भ्रम फैलता है।

मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि कंगना रनौत को अपनी ही पार्टी की एक महिला विधायक ही दिखाई दे रही हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कांग्रेस की विधायक कमलेश ठाकुर पहले ही इस विषय पर स्थिति स्पष्ट कर चुकी हैं।

धर्माणी ने आगे कहा कि महिलाओं का योगदान समाज और राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि महिला नेतृत्व को सही सम्मान मिले, न कि गलत तथ्यों के आधार पर उनकी स्थिति को कमजोर दिखाया जाए। इस बयान के बाद प्रदेश में सियासी विवाद और तेज हो गया है तथा कांग्रेस-भाजपा के बीच बयानबाजी बढ़ती जा रही है।

# हिमाचल में पेट्रोल-डीजल पर सेस बढ़ाने की तैयारी शुरू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का रास्ता लगभग साफ हो गया है। राज्य सरकार को अब दोनों ईंधनों पर अधिकतम पांच रुपए प्रति लीटर तक सेस लगाने का अधिकार मिल गया है। विधि विभाग की ओर से राजपत्र अधिसूचना जारी होने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार जरूरत पड़ने पर कभी भी इस सेस को लागू कर सकती है। हालांकि, अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि सेस की सटीक दरें अलग से तय की जाएंगी, जिससे आम उपभोक्ताओं पर अनावश्यक बोझ न पड़े।

सरकार के इस कदम के पीछे सामाजिक कल्याण की मंशा बताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, सेस से जुटाई जाने वाली राशि विधवा और अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए बनाई गई विशेष निधि में जमा की जाएगी। इससे कमजोर वर्गों के लिए योजनाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। सरकार का कहना है कि यह निर्णय संवेदनशील वर्गों को आर्थिक सहारा देने के उद्देश्य से लिया गया है।

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान यह विधेयक पारित हुआ था, जिस पर विपक्ष ने कड़ा विरोध दर्ज कराया था। उस समय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया था कि सरकार फिलहाल केवल सेस लगाने का अधिकार ले रही है और वास्तविक दरों का निर्धारण बाद में किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि सरकार चाहे तो सेस न लगाने का विकल्प भी खुला रखेगी, लेकिन अब अधिसूचना जारी होने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो गई है।

आने वाले समय में यह देखना अहम होगा कि सरकार सेस की दर कितनी तय करती है और इसे कब से लागू किया जाता है। यदि अधिकतम सीमा तक सेस लगाया जाता है तो राज्य में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में सीधा असर देखने को मिलेगा, जिससे महंगाई पर भी दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में आम लोगों की नजर अब सरकार के अगले फैसले पर टिकी हुई है।

# महिलाओं को सशक्त बनाने में कांग्रेस ने की 50 साल की देरी : डॉ. जितेंद्र

अनंत ज्ञान


पत्रकार वार्ता को संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह।

**ब्यूरो, शिमला।** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और नरेंद्र मोदी के विजन से जोड़ते हुए इसे महिलाओं को सशक्त बनाने की ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से केंद्र सरकार ने महिला, युवा, किसान और गरीब को विकास के केंद्र में रखा है, जिससे महिलाओं की भूमिका लाभार्थी से आगे बढ़कर नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित हुई है।

उन्होंने स्वच्छता अभियान और उज्ज्वला जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे महिलाओं के स्वास्थ्य, गरिमा और जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर महिला आरक्षण को लेकर बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्षों तक इस मुद्दे पर बात करने के बावजूद कांग्रेस इसे लागू नहीं कर सकी, जबकि वर्तमान सरकार ने इसे आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

इस अवसर पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं को लंबे समय तक केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि संसद में बिल के विरोध से विपक्ष की मानसिकता उजागर हुई है।

# बेटे-बहू ने बुजुर्ग पिता पर किया हमला, गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की लडभड़ोल तहसील की कोलंग पंचायत के डगू गांव में एक बुजुर्ग पर उनके ही बेटे और बहू द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में 63 वर्षीय प्रेम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित के अनुसार, उनके बेटे ने लव मैरिज की है और बहू पहले से शादीशुदा है। घटना उस समय हुई जब उन्होंने दोनों को घर का ताला तोड़ते हुए देखा और इसका विरोध किया। इस पर आरोपी भड़क गए और बुजुर्ग के सिर पर पीछे से किसी भारी वस्तु से वार कर दिया। गिरने के बाद दराट और डंडों से उनकी पिटाई की गई। शोर सुनकर पड़ोसियों के आने की आहट मिलते ही दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

घायल अवस्था में प्रेम सिंह को 108 एंबुलेंस के माध्यम से लडभड़ोल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। रविवार की छुट्टी होने के कारण नर्स द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जोगिंद्रनगर अस्पताल रेफर कर दिया गया। लडभड़ोल पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़ित के बयान ले लिए हैं और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सुधार — डिजिटल मंच पर जुड़े लाखों नागरिक, एकीकृत आंकड़ा प्रणाली से प्रशासन हुआ सशक्त

# प्रदेश में हिम परिवार पहल से बदला सुशासन का स्वरूप

### ◆ लाखों परिवारों का बना डिजिटल सामाजिक रजिस्टर

### ◆ एसएसओ प्लेटफार्म से सेवाओं तक पहुंच हुई आसान

### ◆ अपात्र लाभार्थियों की पहचान से करोड़ों की बचत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में राज्य सरकार की हिम परिवार पहल सुशासन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के रूप में उभर कर सामने आई है। यह पहल डिजिटल युग में प्रशासन को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और प्रभावी बनाने की दिशा में एक ठोस कदम साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में शुरू की गई इस योजना के तहत बिखरी हुई सूचनाओं को एकीकृत कर एक मजबूत डेटा आधारित शासन प्रणाली विकसित की गई है, जिससे आम नागरिकों को सीधे लाभ मिल रहा है।

जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में शुरू की गई इस पहल के अंतर्गत प्रदेश के 19.25 लाख से अधिक परिवारों और करीब 75.92 लाख नागरिकों को एक ही डिजिटल मंच से जोड़ा गया है। यह राज्य सामाजिक रजिस्टर अब नीति निर्माण और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एक भरोसेमंद आधार बन चुका है। इससे सरकार को सटीक आंकड़ों के आधार पर निर्णय लेने में मदद मिल रही है, जिससे योजनाओं की प्रभावशीलता भी बढ़ी है।

इस व्यवस्था का मुख्य आधार हिम एक्सेस एकल साइन-ऑन प्रणाली है, जिसके माध्यम से नागरिकों और सरकारी कर्मचारियों को विभिन्न सेवाओं तक एक ही लॉगिन से पहुंच मिल रही है। जानकारी के अनुसार इस प्लेटफार्म से अब तक 7.2 लाख से अधिक उपयोगकर्ता और लगभग 46 हजार सरकारी कर्मचारी जुड़ चुके हैं। इससे न केवल समय की बचत हो रही है बल्कि सेवा वितरण प्रणाली भी अधिक सुगम और पारदर्शी बनी है।

हिम परिवार के तहत प्रत्येक परिवार और सदस्य को एक विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान की गई है, जिससे लाभार्थियों की सही पहचान और पात्रता का सत्यापन आसान हुआ है।

### डेटा आधारित निर्णय प्रणाली से शासन को मिली नई दिशा

**मोबाइल** आधारित सर्वेक्षण और वास्तविक समय डेटा अपडेट के माध्यम से आंकड़ों को लगातार सटीक बनाया जा रहा है। इसी प्रक्रिया में हजारों अपात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से हटाया गया है, जिससे राज्य को हर महीने लगभग पांच करोड़ रुपए की बचत हो रही है। विभिन्न विभागों के आंकड़ों के एकीकरण से यह पहल और अधिक मजबूत हुई है, जिसमें बिजली कनेक्शन, भूमि अभिलेख और शहरी परिवारों का डेटा शामिल किया गया है। इसके साथ ही इसे जन्म-मृत्यु पंजीकरण और अन्य डिजिटल सेवाओं से भी जोड़ा गया है, जिससे पात्र लाभार्थियों की स्वतः पहचान संभव हो रही है।



# शाहपुर में एंटी चिट्टा वॉकथॉन को लेकर रणनीति तैयार, जल्द होगा आयोजन : पठानिया

## उपमुख्य सचेतक बोले- नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति, जनभागीदारी पर रहेगा विशेष जोर

अनंत ज्ञान



शाहपुर में एंटी चिट्टा वॉकथॉन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते पठानिया। अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर के लोक निर्माण विश्राम गृह में एंटी चिट्टा वॉकथॉन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न विशेष रूप से उपस्थित रहे। पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पूरे राज्य में चिट्टा के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है और इसमें संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान की सफलता के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। लोगों को स्वेच्छा से इस मुहिम से जोड़ा जाए, किसी पर दबाव न बनाया जाए। विधायक ने पुलिस विभाग को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं को नशे की इस कुरीति से बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों से प्रार्थना सभाओं में नशा विरोधी जागरुकता फैलाने की अपील की। उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही शाहपुर में एंटी चिट्टा वॉकथन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले आयोजित वॉकथॉन में करीब 10 हजार लोग शामिल हुए थे। पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न ने कहा कि चिट्टा के प्रति जागरुकता बेहद आवश्यक है और इसके दुरुपयोग के बारे में लोगों को जानकारी देना जरूरी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आवश्यकता पड़ने पर वे स्वयं शैक्षणिक संस्थानों में जाकर जागरुकता कार्यक्रम में। शामिल होंगे। इस अवसर पर एसडीएम गणेश ठाकुर, बीएमओ शाहपुर डॉ. कविता ठाकुर, बीडीओ रैत कमलजीत, शाहपुर कॉलेज के डॉ. सतीश, नगर पंचायत शाहपुर के सचिव आदि उपस्थित रहे।

## धर्मशाला में बने प्रदेश के पहले अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में बने प्रदेश के पहले अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट ने कार्य करना शुरू कर दिया है। हालांकि,पहले इस सुविधा के लिए प्रति टैंकर रेट अधिक था, लेकिन नगर निगम ने हाउस में निर्णय लेकर प्रति टैंकर रेट एक हजार रुपए तय किया है। कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने कहा कि निजी स्तर पर लोगों को सेप्टिक टैंक खाली करवाने की एवज में से 4 से 5 हजार ग्रुपए देने पड़ते हैं, लेकिन नगर निगम धर्मशाला ने एक हजार रुपए प्रति टैंकर रेट रखा है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम ने जल शक्ति विभाग को टैंकर के लिए बजट का प्रावधान किया और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया गया, जिसमें नगर निगम और स्मार्ट सिटी का पैसा लगा है। अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में टैंकर खाली करवाने की सुविधा शहरवासी एक हजार रुपये में प्राप्त कर रहे हैं।

# भगवान परशुराम जयंती पर निकाली शोभायात्रा



शोभायात्रा में भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ में ब्राह्मण सभा बैजनाथ की ओर से भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ बैजनाथ सरकारी आईटीआई से हुआ, जो मुख्य बाजार से गुजरती हुई चामुंडा हाल बैजनाथ तक पहुंची। इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लेकर भगवान परशुराम के प्रति अपनी गहरी आस्था और श्रद्धा प्रकट की। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। शोभायात्रा के दौरान लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन चामुंडा हाल में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# ओबीसी यूथ में कम्युनिकेशन स्किल की कमी होगी दूर

## चौधरी फाउंडेशन दिलवाएगी एक्सपर्ट्स से फ्री कोचिंग : विट्ठल साकड़ा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** कम्युनिकेशन स्किल के अभाव में अब ओबीसी युवाओं को नौकरी से वंचित नहीं रहना पड़ेगा। चौधरी फाउंडेशन बिरादरी के युवाओं को एक्सपर्ट्स से फ्री कोचिंग दिलाएगी। इसके अलावा अन्य युवा भी फाउंडेशन से फ्री कोचिंग के लिए संपर्क कर सकते हैं। यही नहीं चौधरी समुदाय के बच्चों को उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण के लिए 93वें संविधान संशोधन को प्रदेश में लागू करवाने के लिए भी फाउंडेशन कार्य करेगी।

यह बात चौधरी फाउंडेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष विट्ठल साकड़ा ने विशेष बातचीत में कही। विट्ठल साकड़ा ने कहा कि कई युवा कम्युनिकेशन स्किल के अभाव में मेट्रो सिटीस में इंटरव्यू में पिछड़ जाते थे। कुछ युवाओं के माध्यम से यह विषय फाउंडेशन के समक्ष लाया गया, जिस पर फाउंडेशन ने

### ◆ 93वें संविधान संशोधन को लागू करवाने की आवाज भी होगी बुलंद

ऐसे युवाओं को कम्युनिकेशल स्किल में निपुण करने और इंटरव्यू के लिए तैयार करने के लिए एक्सपर्ट से फ्री कोचिंग दिलाने का निर्णय लिया था। यह कार्य पहले भी किया जा रहा था, अब इसे और रफ्तार दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ओबीसी समुदाय के युवाओं के अतिरिक्त दूसरे युवा भी फ्री कोचिंग के लिए फाउंडेशन से संपर्क कर सकते हैं। समुदाय के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें इंटरव्यू के लिए तैयार करने के साथ उनका कम्युनिकेशन स्किल बेहतर बनाने का बीड़ा फाउंडेशन ने उठाया है। 93वें संविधान संशोधन को प्रदेश में लागू करवाने पर विट्ठल ने कहा कि पहले से भी बिरादरी के लोग इसके लिए संघर्षशील हैं, फाउंडेशन भी उनका सहयोग करेगी और इस दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कह कि देश के अन्य राज्यों में 93वें संविधान संशोधन को लागू कर दिया गया है, जबकि हिमाचल में अभी तक इसे लागू न करके ओबीसी के बच्चों को उच्च शिक्षण संस्थानों में आरक्षण से वंचित रखा जा रहा है। बिरादरी के बुद्धिजीवी वर्ग से विचार-विमर्श करके इस दिशा में भी फाउंडेशन कार्य करेगी और बिरादरी के बच्चों को उनका हक दिलाएगी।

# विपक्षी दलों की सोच महिला विरोधी: चक्षु



**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला।** लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक-2026 के पारित न हो पाने पर सियासी घमासान तेज हो गया है। प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए इस घटना को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय करार दिया है। रविवार को जारी प्रेस बयान में विश्व चक्षु ने कहा कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर विधेयक का रुक जाना देश की 'नारी शक्ति' के साथ सीधा विश्वासघात है। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे महिला सशक्तिकरण की बात तो करते हैं, लेकिन व्यवहार में उनकी सोच महिला विरोधी ही नजर आती है। उन्होंने विशेष रूप से कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टी महिलाओं के अधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करती है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में उन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने में विफल रही है। उनके अनुसार, यह दोहरा रवैया जनता के सामने उजागर हो चुका है। चक्षु ने तृणमूल कांग्रेस, डीएमके और समाजवादी पार्टी जैसे दलों पर भी आरोप लगाए कि इन पार्टियों ने मिलकर इस विधेयक को पारित नहीं होने दिया। उनका कहना है कि इससे न केवल एक अहम कानून अटका, बल्कि करोड़ों महिलाओं की उम्मीदों को भी झटका लगा है। विश्व चक्षु ने कहा कि देश की महिलाएं इस मुद्दे को भूलेगी नहीं और आने वाले चुनावों खासकर लोकसभा चुनाव 2029 में इसका जवाब जरूर देंगी।

# बैजनाथ में ब्राह्मण कुमारों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम के समापन पर कांगड़ी धाम का ग्रहण किया प्रसाद। अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** बैजनाथ में ब्राह्मण कल्याण परिषद् द्वारा परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर 11 ब्राह्मण कुमारों का यज्ञोपवीत संस्कार दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विधिवत संपन्न हुआ। यह आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-यज्ञ और पारंपरिक विधि-विधानों के साथ श्रद्धा और गरिमा के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन संध्या सत्र में बिनवा पब्लिक स्कूल बैजनाथ की चेयरमैन रेनू शर्मा और उनके पुत्र सात्विक शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सनातन संस्कृति के संरक्षण और नई पीढ़ी को सुसंस्कारित बनाने पर बल दिया। द्वितीय दिवस प्रात:काल कर्णभेदन एवं अन्य पारंपरिक विधियों के बाद यज्ञोपवीत संस्कार पूर्ण किया गया। इस अवसर पर संकल्प गौतम ने कहा कि यज्ञोपवीत संस्कार बालक के जीवन में अनुशासन, ज्ञान और कर्तव्यबोध की औपचारिक शुरुआत है। कार्यक्रम में ब्राह्मण कल्याण परिषद् के अध्यक्ष प्रीतम भारती सहित कई पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर परिषद् के उपप्रधान अनिल व्यास, सचिव चमन शर्मा, प्रेस सचिव अनुज आचार्य, कोषाध्यक्ष धर्मपाल शर्मा, सुप्रसिद्ध गायक धीरज शर्मा, पत्रकार सुधीर शर्मा, राकेश डोगरा, संदीप भारती, मुकेश शर्मा, सुरेश शर्मा फुंगरी, रमेश उपाध्याय, पंडित गौरव शर्मा, पंकज शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी, समाज के गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ब्राह्मण समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने पारंपरिक कांगड़ी धाम का प्रसाद ग्रहण किया और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# नियमित जांच व उचित दिनचर्या सेहत की कुंजी : संजय

## ज्वालाजी में आयोजित निशुल्क मेडिकल शिविर में 250 मरीजों ने लिया लाभ



ज्वालाजी में आयोजित निशुल्क मेडिकल कैंप में जांच के बाद मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** किशोरी लाल बंसल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से रविवार को बंसल सराय, ओल्ड मंदिर मार्ग, ज्वालाजी में आयोजित नि:शुल्क मेडिकल शिविर में करीब 250 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

कार्यक्रम में एमएलए संजय रत्न मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में हृदय रोग, मूत्र रोग, स्त्री रोग, फेफड़ा रोग, नेत्र रोग, बाल रोग, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी और फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों को मौके पर ही आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गईं। ट्रस्ट के प्रतिनिधि रजिंदर पाल बंसल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकें। एमएलए संजय रतन ने ट्रस्ट की इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं और लोगों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## कुड़ना के बाबा भरथरी मंदिर में भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** रक्कड़ की कुडना पंचायत की सीमा पर स्थित गलुआ सिद्ध बाबा भरथरी मंदिर में रविवार को श्रद्धा और आस्था के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और बाबा को भोग लगाने के साथ हुई। इस आयोजन का मुख्य प्रबंध कुडना निवासी संजीव ठाकुर उर्फ बबलू और विपन कुमार द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी सेवा भावना के साथ प्रसाद वितरण एवं व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। देर शाम तक श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी रहा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा।

# नूरपुर पुलिस ने 3 .26 ग्राम चिट्टे के साथ युवक किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस जिला नूरपुर ने नशे के खिलाफ जारी अपने अभियान में कारवाई करते हुए एक चिट्टा तस्कर को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस थाना फतेहपुर के टीम जब गश्त पर थी तो नाकाबंदी के दौरान अपर बरोट में एक व्यक्ति से 3.26 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

आरोपी की पहचान 28 वर्षीय साहिल उर्फ गज्जो निवासी वार्ड नंबर 4 बरोट, तहसील फतेहपुर के रूप में हुई है। पुलिस थाना पुतेहपुर में आरोपी को बीएनएसएसए की धारा 35(3) के तहत नोटिस दिया गया है। मामले में आगामी जांच जारी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उन्होंने कहा कि नूरपुर पुलिस नशा तस्करी के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आमजन से सहयोग की अपील की।

# नशा तस्कर तीन माह के लिए नजरबंद, तीन मामले हैं दर्ज

## पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक बड़े आरोपी को निवारक हिरासत में भेजा है। आरोपी मुकेश कुमार उर्फ लड्डू (27) वर्ष निवासी गांव चकवन राख, तहसील शाहपुर को पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन माह के लिए जिला कारागार कांगड़ा (धर्मशाला) में नजरबंद किया गया है।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े तीन मामले दर्ज हैं। ये मामले पठानकोट के डिवीजन नंबर-दो थाना, नूरपुर थाना तथा शाहपुर थाना में दर्ज हैं, जिनमें उसके कब्जे से चिट्टा/हेरोइन बरामद हुई थी।

### ◆ जमानत के बाद भी आरोपी की अवैध गतिविधियां जारी रही


पुलिस विभाग की मानें तो बार-बार गिरफ्तारी और जमानत मिलने के बावजूद आरोपी अपनी अवैध गतिविधियों से बाज नहीं आ रहा था।

खुफिया रिपोर्टों में भी यह सामने आया कि वह क्षेत्र में नशीले पदार्थों की आपूर्ति और वितरण में सक्रिय था, जिससे खासकर युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा था और कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इन परिस्थितियों को देखते हुए जिला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस एक्ट, 1988 के तहत निवारक हिरासत का प्रस्ताव तैयार कर सक्षम प्राधिकारी को भेजा। इसके बाद धारा 3(1) के तहत आदेश जारी करते हुए आरोपी को तीन माह के लिए हिरासत में रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस थाना शाहपुर ने रविवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार जिला कारागार कांगड़ा स्थित धर्मशाला भेज दिया है।

उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि लगातार नशे में संलिप्त आरोपी को तीन माह के लिए नजरबंद किया गया है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करी के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है, और भविष्य में भी इस तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# लॉरिएट ग्लोबल स्कूल कथोग का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान




**ज्वालामुखी।** लॉरिएट ग्लोबल स्कूल कथोग ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं की सीबीएसई परीक्षा में 100 फीसदी परिणाम हासिल कर क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। होनहार विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं, जिनमें 94.8 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान दिव्यांश धीमान, 94.6 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय स्थान वारुणी शर्मा, 94.4 फीसदी अंकों के साथ तृतीय स्थान मुवीन ने हासिल किया।

इसके अलावा 10 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर मैनेजिंग डायरेक्टर रण सिंह, कैंपस हेड एमएस आशावत एवं प्रिंसिपल डॉ. अंकिता शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

# संतों की विरासत को सहेजना समय की जरूरत : उपेंद्र

अनंत ज्ञान



बाबा नकोदर दास पर लिखी पुस्तक का लोकार्पण किया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मसाल महंता में रविवार का दिन आध्यात्मिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत रहा, जब बाबा नकोदर दास जी के जीवन और उनके तप, त्याग तथा सामाजिक सेवा पर आधारित पुस्तक 'आध्यात्मिक चेतना की अमर यात्रा' का विधिवत विमोचन वर्तमान महंत उपेंद्र पराशर द्वारा किया गया। सादगीपूर्ण व गरिमामयी वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्यों, श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और साहित्य प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

विमोचन के अवसर पर महंत उपेंद्र पराशर ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा नकोदर दास जी का जीवन एक प्रेरणास्रोत रहा है, जिन्होंने अपने तप, अनुशासन और सेवा भाव से समाज को दिशा देने का कार्य किया।

महंत उपेंद्र ने पुस्तक के निर्देशक व प्रकाशक मैथिलीशरण का इस पुनीत कार्य के लिए आभार जताते हुए कहा कि पुस्तक के लिए विषय और साक्ष्य जुटाने में उनके प्रयास उल्लेखनीय रहे। उन्होंने इस पुस्तक को आने वाली पीढ़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेज बताते हुए कहा कि आज के तेजी से बदलते दौर में जब लोग अपनी जड़ों से कटते जा रहे हैं, ऐसे में इस प्रकार की पुस्तकें उन्हें अपनी परंपराओं, मूल्यों और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का कार्य करेंगी। उन्होंने लेखक नीरज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि किसी संत के जीवन को शब्दों में पिरोना एक साधना के समान होता है, जिसके लिए समर्पण और गहन अध्ययन की आवश्यकता होती है।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा नकोदर दास जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। पंडित हरिकिशन ने बताया कि बाबा नकोदर दास जी ने समाज में सद्भाव, भाईचारे और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए जो कार्य किए, वे आज भी लोगों के लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि इस प्रकार की कृतियां समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य भी करती हैं।

पुस्तक के माध्यम से बाबा जी के जीवन से जुड़े प्रसंग, उनकी शिक्षाएं और उनके की ओर से किए गए कार्यों का विस्तृत वर्णन नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा। समारोह में पंडित जगन्नाथ, नरेंद्र डढवाल, हरिकिशन, अशोक कुमार, मनवीर सिंह, पवन कुमार, प्रवीण, दलवीर सिंह, यशपाल शर्मा और राजेंद्र शर्मा भी उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति का विरोध कर कांग्रेस ने दिखाया असली चेहरा : परमार

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करना देश की आधी आबादी का अपमान है। यह स्पष्ट करता है कि महिला सशक्तिकरण को लेकर विपक्ष की सोच कितनी संकीर्ण और विरोधाभासी है। आज पूरे देश के सामने उन लोगों का असली चेहरा बेनकाब हो चुका है, जो केवल राजनीति के लिए महिलाओं के अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन जब उन्हें वास्तविक अधिकार देने की बात आती है तो वे पीछे हट जाते हैं।

कांग्रेस की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह देश की करोड़ों माताओं-बहनों के सम्मान के खिलाफ सीधा प्रहार है। देश की जागरूक जनता इस दोहरे चरित्र का करारा जवाब देगी। भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके महान विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। परमार ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित रहा है। उनका सपना एक ऐसे भारत का था, जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान मिले और भारतीय जनता पार्टी उसी संकल्प को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस वास्तव में डॉ. अंबेडकर के विचारों का सम्मान करती, तो वह कभी भी महिलाओं को सशक्त बनाने वाले इस ऐतिहासिक अधिनियम का विरोध नहीं करती। परमार ने कहा कि देश की जनता अब जागरूक हो चुकी है और वह ऐसे दलों को सबक सिखाने के लिए तैयार है, जो महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के साथ खिलवाड़ करते हैं। जनता अपने वोट के माध्यम से कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

# धर्मशाला में होंगे पंचकर्मा के स्पेशल वार्ड

## चार मंजिला आयुष अस्पताल में प्राइवेट वार्ड भी होंगे, साढ़े 12 करोड़ से बन रहा भवन

◆ आयुष अस्पताल में उपलब्ध होगी 50 बेड की सुविधा

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में मरीजों को पंचकर्मा के स्पेशल वार्ड सहित प्राइवेट वार्ड की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

धर्मशाला स्थित आयुष अस्पताल के सामने साढ़े बारह करोड़ की लागत से चार मंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस भवन के बनने के साथ ही आयुष अस्पताल में मरीजों के लिए 50 बेड की सुविधा उपलब्ध होगी।

नए भवन में डेडीकेटेड आयुष अस्पताल का संचालन होगा, जिसका कार्य शुरू हो चुका है। नए भवन का निर्माण नेशनल आयुष मिशन के तहत प्रायोजित है तथा आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश इसे क्रियान्वित कर रहा है। इस संबंध में निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को 5 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है।



### नए भवन में होंगे तीस बेड

**करीब** साढ़े बारह करोड़ की लागत से बन रहे आयुष अस्पताल के निर्मित होने से धर्मशाला में आयुष चिकित्सालय में 50 बिस्तरों की सुविधा उपलब्ध होगी। वर्तमान में चिकित्सालय के पुराने भवन में 20 बिस्तरों की व्यवस्था है, जबकि नए बनने वाले भवन में 30 बिस्तरों की सुविधा होगी।



**धर्मशाला** आयुष अस्पताल के सामने साढ़े 12 करोड़ रुपए की लागत से डेडीकेटेड आयुष अस्पताल का कार्य शुरू हो चुका है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को पांच करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। नए भवन में स्पेशल पंचकर्मा वार्ड, प्राइवेट वार्ड व अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नए भवन के निर्माण से अस्पताल में 50 बेड की सुविधा उपलब्ध होगी।

-डॉ. बृज नंदन शर्मा, जिला आयुष अधिकारी जिला कांगड़ा।

### योग हॉल में योग सीख पाएंगे शहरवासी

**नए** भवन में एमएस ऑफिस, प्राइवेट वार्ड भी होंगे। इसके अतिरिक्त इंडोर की प्रॉपर सुविधा होगी। पंचकर्मा के स्पेशल वार्ड होंगे। योगा हाल होगा, जिसमें सर्वोदय योगा कार्यक्रम के तहत आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक शहरवासियों को योग सिखाएंगे।

# नगर निगम पालमपुर को कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के दलदल में धकेला : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** त्रिलोक कपूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाया गया महिला आरक्षण विधेयक देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर अपनी महिला-विरोधी सोच उजागर की है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य के लिए महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। कपूर ने पालमपुर के विकास को लेकर कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा सरकार ने नगर निगम का दर्जा दिलाकर विकास की दिशा तय की, जबकि कांग्रेस ने दुष्प्रचार किया और वादों को पूरा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सीवरेज व्यवस्था के लिए केंद्र से मिले 127 करोड़ रुपए के बावजूद कांग्रेस सरकार ने कार्य में देरी की। अब चुनाव नजदीक आते ही जल्दबाजी में काम शुरू कर जनता को भ्रमित किया जा रहा है। भाजपा एक व्यापक मास्टर प्लान के साथ चुनाव में उतरेगी, जिसमें अंडरपास, फ्लाईओवर, पार्क और आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से पालमपुर का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

# टैक्सी चालक पर जानलेवा हमला; मृत समझकर जंगल में फेंका, दो आरोपी काबू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक टैक्सी चालक पर जानलेवा हमला कर उसे जंगल में मृत समझकर छोड़ दिया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से चालक की जान बच गई और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस थाना मझीण में रविवार को पड़ेला गांव निवासी प्रताप सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनके बड़े भाई मेहर सिंह, जो पेशे से टैक्सी चालक हैं, 17 अप्रैल को टैक्सी लेकर घर से निकले थे, लेकिन दो दिन तक वापस नहीं लौटे। शिकायत मिलते ही पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि 17 अप्रैल को दोपहर करीब 1:30 बजे दो युवकों ने टैक्सी चालक को गगरेट के लिए किराए पर लिया था। आरोपियों की पहचान अमित कौशल (23) और सुरेश कुमार (19) के रूप में हुई है, जो टिहरी क्षेत्र के निवासी हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि कालोहा के पास किसी बात को लेकर आरोपियों और चालक के बीच विवाद हो गया। इसके बाद आरोपियों ने चालक को सुनसान रास्ते की ओर ले जाकर चाकू से हमला किया और रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। चालक को मृत समझकर आरोपी उसे जंगल में फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर 19 अप्रैल को चालक को जंगल से गंभीर हालत में बरामद किया गया। घायल चालक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज, टांडा रेफर किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने पुष्टि करते हुए बताया कि साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



पुलिस टीम के साथ दोनों आरोपी। अनंत ज्ञान

# सभी बीडीजीआईसी केंद्रों पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध, स्कूलों को शीघ्र प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अवगत कराया कि बोर्ड की ओर से निर्धारित सभी बुक डिस्ट्रीब्यूशन कम गाइडलाइन एंड इन्फोर्मेशन सेंटर (बीडीजीआईसी) केंद्रों पर पाठ्य पुस्तकों की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समय पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना बोर्ड की प्राथमिकता है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियां निर्बाध रूप से संचालित हो सकें।

डॉ. शर्मा ने सभी सरकारी एवं बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने नजदीकी बीडीजीआईसी केंद्रों से आवश्यकतानुसार पाठ्य पुस्तकों की प्राप्ति शीघ्र सुनिश्चित करें। विद्यालयों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप ही पुस्तकों की मांग सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की कमी या असंतुलन की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि सभी संस्थान इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। बोर्ड द्वारा इस प्रक्रिया की सतत निगरानी की जा रही है तथा समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# धर्मशाला में कांग्रेस को झटका, 50 परिवार भाजपा में शामिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के तहत टीका बणी में 50 परिवारों ने कांग्रेस को अलविदा कहकर भाजपा का दामन थाम लिया। टीका बणी के 50 परिवारों ने विधायक सुधीर शर्मा के रक्कड़ ऑफिस पहुंचकर भाजपा का दामन थाम लिया। इन सभी परिवारों में युवाओं की संख्या काफी ज्यादा रही। सभी एक स्वर में कहा कि धर्मशाला में कांग्रेस में आम कार्यकर्ता की कोई पूछ नहीं है।

इस पर सुधीर शर्मा ने कहा कि नए लोगों का भाजपा परिवार में स्वागत है। आज दुनियाभर में लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बजता है। कांग्रेस की नीतियों से तंग आकर लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में व्यवस्था परिवर्तन का नाम देकर व्यवस्था का पतन कांग्रेस सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने धर्मशाला के सारे प्रोजेक्टों को रोका है। जनता एक बार सबक दे चुकी है। आगामी चुनावों में फिर कांग्रेस को सबक मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आमजन से लेकर कर्मचारी तक को तंग किया है। यही कारण है कि लगातार लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। सुधीर शर्मा ने पूरे विधानसभा हलके की जनता से आग्रह किया है कि आने वाले चुनावों में ईमानदार और मेहनती लोगों को चुनें। समाज में नफरत फैलाने वाले लोगों को सबक सिखाएं।



भाजपा में शामिल होने वाले लोगों का सुधीर शर्मा ने किया स्वागत।

### ये हुए भाजपा में शामिल

**भानु** अध्यक्ष जिला युवा वाल्मीकि सभा कांगड़ा, परमजीत सिंह मुख्य प्रभारी अखिल भारतीय बाल्मीकि सभा, दीपक अटवाल, रजत भाटिया, निकिता, सिमरन, काजल, आदर्श, अभय, प्रशांत, अभिषेक जैन, राहुल, विनायक, अंशुल, आयुष, कार्तिक, दिनेश कुमार, महोबत सिंह, जतिन भाटिया, रिश्व भाटिया, सिंधु चौधरी, शुभम, हरजीत सिंह, सुखविंद्र सिंह बबलू, कुलदीप सिंह, एडी, मनजोत, अमन, दिनेश कुमार, सनी, जस्सी, पीयूष, गुरनूर, विशाल, मास्टर रमेश, अभिषेक भाटिया, निशांत, प्रियांश, शरद बांबा, सूरज छेत्री, शिवम, दीपक, मनोज भाटिया, रोहित छेत्री, राहुल कनोरिया, सुशील जैन, अजय व राजकुमार सहित उनके परिवार जनों ने भाजपा का दामन थामा। इसके अलावा आने वाले समय मे कई और लोग कांग्रेस को छोड़ सकते हैं।

### सभी को मिलेगा सम्मान : सुधीर

**विधायक** सुधीर शर्मा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद का फल है कि आज सारी दुनिया में भाजपा का डंका है। नए लोगों का धर्मशाला भाजपा में स्वागत है, सभी को सम्मान दिया जाएगा। कांग्रेस में ईमानदार लोगों को व्यवस्था पतन के नाम पर तंग किया जाता है।

# प्रदेश का सबसे बड़ा 180 करोड़ रुपए का टेंडर नगरोटा बगवां में लगाया गया : बाली

## मस्सल में वरिष्ठ नागरिकों के साथ किया हेलिपैड के कार्य का शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** नगरोटा विधानसभा क्षेत्र का डंका आज पूरे हिमाचल प्रदेश में बज रहा है। यह बात हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली ने ओबीसी भवन नगरोटा में बाल विकास परियोजना विभाग के कार्यक्रम में मुख्यअतिथि बनकर पहुंचने पर कहे। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से संवाद भी किया।

उन्होंने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत 1.60 करोड़ रुपए के चेक लोगों को बांटे गए हैं, जो कि मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लिए दिए गए हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में 40 लाख रुपए के चेक लोगों को बांटे। उन्होंने बाल विकास परियोजना कार्यालय नगरोटा की समस्त टीम की प्रशंसा की, जिन्होंने इस कार्य को पूरी तत्परता से किया। उन्होंने कहा कि नगरोटा और बड़ोह में दो स्कूल सीबीएसई किए गए हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज मस्सल में कंप्यूटर साइंस की कक्षाएं शुरू हुई हैं। टांडा मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि नगरोटा में हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा टेंडर 180 करोड़ रुपए का लगाया गया है, जिससे देश का सबसे बड़ा फाउंटेन और हिमाचल का सबसे बड़ा वेडिंग डेस्टिनेशन नगरोटा में बनाया जाएगा। इसके बनने से नगरोटा शिक्षा के साथ-साथ पर्यटन हब के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने नगरोटा के मस्सल में आधुनिक हेलिपैड बनाने के कार्य का शिलान्यास पंचायत के वरिष्ठ नागरिकों से मिलकर किया। उन्होंने कहा इस हेलिपैड का निर्माण 75 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा जो नगरोटा के विकास को और गति देगा।



कार्यक्रम में लोगों को 40 लाख रुपए के चेक बांटे। अनंत ज्ञान

# हर घर तक पहुंचाई जाएगी सहकारिता की ताकत : विक्रम

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** लोनिवि विश्राम गृह परागपुर में रविवार को हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट फेडरेशन लिमिटेड (हिमकोफेड) के नवनियुक्त चेयरमैन विक्रम शर्मा डिक्की ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने का बड़ा संकल्प दोहराया है।

उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य सहकारिता की भावना को हिमाचल की हर पंचायत और हर घर तक पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण विकास को एक नई दिशा मिल सके। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने जमीनी स्तर पर बदलाव लाने के लिए प्रदेश की प्रत्येक पंचायत में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, दुग्ध समितियों और मत्स्य समितियों के गठन की प्रक्रिया शुरू करने के कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। उनका मानना है कि जब तक गांव का आम आदमी इन समितियों से नहीं जुड़ेगा तब तक सहकारिता का वास्तविक उद्देश्य पूरा नहीं होगा। संस्थान को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चेयरमैन ने प्रिंटिंग प्रेस के नवीनीकरण और नालदेहरा में करीब 4 बीघा भूमि पर हिमकोफेड के नए भव्य भवन निर्माण की योजना भी साझा की है। इस नए परिसर में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जाएगाद्व जिससे सहकारी समितियों के सदस्यों को आधुनिक कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा सके। डिक्की ने बताया कि आगामी 28 अप्रैल को शिमला में होने वाली बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में इन सभी विकास परियोजनाओं पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। इसके साथ ही 23 अप्रैल को गरली स्थित सहकारी प्रबंध केंद्र में एक विशेष दीक्षांत समारोह आयोजित होगा, जिसमें जूनियर बेसिक कोर्स के 77 अभ्यर्थियों को डिप्लोमा प्रदान किए जाएंगे। वहीं, परागपुर क्षेत्र के दौरे के दौरान विक्रम शर्मा डिक्की ने जसवां-परागपुर के सेहरी गांव में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल भंडारे और हवन यज्ञ में भाग लिया। उन्होंने लोगों के साथ संवाद किया। इस पूरे प्रवास के दौरान उनके साथ युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव मनोज शर्मा सन्नी, अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड जसवां परागपुर के उपाध्यक्ष सुनील राणा, जिला कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष कुशल शर्मा आदि उपस्थित रहे।



प्रेसवार्ता करते हिमकोफेड के चेयरमैन विक्रम डिक्की। अनंत ज्ञान

## सत्य साईं सेवा संगठन के तत्वावधान में निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया

# कोटला में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** सत्य साईं सेवा संगठन के तत्वावधान में कस्बा कोटला के सामुदायिक अस्पताल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर (मेडिकल कैंप) का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया।

शिविर की मुख्य विशेषता टांडा मेडिकल कॉलेज व पालमपुर के वरिष्ठ डॉक्टरों की उपस्थिति रही। शिविर में विभिन्न विभागों के अनुभवी विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें न्यूरोलॉजी (तंत्रिका तंत्र विभाग) के डॉ. अमित भारद्वाज (वरिष्ठ विशेषज्ञ, टांडा मेडिकल कॉलेज), स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग से डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. मनीषा, डॉ. भारती गुप्ता, सामान्य चिकित्सा से डॉ. विवेक सूद, डॉ. केशव कौंडल, नाक, कान एवं गला विभाग से डॉ. बीएस गुलेरिया, नेत्र रोग विभाग से डॉ. शैलेंद्र मिन्हास, बाल रोग विभाग से डॉ. अविनाश शर्मा, डॉ. सपना भारद्वाज, अस्थि रोग विभाग से डॉ. राजीव कपिला, दंत रोग विभाग से डॉ. कुलदीप जरयाल उपस्थित रहे। डॉ. बीएस गुलेरिया ने कहा कि सत्य साईं बाबा ने सदैव मानव सेवा को माधव सेवा के रूप में स्वीकार किया है। स्थानीय निवासियों ने संगठन के इस मानवीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।



मेडिकल कैंप में टांडा मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने दी सेवाएं। अनंत ज्ञान

# कड़ाहू महादेव मंदिर वीर गढ़ में लगाया भंडारा



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह क्षेत्र के बाबा कड़ाहू महादेव मंदिर वीर गढ़ में रविवार को भंडारे का आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ किया गया। यह भंडारा वर्ष में दो बार फरवरी के दूसरे शनिवार और अप्रैल के दूसरे रविवार को आयोजित होता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, पशुओं के प्रसव के बाद लोग यहां कुल देवता को दूध-दही अर्पित करते हैं। भंडारे के अवसर पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे, बाबा के दरबार में माथा टेका और लंगर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

## वेद ज्ञान से ही संभव सच्चा सुख और समृद्धि : स्वामी राम स्वरूप

**अनंत ज्ञान, मनोज चंदेल, योल।** योल स्थित वेद मंदिर में चल रहे 78 दिवसीय यज्ञानुष्ठान के दौरान स्वामी राम स्वरूप ने श्रद्धालुओं को वैदिक ज्ञान का महत्व बताया। उन्होंने ऋग्वेद के मंत्रों की व्याख्या करते हुए कहा कि मनुष्य को सदैव गुणवान और विद्वानों का संग करना चाहिए। स्वामी ने कहा कि वेदज्ञान को जीवन में अपनाने वाला ही सच्चे अर्थों में श्रेष्ठ बनता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल धन से सुख संभव नहीं, बल्कि विद्या और सदाचार भी आवश्यक हैं। यजुर्वेद के संदर्भ में उन्होंने बताया कि शुद्ध धन वही है, जो धर्म और यज्ञ के मार्ग से अर्जित किया जाए। उन्होंने सभी से वेद मार्ग अपनाने का आह्वान किया।

**सौगात** निशु मोंगरा ने भूमि पूजन कर किया किसानों को समर्पित, सभी 16 दुकानों में शुरू हुआ काम

# चरान से सब्जी मंडी नए भवन पास्सू में शिफ्ट

◆ एपीएमसी चेयरमैन का ऐलान, पास्सू मंडी से बाहर जाने के लिए अलग से बनाई जाएगी सड़क

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आखिरकार 11 साल बाद धर्मशाला के चरान से सब्जी मंडी पास्सू में बने नए भवन में शिफ्ट हो गई है। रविवार को एपीएमसी के जिला और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के स्टेट चेयरमैन निशु मोंगरा ने सब्जी मंडी का भूमि पूजन किया और इसे किसानों को समर्पित कर दिया।

सभी 16 दुकानों में काम शुरू हो गया है। एपीएमसी के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कहा कि उन्होंने हजारों किसानों से किया वादा पूरा कर दिया है। इस मंडी का शिलान्यास 22 जून 2015 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार में हुआ था। उसके बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार आई तो उसने प्रोजेक्ट को ठप कर दिया। भाजपा सरकार ने उस समय चुनाव नजदीक आते अधूरी सब्जी मंडी का उदघाटन तत्कालीन सीएम जयराम ठाकुर से करवा दिया, लेकिन मंडी में कोई दुकान शिफ्ट नहीं हुई। इससे हजारों किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे थे। कुल 11 साल से यह प्रोजेक्ट अधूरा रहा। निशु मोंगरा ने ऐलान किया था कि अप्रैल में इस मंडी को हर हाल में नए भवन में शुरू करवाया जाएगा। दिन रात की मेहनत के बाद आज रविवार को यह मंडी शुरू हो गई है। पास्सू धर्मशाला, कांगड़ा, नगरोटा, शाहपुर के किसानों को नजदीक पड़ता है। ऐसे में हजारों किसानों ने निशु मोंगरा का आभार जताया है। चरान में जहां से यह सब्जी मंडी शिफ्ट हुई है, वहां भव्य किसान भवन बनाया जाएगा। मोंगरा ने कहा कि पास्सू में मंडी से बाहर आने के लिए अलग से रोड बनाया जाएगा। इस साल एपीएमसी ने 15 करोड़ के काम का लक्ष्य रखा है। इसमें 10 करोड़ निर्माण कार्यों पर खर्च होंगे।



सब्जी मंडी का भूमि पूजन करते एपीएमसी के चेयरमैन निशु मोंगरा। अनंत ज्ञान

### पंचरुखी के टटैहल में नई सब्जी मंडी

**मोंगरा** ने कहा पंचरुखी के टटैहल में नई सब्जी मंडी का निर्माण किया जाएगा। मोंगरा ने कहा कि जिले की कांगड़ा, पालमपुर, जसूर, बैजनाथ, धर्मशाला, नगरोटा बगवां मंडियां ई नाम यानी राष्ट्रीय कृषि बाजार से जुड़ गई हैं। इससे करोड़ों रुपए की पेमेंट हो गई है।

### भाजपा का काम झूठ बोलना

**मोंगरा** ने कहा कि भाजपा हमेशा झूठ की राजनीति करती है। कांग्रेस करके दिखाती है। पास्सू सब्जी मंडी इसका उदाहरण है। मोंगरा ने कहा कि मटौर कॉलेज, तियारा वाटर स्कीम, जलशक्ति डिवीजन, मंदल कोहाला पुल व दर्जनों गांवों को रोड का काम कांग्रेस ने पूरा करवाया है। भाजपा को बताना चाहिए कि ये प्रोजैक्ट उन्होंने पूरे क्यों नहीं करवाए।

# बैजनाथ में 5 करोड़ रुपए से बनेगा इंडोर स्टेडियम: किशोरी

## बोले- खीर गंगा घाट पर होंगे 2 करोड़ खर्च, विकास को रफ्तार

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ में खिलाड़ियों और आम जनता के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। क्षेत्र में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए 5 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए संबंधित राशि लोक निर्माण विभाग के पास जमा भी करवा दी गई है।



जानकारी साझा करते हुए स्थानीय विधायक किशोरी लाल ने बताया कि इंडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए इंदिरा गांधी स्टेडियम के समीप भूमि का चयन कर लिया गया है, जिसे बाकायदा युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के नाम दर्ज किया जा चुका है। इस स्टेडियम में बास्केटबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, बॉक्सिंग और टेबल टेनिस सहित विभिन्न खेलों के लिए आधुनिक कोर्ट बनाए जाएंगे। हालांकि चयनित भूमि पर वन विभाग की ओर से लगाए गए सफेदे के पेड़ मौजूद हैं, जिन्हें हटाने के लिए अनुमति प्रक्रिया जारी है। वहीं, धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र खीर गंगा घाट के सौंदर्यीकरण पर भी 2 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

इस योजना के तहत श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल, व्यवस्थित स्नानागार और सुरक्षित व आरामदायक सीढ़ियों का निर्माण किया जाएगा, जिससे यहां आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर बैजनाथ पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की थीं, जिनमें यह दोनों परियोजनाएं भी शामिल थीं। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुरूप संबंधित विभागों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। उसके परिणामस्वरूप अब इंडोर स्टेडियम और खीर गंगा घाट के सौंदर्यीकरण कार्य को मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से बैजनाथ में खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिलेगा और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। निश्चित रूप से सरकार की इन योजनाओं से क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।

# कलवाड़ा की लापता बच्ची का पांचवें दिन भी कोई सुराग नहीं

◆ जंगल और खड्डों में एसडीआरएफ की टीम ने चलाया सर्च ऑपरेशन



अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा की झिझयाणी पंचायत के कलवाड़ा गांव की 6 वर्षीय नायरा का पांचवां दिन भी कोई सुराग नहीं लग पाया। एसडीआरएफ की टीम ने रविवार को जंगल, नालों और खड्डों में सर्च ऑपरेशन जारी, लेकिन अभी कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। गौरतलब है कि जिस दिन 6 वर्षीय नायरा रहस्यमय तरीके से लापता हुई थी उस दिन उसने नीली ड्रेस पहनी बताई जा रही है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि 5 टीमों ने एसडीआरएफ के साथ लगते जंगल झाड़ियां झरने, कुआं व चेकडैम भी छान मारे हैं, लेकिन नायरा का कोई अता-पता नहीं लग सका। एएसपी बड़सर एलएम शर्मा का कहना है कि पिछले 5 दिनों से लापता 6 वर्षीय नायरा सर्च अभियान में सारा सिस्टम लगा हुआ है, लेकिन अभी तक कोई सुराग एसडीआरएफ व पुलिस के हाथ नहीं है। पुलिस हर एंगल से सर्च अभियान में लगी हुई।

# सहारा योजना वाले हुए बेसहारा, लाभार्थियों को 11 माह से नहीं मिली आर्थिक सहायता

## हमीरपुर जिले के 4911 लाभार्थी कर रहे राशि आने का इंतजार

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की सहारा योजना के तहत लाभार्थियों को प्रतिमाह 3 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है, लेकिन पिछले 11 महीनों से सहारा योजना के लाभार्थी राशि न आने से परेशान हैं। ऐसे में जो लोग बीमारी से पीड़ित हैं, उन्हें किसी प्रकार की वित्तीय सहायता नहीं मिल रही है। बता दें कि प्रदेशभर में सैंकड़ों ऐसे गरीब लोगों को यह राशि दी जा रही है, जो अपना इलाज करवा सकें।

हालांकि, सहारा योजना की यह राशि क्यों लाभार्थियों के खाते में आ रही है, इस बारे में अधिकारी भी कुछ नहीं कह रहे। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत

◆ हजारों पात्र लोगों को मिल रहे थे प्रतिमाह तीन हजार रुपए

पार्किंसन रोग, घातक कैंसर रोग, मस्कुलर, डिस्ट्राफी, हिमोफिलिया, थेलिसिमिया, गुर्दे की विफलता और पक्षाघात या अन्य कोई ऐसी शारीरिक अवस्था या रोग जो व्यक्ति को सामान्य जीवन यापन के लिए अक्षम बनाती है, ऐसे व्यक्ति को 3 हजार रुपए की मासिक वित्तीय सहायता सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। प्रदेश में हजारों लोग जो विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हैं और इस योजना का मुख्य उद्देश्य लंबी अवधि तक रोग उपचार के दौरान रोगियों व उनके परिवार को आने वाली वित्तीय समस्याओं से निजात दिलाना है। इस योजना के पात्र वही व्यक्ति होता है, जिसकी सालाना आय 4 लाख रुपए से कम हो। साथ ही बीमारी के संबंध में उपचार संबंधी दस्तावेज लगाने पड़ते हैं। अभी हाल ही में कुछ नए मामले कैंसर के आए हैं, उन्हें भी इस योजना के तहत वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने के लिए कहा जा रहा है, लेकिन कहा जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों से इस योजना की राशि खातों में नहीं डाली जा रही है। हमीरपुर जिले की बात करें तो 4911 लाभार्थी इस योजना से जुड़े हैं, लेकिन यह भी अपने खातों को बार बार जांच कर थक चुके हैं, क्योंकि पिछले 11 महीनों से सहारा योजना की राशि जारी नहीं की गई है। अधिकारी भी इस मामले में इतना ही बता रहे हैं कि यह प्रदेश सरकार की योजना है और जो भी वित्तीय सहायता दी जाती है, वह शिमला से ही जारी की जाती है। गौर रहे कि प्रदेश सरकार द्वारा पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन भी दी जा रही है और यह सामाजिक सुरक्षा पेंशन लोगों के खातों में आ रहा है, जबकि सहारा योजना गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को इलाज करवाने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। इस बारे में सीएमओ प्रवीण चौधरी ने बताया कि सहारा योजना प्रदेश सरकार की योजना है इसके लिए बजट का प्रावधान सरकार ही करती है। इस योजना की राशि शिमला से लाभार्थियों के खाते में डाली जाती है।

# अंडर-17 वर्ग में पटियाला ने सैनिक स्कूल सुजानपुर को 2-0 से हराया



सैनिक स्कूल सुजानपुर में फुटबाल स्पर्धा का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर टिहरा स्थित सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा में चल रही अखिल भारतीय सैनिक स्कूल्स फुटबाल प्रतियोगिता (ग्रुप 'ए') के दूसरे दिन कई रोमांचक मैच खेले गए। विभिन्न स्कूलों की टीमों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अंडर-17 बालक वर्ग में दयानंद पब्लिक स्कूल पटियाला ने सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा को 2-0 से हराया। वहीं, अंडर-15 बालक वर्ग में सैनिक स्कूल कपूरथला और दयानंद पब्लिक स्कूल पटियाला का मैच 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। अंडर-17 बालिका वर्ग में सैनिक स्कूल कपूरथला ने सैनिक स्कूल कुंजपुरा को 3-2 से रोमांचक मुकाबले में पराजित किया।

एक अन्य मैच में सैनिक स्कूल कपूरथला ने बड़स पार्क सैनिक स्कूल हमीरपुर को 6-0 से बड़ी जीत दर्ज की। अंडर-17 बालक वर्ग में रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल फतेहाबाद ने सैनिक स्कूल नगरोटा को 4-0 से हराया, जबकि अंडर-17 बालिका वर्ग में कुंजपुरा ने हमीरपुर को 2-0 से पराजित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### साहित्यकारों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, नादौन।** साहित्य परिषद नादौन ने वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओपी शर्मा को हिमाचल गौरव पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई और उनका स्वागत किया। परिषद व समाजसेवी संस्थाओं ने इसके लिए सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया। संरक्षक राजेंद्र राजन, उपाध्यक्ष दलीप सिंह, लालचंद ठाकुर, सचिव रत्न चंद रत्नाकर सहित कई सदस्यों ने बधाई दी। विकास सभा ज्वालामुखी और बाबा मेहरदास मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने भी डॉ. शर्मा के साहित्य और समाजसेवा में योगदान की सराहना करते हुए इसे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताया।

### कार्यकाल पूरा होने पर आरटीओ अंकुश ने छोड़ा पदभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा ने चार वर्षों का कार्यकाल पूरा करने के बाद पदभार छोड़ दिया। अपने कार्यकाल में उन्होंने पारदर्शिता और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण पहलें कीं। पद छोड़ने के बाद उन्होंने मीडिया का विशेष आभार जताया और कहा कि उनके सहयोग व रचनात्मक भूमिका से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई। उन्होंने अपने कार्यकाल को सीख से भरपूर बताया और कहा कि जिम्मेदार मीडिया के साथ काम करना प्रेरणादायक रहा, जिससे विभागीय कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके।

### राजपूत महासभा ने मनाई भगवान परशुराम की जयंती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजपूत कल्याण सभा और राजपूत महासभा ने भगवान परशुराम जयंती पर प्रदेश व देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर कोहली गांव में गो पूजन व हवन यज्ञ आयोजित हुआ। वक्ताओं ने परशुराम के सत्य, साहस और धर्म के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जोगिंदर ठाकुर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने समाज में एकता, भाईचारा और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया तथा सुख-शांति की कामना की।

### कांग्रेस की दोहरी नीति उजागर: मंजू ठाकुर

**अनंत ज्ञान, भोरंज ।** मंजू ठाकुर ने कांग्रेस पर महिलाओं के अधिकारों के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल का विरोध मातृशक्ति के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं, जबकि कांग्रेस का रुख महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। मंजू ठाकुर ने भोरंज क्षेत्र की महिला नेताओं से भी सवाल उठाए और कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है।

### डीडीएम साईं कॉलेज में मां सरस्वती मूर्ति की स्थापना



**अनंत ज्ञान, नादौन।** कल्लर जलाड़ी स्थित डीडीएम साईं कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा का दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर यज्ञोपवीत संस्कार भी विधिवत संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान कलश यात्रा और प्रभात फेरी मुख्य आकर्षण रहे। पूज्य नित्यानंद महाराज ने प्रवचनों में शिक्षा, संस्कार और धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। ब्रह्मचारियों का मुंडन और जनेऊ संस्कार भी सम्पन्न हुआ। प्रोफेसर रतन चंद्र शास्त्री ने आयोजन की सराहना की। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

# सुजानपुर मेले घोटाले के बाद कुर्सी घोटाला जनता के पैसे का दुरुपयोग: नरेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा मीडिया प्रभारी इंजीनियर नरेंद्र ठाकुर ने जारी प्रेस बयान में महिला मंडलों को सम्मानित करने की पहल का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में खर्च राशि के स्रोत पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या यह धन विधायक निधि, राज्य सरकार या केंद्र सरकार के 15वें वित्त आयोग की राशि से उपयोग हुआ है या विकास खंड कार्यालय द्वारा इसे अन्य कार्यों से डायवर्ट किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'कुर्सी खरीद घोटाले' जैसे मामलों की तरह यह भी जांच का विषय है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि यदि पंचायत विकास निधि का दुरुपयोग हुआ है तो यह गंभीर अनियमितता है। वहीं उन्होंने पूर्व विधायक राजिंदर राणा द्वारा निजी स्तर पर महिला मंडलों को सम्मानित करने का उल्लेख करते हुए वर्तमान विधायक से स्पष्टता की मांग की है कि धन का वास्तविक स्रोत क्या है।

# रसोई गैस डिलीवरी के मामले में लोगों को मिलेगी राहत, एसडीएम ने दिए निर्देश

# सिलेंडरों की गाड़ी को रास्ते में घेरा तो होगी कार्रवाई

◆ एसडीएम निशांत शर्मा ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन उपमंडल में रसोई गैस की समस्या से जूझ रहे लोगों को अब रसोई गैस की डिलीवरी के मामले में राहत मिलेगी। प्रशासन ने रसोई गैस की डिलीवरी की आ रही शिकायतों का कड़ा संज्ञान लेते हुए इस संदर्भ में सख्त निर्देश जारी किए हैं, ताकि लोगों को गंतव्य तक रसोई गैस की डिलीवरी सुनिश्चित की जा सके।

एसडीएम निशांत शर्मा ने संबंधित अधिकारियों की एक बैठक ली, जिसमें डीएसपी गौरवजीत सिंह, एसएचओ निर्मल सिंह व सिविल सप्लाई इंस्पेक्टर आदि ने हिस्सा लिया। बैठक में लोगों की रसोई गैस की उपलब्धता में आ रही शिकायतों



रसोई गैस के लिए नादौन में गाड़ी को घेरकर हुए खड़े लोग। अनंत ज्ञान

व व्यवस्था की शिकायतों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि रूट के अंतिम छोर तक लोगों को रसोई गैस की डिलीवरी सुनिश्चित की जाए, बिना पुलिस के कोई भी गाड़ी रूट पर रवाना न की जाए और गाड़ी को रास्ते में घेरने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि रसोई गैस के सिलेंडरों की गाड़ी निश्चित रूप पर बिना किसी रूकावट के लोगों को गैस की डिलीवरी हो सके। उन्होंने कहा कि इस मामले में यदि किसी प्रकार की कोई कोताही या लापरवाही पाई गई हो कार्रवाई होगी। गौर रहे कि लोगों को गैस की बुकिंग के बावजूद भी कई कई दिनों तक गैस की डिलीवरी नहीं हो पा रही है। एजेंसी पर गैस डिलीवरी के मामले में अनियमितों, व्यवस्था व पिक एंड चूज के भी आरोप लगते रहे हैं। रसोई गैस के लिए लोगों को उस सयम काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जब गैस की गाड़ी नादौन शहर के वार्ड नंबर-1 व 6 के लोगों को रसोई गैस की सप्लाई के लिए ज्यों ही नादौन शहर के वार्ड न. एक में पहुंची तो इस रूट के लोगों से पहले ही अन्य क्षेत्रों के लोग भी रसोई गैस के सिलेंडर लेने के लिए पहुंच गए। इस वजह से माहौल काफी गर्म हो गया व काफी देर तक रसोई गैस का वितरण भी बाधित रहा। लोगों का कहना है कि अव्यवस्था के कारण लोगों को बिना सिलेंडर के ही वापस घरों को मायूस होकर लौटना पड़ता है। बुकिंग के बावजूद उन्हें रसोई गैस के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि लोगों की शिकायतों को मध्यनजर रखते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों की एक बैठक ली गई, जिसमें निर्देश दिए हैं कि बिना पुलिस के कोई भी गाड़ी रूट पर न भेजी जाए।

# छात्र तेजस सिंह राणा ने इंटरनेशनल स्पेस साइंस ओलंपियाड में जीता गोल्ड

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा के आठवीं कक्षा के छात्र तेजस सिंह राणा ने इंटरनेशनल स्पेस साइंस ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह पुरस्कार समारोह अहमदाबाद स्थित इन-सपेस मुख्यालय में आयोजित किया गया, जहां छात्र को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



उन्होंने कहा कि अन्य छात्रों को भी तेजस सिंह राणा से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है, ताकि वे भविष्य में अपने, अपने विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। गौर रहे कि सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा के छात्र तेजस ने ओलंपियाड में ऑल इंडिया सैनिक स्कूल्स के प्रतिभागियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# दो दिवसीय राज्यस्तरीय थ्रो बॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ



डोगरा रेजिमेंट के कैप्टन सुरेश कुमार ने की शिरकत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**धनेटा।** संत सोल्जर कंवेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सदोह में प्रदेश थ्रो बॉल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय थ्रो बॉल चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डोगरा रेजिमेंट के कैप्टन सुरेश कुमार ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई टीमों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे पूरा वातावरण ऊर्जा और खेल भावना से भर गया। मुख्य अतिथि सुरेश ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करने और निरंतर सुधार की प्रेरणा दी। इस चैंपियनशिप की विशेषता यह है कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर चयन का अवसर मिलेगा, जिससे प्रतिभागियों में खास उत्साह देखा गया। प्रशिक्षक यशवीर राणा ने बताया कि यह आयोजन युवाओं को मंच देने के साथ उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में भी सहायक है। प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले और बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन दर्शकों को खूब आकर्षित कर रहा है।

# विधायक रणजीत ने किया कनेरड स्कूल के अतिरिक्त भवन का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** विधायक कैप्टन रणजीत सिंह रविवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की चमियाना पंचायत के तहत आने वाले कनेरड विद्यालय में अतिरिक्त भवन का उद्घाटन किया।

विधायक के पहुंचने पर विद्यालय प्रशासन, अध्यापकों, छात्रों एवं स्थानीय लोगों की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना के पावन अवसर पर हवन-पूजन में भाग लिया और आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा विधायक को शॉल एवं टोपी पहनाकर सम्मानित भी किया गया। विधायक ने कहा कि इस अतिरिक्त कक्ष की मांग लंबे समय से की जा रही थी। उन्होंने बताया कि पिछले वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान इस भवन के निर्माण की घोषणा की गई थी, जिसे आज पूरा कर जनता को समर्पित किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास के लिए जो भी कार्य आवश्यक होंगे, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



कनेरड विद्यालय में अतिरिक्त भवन का उद्घाटन करते विधायक कैप्टन रणजीत सिंह। अनंत ज्ञान

### सुजानपुर में तेजी से हो रहे विकास कार्यों ने बढ़ाया पूर्व विधायक का मर्ज

**विधायक** रणजीत सिंह ने पूर्व विधायक पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें क्षेत्र में हो रहे तेज विकास कार्यों को देखकर 'ऐसा दर्द' हो रहा है जिसकी कोई दवा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक हर विकास कार्य को अपने समय का बताने की कोशिश करते हैं, जबकि जनता सच्चाई जानती है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों का जाल तेजी से बिछ रहा है और इसी विकास से कुछ लोग असहज हैं। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने पूर्व विधायक के क्षेत्र में भी कई बड़े विकास कार्य पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक न तो जिला का मुख्यमंत्री चाहते हैं और न ही वर्तमान सरकार का विकास उन्हें स्वीकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष विकास के कार्यों का श्रेय लेने की राजनीति कर रहा है। रणजीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र की हर पंचायत में 10 से 20 लाख रुपए तक के विकास कार्य किए गए हैं, जिनकी पुष्टि कोई भी व्यक्ति मौके पर जाकर कर सकता है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे पिछले कार्यकाल और वर्तमान कार्यकाल की तुलना स्वयं करें, ताकि विकास की वास्तविक तस्वीर स्पष्ट हो सके।

## फायदा: प्राकृतिक खेती और खुशहाल किसान योजना से किसानों में आई खुशहाली

# प्राकृतिक खेती से किसानों की आय में बढ़ोतरी

◆ गेहूं, मक्की और हल्दी के दाम बढ़ने से किसान खुश

◆ उच्च दाम मिलने के कारण प्राकृतिक खेती को अपना रहे किसान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की 'राजीव गांधी प्राकृतिक खेती, खुशहाल किसान' योजना लाखों किसानों के लिए एक बहुत बड़ी उम्मीद लेकर आई है। प्राकृतिक खेती से उगाई गई फसलों के लिए प्रदेश सरकार ने अलग से उच्च दामों का प्रावधान करके एक ऐसी अनोखी पहल की है, जोकि अन्य किसी राज्य की सरकार ने नहीं की है।

प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं को 60 रुपए, मक्की को 40 रुपए, कच्ची हल्दी को 90 रुपये और पांगी घाटी के जौ को 60 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीद रही थी। अब नए वित्तीय वर्ष के बजट में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इनकी कीमतों में और वृद्धि कर दी है।

प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं का दाम अब 80 रुपए मक्की का 60 रुपए, कच्ची हल्दी का 150 रुपए और पांगी घाटी के जौ का 80 रुपए प्रति किलोग्राम कर दिया गया है। इसके अलावा अब अदरक के लिए भी 30 रपुए प्रति किलोग्राम तय किया गया है। यही नहीं, प्रदेश सरकार ने गाय के दूध के लिए 61 रुपए और भैंस के दूध के लिए 71 रुपए प्रति लीटर दाम निर्धारित करके ग्रामीण आर्थिकी को बल देने का सराहनीय प्रयास किया है। इससे प्रदेश के लाखों किसान और पशुपालक काफी गदगद हैं।



प्रदेश के लाखों किसान और पशुपालक गदगद। अनंत ज्ञान

### प्राकृतिक खेती से बदली किसान संजीव कुमार की तकदीर

**हमीरपुर** के पास अमरोह पंचायत के छबोट ब्राह्मणा गांव के किसान संजीव कुमार पहले पारंपरिक खेती से ज्यादा आय नहीं कमा पा रहे थे, लेकिन जब सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने प्राकृतिक खेती की फसलों के लिए बेहतर दाम तय किए, तो उन्होंने इस पद्धति को अपनाया। पिछले वर्ष गेहूं, मक्की और कच्ची हल्दी से उन्हें अच्छी आमदनी हुई। इस बार बढ़े हुए दामों से उनकी आय और बढ़ने की उम्मीद है। प्राकृतिक खेती में वे जीवामृत और बीजामृत घर पर ही तैयार करते हैं, जिससे लागत कम होती है। रासायनिक खाद के बिना उगाई गई फसलें स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित हैं। यह योजना किसानों के लिए नई उम्मीद साबित हो रही है।

# एडवोकेट कश्मीर सिंह भारती राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य नामित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के सीनियर एडवोकेट कश्मीर सिंह भारती को कश्मीर सिंह भारती को हिमाचल राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य नामित किया गया है। यह नियुक्ति राज्यपाल द्वारा जनहित में की गई है, जिसके लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। नियुक्ति पर भारती ने सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताते हुए कहा कि वे सरकार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद, कमल कम्मी, संतोष संधू, नगर परिषद अध्यक्ष सहित कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी और मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



# एडीसी ने किया नशा निवारण केंद्रों का निरीक्षण

## अभिषेक गर्ग ने संचालकों को दिए निर्देश, सुविधाओं के बारे में लिया फीडबैक

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** एडीसी अभिषेक गर्ग ने हमीरपुर शहर और इसके आस-पास के क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे नशा निवारण एवं परामर्श केंद्रों का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री, डीएसपी नितिन चौहान, तहसीलदार नरेश पटियाल और अन्य अधिकारियों की टीम के साथ इन नशा निवारण केंद्रों में पहुंचे एडीसी ने इनमें विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। नशा निवारण केंद्रों में विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में उन्होंने संचालकों को दिशा-निर्देश भी जारी किए। उन्होंने नशा निवारण केंद्रों के रिकॉर्ड की जांच की तथा इनमें उपचार एवं परामर्श के लिए आने वाले लोगों का ब्यौरा भी तलब किया।

अभिषेक गर्ग ने नशा निवारण केंद्रों में उपचार एवं परामर्श प्राप्त कर रहे लोगों से भी बातचीत की तथा विभिन्न सुविधाओं के बारे में महत्वपूर्ण फीडबैक लिया। एडीसी ने बताया कि वार्ड नंबर-10 में स्थित आयुष्मान रिहैबिलिटेशन एंड ड्रग्स काउंसलिंग सेंटर में इस समय नशे के आदी 24 लोगों को उपचार एवं परामर्श प्रदान किया जा रहा है, जबकि वार्ड नंबर-5 में इंटिग्रेटड सेंटर फॉर एडिक्ट्स (आईआरसीए) एवं योग साधना कक्ष में 11 लोग और दोसड़क में स्थित गोल्डन एज ड्रग काउंसलिंग सेंटर में 21 लोग नशा छोड़ने के लिए उपचार एवं परामर्श प्राप्त कर रहे हैं। एडीसी ने बताया कि तीनों नशा निवारण केंद्रों के संचालकों को विभिन्न सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए गए हैं, ताकि इनमें उपचार एवं परामर्श के लिए आने वाले लोगों को अच्छा माहौल मिल सके और वे नशा छोड़कर दोबारा सामान्य जीवन जी सके।



उपचार एवं परामर्श के लिए आने वाले लोगों का ब्यौरा तलब। अनंत ज्ञान

# पठानकोट-भरमौर हाईवे की बदहाली पर भड़का जनाक्रोश, 2 घंटे तक चक्का जाम

## विधायक डॉ. जनकराज बोले-15 मई तक सुधार नहीं तो होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर हालत को लेकर क्षेत्र में जनाक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी के चलते रविवार को विधायक डॉ. जनकराज की अगुवाई में स्थानीय लोगों ने करीब दो घंटे से अधिक समय तक चक्का जाम कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेते हुए प्रदेश सरकार और संबंधित विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप रही, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।


पठानकोट-भरमौर हाईवे की बदहाली पर भड़का जनाक्रोश। अनंत ज्ञान

मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. जनकराज ने कहा कि लंबे समय से इस महत्वपूर्ण मार्ग की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है, लेकिन सरकार और विभाग इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 मई तक सड़क की हालत में सुधार नहीं किया गया, तो इसके बाद अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी आंदोलन के तहत सड़क पर तंबू लगाकर हड़ताल की जाएगी और जरूरत पड़ने पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी। ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या के लिए प्रशासन और संबंधित विभाग जिम्मेदार होंगे। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की बदहाली के कारण आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है, जिससे उनकी जान-माल की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने सरकार से जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत करवाने की मांग की है।

# मारपीट व अवैध शराब के मामले दर्ज, जांच तेज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने मारपीट व अवैध शराब के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पहला मामला पुलिस थाना भरमौर में दर्ज किया गया है, जहां अभियोग संख्या 15/26 के तहत धारा 126(2), 115(2), 351(2) व 352 बीएनएस के अंतर्गत शिकायतकर्ता सचिन कुमार ने पांडव राम के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार आरोपी ने रास्ता रोककर न केवल गाली-गलौज की, बल्कि मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। दूसरा मामला पुलिस थाना सदर में दर्ज किया गया है। पुलिस ने गश्त के दौरान भोलू ठाकुर की दुकान से 2 लीटर अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने मौके पर ही शराब जब्त कर ली और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक, जिला चम्बा ने बताया कि कानून के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कांग्रेस सरकार का 1500 रुपए और 10 लाख नौकरियों का वादा फेल: जय सिंह

अनंत ज्ञान


नागेला गांव में जय सिंह का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** जिला चंबा के कीड़ी क्षेत्र के नागेला गांव में उस समय सियासी तापमान चरम पर पहुंच गया, जब रविवार को 'पोल खोल अभियान' के मंच से भाजपा नेता जय सिंह ने कांग्रेस सरकार पर एक के बाद एक तीखे हमले बोले। अपने संबोधन में उन्होंने कांग्रेस पर नारी शक्ति के नाम पर राजनीति करने और महिलाओं के साथ 'बड़ा धोखा' करने का आरोप लगाया। जय सिंह ने कहा कि चुनावी रैलियों में नारी सम्मान के बड़े-बड़े दावे करने वाली कांग्रेस ने संसद में महिला आरक्षण बिल का समर्थन न कर अपनी दोहरी राजनीति उजागर कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की करोड़ों महिलाओं को अधिकार देने की बजाय केवल नारों और अभियानों तक सीमित रखा गया।

प्रदेश सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल में महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा आज भी अधूरा है। 'तीन साल बीत गए, लेकिन न पैसा मिला, न जवाब मिला,' उन्होंने कहा। जय सिंह ने सवाल उठाया कि चुनावों के दौरान भरे गए हजारों फॉर्म आखिर कहां गायब हो गए। उन्होंने कहा कि 10 लाख नौकरियों का वादा महज एक जुमला साबित हुआ। बिजली व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लिया। जय सिंह ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाया गया और 300 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा भी पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अब 125 यूनिट तक भी राहत नहीं मिल रही, जनता ठगी महसूस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के बाद सरकार के विधायक व मंत्री जनता से दूर हो गए हैं और लोगों के सवालों का सामना करने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है, और 2027 में इसका जवाब जरूर देगी। सभा के दौरान स्थानीय लोगों की मौजूदगी में भाजपा नेता के इन आरोपों ने क्षेत्र की सियासत को गर्मा दिया है, और आने वाले समय में इस मुद्दे पर राजनीतिक घमासान और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चरस मामले में पकड़े आरोपी 3 दिन के रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** 582 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किए गए पंजाब निवासी छह आरोपियों को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत ने पुलिस की मांग पर सभी आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। गौरतलब है कि थाना सुंदरनगर पुलिस ने शनिवार को पुंघ फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान स्कॉर्पियो वाहन से चरस बरामद कर छह युवकों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुलजीत (21), युवराज सिंह (22), जगदीप सिंह (20), हरमनप्रीत सिंह (19), करणदीप सिंह (20) और हरमन सिंह (21) के रूप में हुई है, जो सभी पंजाब के मलेरकोटला और पटियाला जिलों के निवासी हैं। पुलिस अब आरोपियों से मामले की गहन पूछताछ कर रही है।

### 124 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना धनोटू पुलिस ने रविवार को एक युवक को चरस सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तरोट फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने एचआरटीसी बस जो मनाली से शिमला जा रही थी, को जांच के लिए रोका। जांच के दौरान एक युवक का व्यवहार संदिग्ध पाया गया। पूछताछ में उसने अपनी हुड की जेब से एक पाउच निकालकर सीट पर फेंक दिया, जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। तलाशी लेने पर पाउच से 124 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी करण, पुत्र अशोक कुमार, निवासी कृष्णा नगर शिमला को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है।

### धर्मचंद दूसरी बार बने जालपा माता मंदिर के प्रधान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जालपा माता मंदिर कोट टिहरा की त्रैवार्षिक आम बैठक माता मंदिर परिसर में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त कैप्टन बंशी राम ने की। बैठक में कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने के बाद सर्वसम्मति से नई समिति का गठन किया गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष धर्मचंद शास्त्री को दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया। धर्मपाल वर्मा को महासचिव, जय कुमार राणा को कोषाध्यक्ष तथा राजेंद्र पठानिया, सुरेश कुमार, सावित्री देवी और राधा कृष्ण को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सुनील अत्री को प्रेस सचिव बनाया गया, जबकि चंपा देवी, विशाल प्राशर, निशांत पराशर सहित कुल 10 सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। बैठक में बताया गया कि पिछले 35 वर्षों में मंदिर में 30 से अधिक भागवत कथाओं का आयोजन हो चुका है तथा निर्माण कार्यों में लाखों रुपये का योगदान दिया गया है। नई कार्यकारिणी से मंदिर कार्यों को और अधिक पारदर्शिता एवं विस्तार देने की उम्मीद जताई गई।

### चंबा में गूंजी एकता और आस्था की आवाज



**अनंत ज्ञान, चंबा।** पहाड़ों की शांत वादियों में रविवार को चंबा चर्च में पादरी एरिक की अगुवाई में भव्य प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के बिशप मनोज चरण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। चर्च समुदाय ने उनका गरिमापूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर क्रिश्चियन अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने चंबा में कॉन्वेंट स्कूल की स्थापना का प्रस्ताव बिशप के समक्ष रखा। प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए बिशप मनोज चरण ने आश्वासन दिया कि इसके लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। उनके इस आश्वासन से उपस्थित लोगों में उत्साह और उम्मीद का माहौल बना। कार्यक्रम के दौरान पादरी एरिक ने बिशप को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में बिशप ने एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हुए शिक्षा को समाज के विकास की नींव बताया। यह आयोजन सामाजिक विकास की दिशा में नई उम्मीद लेकर आया।

### धूमधाम से मनाया परशुराम प्रकटोत्सव

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा चंबा द्वारा भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में सभा कार्यालय में भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 4:30 बजे प्रभात फेरी और नगर कीर्तन से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया, जिसमें गणमान्य लोगों ने आहुति दी। दिनभर चले कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन, आदर्शों और समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छोटे बच्चों को पंडित अजय कुमार जोशी द्वारा गुरु दीक्षा प्रदान की गई। रामायण अखंड पाठ की पूर्णाहुति भी संपन्न हुई। सभा द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु के 9 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। साथ ही हिमाचल क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव मनोज शर्मा को खेल क्षेत्र में योगदान के लिए विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का समापन भजन, आराधना और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### मानव एकता दिवस पर सेवा और समरसता का महासंगम, 24 को दिल्ली में आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रेम, सेवा और आध्यात्मिक एकत्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संत निरंकारी मिशन द्वारा 'मानव एकता दिवस' 24 अप्रैल को श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता के मूल्यों-भाईचारा, करुणा और समरसता-का जीवंत उत्सव होगा। बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में आयोजित इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में दिल्ली के बुराड़ी स्थित ग्राउंड नं. 2 में विशाल सत्संग होगा। देशभर से आए हजारों श्रद्धालु इस आध्यात्मिक संगम का अनुभव करेंगे। इस दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक भव्य रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी और चिकित्सक सेवाएं देंगे। मिशन के अनुसार यह पहल मानव सेवा और वैश्विक भाईचारे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# माता बैरावाली-चामुंडा मिलन से भक्तिमय हुआ चंबा

## 100 किलोमीटर पैदल यात्रा कर चंबा पहुंचीं माता बैरावाली, श्रद्धालुओं में उत्साह

अनंत ज्ञान


माता बैरावाली-चामुंडा मिलन से श्रद्धालुओं में उत्साह। अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा की पवित्र धरा एक बार फिर आस्था, परंपरा और लोक संस्कृति के अद्भुत संगम की साक्षी बनी, जब माता बैरावाली अपनी बहन माता चामुंडा से मिलने के लिए अपने प्राचीन देवस्थल देवी कोठी से चम्बा मुख्यालय पहुंचीं। सदियों पुरानी इस देव यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और उल्लास के रंग में रंग दिया।

करीब 100 किलोमीटर की कठिन और दुर्गम पैदल यात्रा तय कर जब माता बैरावाली चम्बा पहुंचीं, तो श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। जगह-जगह श्रद्धालु माता के चरणों में शीश नवाते नजर आए। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच यह देव यात्रा पूरे चम्बा में श्रद्धा का महासागर बन गई।

स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, यह मिलन केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और सुरक्षा का प्रतीक है। हर वर्ष माता बैरावाली अपनी बहन चामुंडा से मिलने चम्बा आती हैं और लगभग 12 दिनों तक मंदिर में विराजमान रहती हैं। इस दौरान दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु पहुंचकर दोनों देवियों के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। जब माता के चेलों से बातचीत हुई तो उन्होंने बताया कि माता का यह मिलन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक दिव्य संकेत है। उनका कहना है कि जब भी माता अपने देवस्थल से प्रस्थान करती हैं या वापसी करती हैं, तो अक्सर बारिश और तेज आंधी का संयोग बनता है, जिसे वे माता की शक्ति और चमत्कार के रूप में देखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस यात्रा के दौरान माता स्वयं अपने भक्तों की रक्षा करती हैं और पूरे क्षेत्र पर अपनी कृपा बनाए रखती हैं।

स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, यह देव मिलन चम्बा की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है, जो समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करता है। यात्रा के अंतिम दिन मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन होता है, जहां लोक कला, संगीत और पारंपरिक झलकियां लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ती हैं।

श्रद्धालुओं का मानना है कि माता के आगमन से पूरे क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। यही वजह है कि इस दिव्य मिलन का लोगों को पूरे वर्ष बेसब्री से इंतजार रहता है। इस प्रकार, चंबा की यह ऐतिहासिक देव परंपरा आज भी उसी आस्था और श्रद्धा के साथ जीवित है, जो सदियों पहले थी—और हर वर्ष यह मिलन लोक विश्वास को और भी सशक्त करता जा रहा है।

# अधूरे कार्य पूरे कर हर पंचायत तक पहुंचाऊंगा एंबुलेंस रोडः भुवनेश सिंह

अनंत ज्ञान



**मैहला (चंबा)।** पंचायत चुनावों की सरगर्मियों के बीच भरमौर विधानसभा क्षेत्र के गहरा वार्ड से जिला परिषद प्रत्याशी भुवनेश सिंह कटोच ने विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए बड़ा दावा किया है। अनंत ज्ञान से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्होंने उप-प्रधान के तौर पर ग्राम पंचायत मैहला में अपनी सेवाएं दीं और सीमित समय के बावजूद पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ लोगों की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल के कारण शुरुआती दौर में कार्यों में कुछ देरी जरूर हुई, लेकिन जो भी समय मिला उसमें उन्होंने जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी। कटोच ने स्पष्ट किया कि जो वादे अभी तक अधूरे रह गए हैं, उन्हें जिला परिषद सदस्य बनने के बाद हर हाल में पूरा किया जाएगा।

भुवनेश कटोच ने गैहरा वार्ड के लिए अपनी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि क्षेत्र की सभी पंचायतों में एम्बुलेंस रोड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आए दिन ऐसी खबरें सामने आती हैं, जहां गांवों तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती और मरीजों को पालकी के सहारे ले जाना पड़ता है, जो बेहद चिंताजनक है। इसके अलावा उन्होंने एक कॉमन इंफॉर्मेशन सेंटर खोलने की भी बात कही, जिससे लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की सही और समय पर जानकारी मिल सके और अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।

युवाओं को ध्यान में रखते हुए कटोच ने गहरा वार्ड में एक इंडोर स्टेडियम बनाने की योजना भी साझा की। उनका कहना है कि इससे न केवल युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि वे नशे जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों से भी दूर रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि स्पोर्ट्स कोटे के तहत नौकरी नीति में सुधार के लिए भी सरकार से बातचीत की जाएगी। पंचायती राज चुनाव नजदीक आते ही क्षेत्र में चुनावी माहौल तेज हो गया है और प्रत्याशी अपने-अपने वादों के साथ जनता के बीच पहुंच रहे हैं। अब देखना यह होगा कि गैहरा वार्ड की जनता किसके वादों पर भरोसा जताती है।

# भगवान परशुराम विष्णु के हैं अवतार और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक: पठानिया

- विधानसभा अध्यक्ष ने गरनोटा में 12 लाख के भवन का किया भूमि पूजन

अनंत ज्ञान

**सिहुंता।** श्री परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण कल्याण परिषद भटियात द्वारा गरनोटा और हुनेरा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। इस अवसर पर गरनोटा में 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन (परशुराम भवन) का भूमि पूजन विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को श्री परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब-जब समाज में अन्याय और अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के अवतार हैं और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं।

दोपहर बाद ग्राम पंचायत अवांह के हुनेरा में स्थापित 12 फुट ऊंची भगवान परशुराम की प्रतिमा का विधिवत अनावरण भी किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस स्थल को भगवान परशुराम घाट एवं परशुराम वाटिका के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे धार्मिक आस्था के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए उन्होंने 5 लाख रुपये देने की घोषणा की तथा प्रतिमा स्थल पर शेड निर्माण का भी आश्वासन दिया।

इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न संस्थाओं को आर्थिक सहायता भी प्रदान की, जिसमें गरनोटा ब्राह्मण कल्याण परिषद को 1 लाख, हुनेरा को 51 हजार तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को 21 हजार रुपये देने की घोषणा शामिल है।

कार्यक्रम में भक्ति संगीतकार पम्मी ठाकुर ने भक्ति रस से सराबोर प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर डीएसपी शेर सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पलायन के बाद भी नहीं मिल रहा पानी

## कलमला पंचायत के लोगों ने समस्या को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**धरवाला।** मैहला ब्लॉक की नवगठित ग्राम पंचायत कलमला में पेयजल संकट ने अब मानवीय संकट का रूप ले लिया है। पहाड़ की इस पंचायत के लोग हर साल अपने घर-आंगन छोड़कर छह महीनों के लिए दुधारू गांवों की ओर पलायन करते हैं, लेकिन इस बार वहां भी हालात बदतर हैं—न पानी, न व्यवस्था, सिर्फ संघर्ष।

खुराडी, जैठू, जन्द्री, अप्पर खुराडी, पलण, डुग गोठ, कुई और कुफर जैसे गांवों में रह रहे सैकड़ों लोग और उनके मवेशी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। पानी के अभाव में न सिर्फ पशुधन पर संकट गहराया है, बल्कि लोगों का जीवन भी रोज़ाना की जंग बन चुका है।


विधायक डॉ. जानकराज को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों ने विपिन शर्मा की अध्यक्षता में पांगी-भरमौर से विधायक डॉ. जनक राज को मांग पत्र सौंपते हुए साफ शब्दों में कहा कि 'अब हालात सहने के बाहर हो चुके हैं।' ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से इस समस्या को प्रशासन और संबंधित विभागों के सामने उठाया जा रहा है, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला, समाधान नहीं। ग्रामीणों ने भावुक होते हुए विधायक से कहा कि 'आप गद्दी समाज से हैं, हमारे दर्द को समझिए। हम अपने घर छोड़कर भी चैन से नहीं जी पा रहे।' यह अपील अब एक चेतावनी में बदलती दिख रही है। पानी जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में कलमला पंचायत के लोग दोहरी मार झेल रहे हैं—एक तरफ मजबूरी में पलायन, दूसरी तरफ वहां भी प्यासा जीवन। सवाल यह है कि आखिर कब तक ये पहाड़ अपने ही लोगों को यूं बेबस करता रहेगा? यदि समय रहते इस संकट का समाधान नहीं किया गया, तो यह केवल जल संकट नहीं रहेगा, बल्कि प्रशासनिक विफलता का बड़ा उदाहरण बनकर उभरेगा—जहां लोग विकास के दावों के बीच प्यास से जूझने को मजबूर हैं।

# चुराह में तेंदुए की दस्तक से दहशत

**अनंत ज्ञान, चंबा/चुराह।** तहसील चुराह के अंतर्गत आने वाले गांव सुलाना, डोभ और भंजराडू में इन दिनों तेंदुए की लगातार मौजूदगी ने लोगों की नींद उड़ा दी है। बीते कई दिनों से क्षेत्र में तेंदुए के देखे जाने की घटनाओं ने पूरे इलाके को दहशत के साए में धकेल दिया है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीण अब अपने ही घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार तेंदुआ बार-बार रिहायशी इलाकों के आसपास मंडरा रहा है, जिससे बच्चों, महिलाओं और पशुधन की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। शाम ढलते ही गांवों में सन्नाटा पसर जाता है और लोग अपने बच्चों को अकेले बाहर भेजने से कतरा रहे हैं। खेतों में काम करने जाना भी अब जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो कभी भी कोई बड़ी और दुखद घटना घट सकती है।

इस संबंध में गांव भंजराडू के निवासी कृष्णा महाजन सहित कई ग्रामीणों ने उप मंडल अधिकारी चुराह को लिखित रूप में शिकायत देकर वन विभाग की टीम को तुरंत मौके पर भेजने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि इस गंभीर खतरे को हल्के में न लिया जाए और तेंदुए को पकड़ने या उसे जंगल की ओर खदेड़ने के लिए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि प्रशासन की तत्परता ही किसी संभावित हादसे को टाल सकती है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस बढ़ते खतरे को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक ग्रामीणों को इस 'खौफ के साए' से राहत मिलती है।

# बचत योजनाओं को हर नागरिक तक पहुंचाने का संकल्प: करतार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय बचत सलाहकार बोर्ड में गैर सरकारी सदस्य के रूप में नियुक्त किए जाने पर चंबा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, चंबा सदर के विधायक नीरज नैय्यर, पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी और पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी का आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने अपनी नियुक्ति को न केवल व्यक्तिगत सम्मान बल्कि चंबा के कांग्रेस परिवार के विश्वास और समर्पण की जीत बताया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा और संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का वे पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बचत सलाहकार बोर्ड की भूमिका प्रदेश के हर नागरिक को लघु बचत योजनाओं से जोड़ने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण है। ग्रामीण और छोटे शहरी क्षेत्रों में योजनाओं की पहुंच प्राथमिकता रहेगी।

# डलहौजी में मुकेश अग्निहोत्री ने 96 करोड़ 32 लाख की 3 परियोजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास

अनंत ज्ञान


कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री व अन्य। अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रविवार को डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग की लगभग 96 करोड़ 32 लाख धनराशि वाली तीन परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए। उपमुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं के अंतर्गत 67 करोड़ 60 लाख रुपये की राशि से नवनिर्मित पेयजल योजना डलहौज़ी (सुधार एवं विस्तार) तथा 25 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि से निर्मित पेयजल योजना डलहौज़ी (संवर्धन एवं आल्हा जल संग्रहण सुधार) का विधिवत लोकार्पण किया। साथ में उन्होंने लगभग 3 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि से निर्मित होने वाली मल निकासी योजना डलहौज़ी (अवरोधन एवं दिशा परिवर्तन) का शिलान्यास भी किया।

मुकेश अग्निहोत्री ने डलहौज़ी स्थित परिधि गृह परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आधुनिक एवं सुदृढ़ पेयजल तथा स्वच्छता ढांचा विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गत तीन वर्षों के दौरान सरकार ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि डलहौज़ी शहर में पर्यटन की दृष्टि से भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। शहर की 40 लाख लीटर प्रतिदिन की मौजूदा क्षमता को इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से बढ़ाकर 80 लाख लीटर प्रतिदिन किया गया है। अब कुल 120 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता उपलब्ध होने से लोगों को विशेष सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि परियोजनाओं के तहत 220 किलोमीटर लंबी पेयजल आपूर्ति लाइन बिछाई गई है तथा 26 जल भंडारण टैंक बनाए गए हैं। इन योजनाओं से नगर परिषद, छावनी क्षेत्र, वायुसेना स्टेशन तथा आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलेगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि डलहौज़ी क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के 315 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य प्रगति पर हैं और मल निकासी योजना को वर्ष 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने डलहौजी-पठानकोट वोल्वो बस सेवा शुरू करने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता भारती नैय्यर, महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी अमित भरमौरी, अध्यक्ष भलेई माता प्रबंधन समिति कमल ठाकुर, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष धर्म सिंह पठानिया, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित शर्मा, एसडीएम अनिल भारद्वाज, मुख्य अभियंता जल शक्ति उत्तरी क्षेत्र दीपक गर्ग, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति राजेश मोगरा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं, बिमला देवी** (61 वर्ष) पत्नी श्री गुरबचन सिंह, निवासी गांव व डाकघर सिद्धबाड़ी, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हि.प्र.। घोषणा करती हूं कि मेरा पुत्र विजय सिंह मेरे नियंत्रण से बाहर है। अतः मैं अपने पुत्र विजय सिंह को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

"जन्म-मरण का सांसारिक चक्र तभी खत्म होता है, जब व्यक्ति को मोक्ष मिलता है। उसके बाद आत्मा अपने वास्तविक सत-चित-आनंद स्वभाव को सदा के लिए पा लेती है।
-हिंदू धर्मग्रंथ

## संपादकीय

# जाली करंसी का बढ़ता खतरा

हिमाचल प्रदेश में जाली करंसी के मामलों में हाल के दिनों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली है। पहले ऊना और उसके बाद हमीरपुर में भारी मात्रा में नकली नोटों की बरामदगी ने पूरे प्रदेश को सतर्क कर दिया है। हमीरपुर में पहले 3600 रुपए और फिर 14600 रुपए के नकली नोट पकड़े जाना इस बात का संकेत है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि एक संगठित गिरोह की सक्रियता का परिणाम है।

हमीरपुर पुलिस की तत्परता की सराहना करनी होगी कि उसने दोनों मामलों को तेजी से सुलझाया। हालांकि, सबसे बड़ी चुनौती अब यह है कि इन नकली नोटों की सप्लाई और छपाई कहां से हो रही है, इसका पता लगाया जाए। नकली नोट इस तरह से तैयार किए जा रहे हैं कि आम व्यक्ति आसानी से अंतर नहीं कर पा रहा कि नोट असली है या नकली। यह स्थिति चिंता का गंभीर विषय है।

भारत में नोटों की छपाई की व्यवस्था अत्यंत सुरक्षित और नियंत्रित है। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार नोटों का डिजाइन, सुरक्षा फीचर्स और वितरण प्रणाली तय होती है। देश में चार प्रमुख प्रिंटिंग प्रेस है-नासिक, देवास, मैसूर और सालबोनी, जहां अत्याधुनिक तकनीक और सुरक्षा मानकों के तहत नोट छापे जाते हैं। इतनी मजबूत व्यवस्था होने के बावजूद नकली नोटों का बाजार में पहुंचना एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। आरबीआई समय-समय पर स्वच्छ नोट नीति के तहत पुराने और खराब नोटों को हटाकर नए नोट जारी करता है, ताकि नकली नोटों की पहचान आसान हो सके और मुद्रा की गुणवत्ता बनी रहे। इसके बावजूद नकली करंसी का प्रसार यह दर्शाता है कि अपराधी तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं।

यदि यह सिलसिला इसी तरह जारी रहा, तो आम जनता के लिए असली और नकली नोट में फर्क करना बेहद मुश्किल हो जाएगा। इससे न केवल आर्थिक लेन-देन प्रभावित होगा, बल्कि बाजार की विश्वसनीयता पर भी असर पड़ेगा। छोटे व्यापारी, आम नागरिक और ग्रामीण क्षेत्र के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, क्योंकि उनके पास नोटों की जांच करने के संसाधन सीमित होते हैं। हिमाचल प्रदेश में अपेक्षाकृत अपराध की दर कम मानी जाती है और यहां के लोग सरल और भरोसेमंद स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। शायद इसी वजह से शातिर अपराधियों ने इस क्षेत्र को निशाना बनाने की कोशिश की होगी। लेकिन यह केवल एक संयोग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित षड्यंत्र प्रतीत होता है, जिसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

प्रदेश की छवि एक शांत और सुरक्षित राज्य के रूप में जानी जाती है, इसलिए नकली करंसी जैसे अपराध इस छवि को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो यह समस्या और व्यापक रूप ले सकती है। इसलिए सरकार और पुलिस प्रशासन को मिलकर इस नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने की जरूरत है। अब समय आ गया है कि केवल बरामदगी तक सीमित न रहकर पूरी सप्लाई चेन को खत्म किया जाए। इसमें तकनीकी जांच, वित्तीय निगरानी और अंतरराज्यीय सहयोग की भी आवश्यकता होगी। साथ ही आम जनता को भी जागरूक करना जरूरी है कि वे किसी भी संदिग्ध नोट को स्वीकार करने से पहले उसकी जांच करें। नकली करंसी का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी होता है। यह अपराधी नेटवर्क को मजबूत करता है और अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देता है।


यदि इस पर समय रहते रोक नहीं लगी, तो इसका असर पूरे राज्य की आर्थिक स्थिरता पर पड़ सकता है। नकली नोटों का प्रसार एक गंभीर चुनौती है, जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। पुलिस की सतर्कता सराहनीय है, लेकिन अब और अधिक तकनीकी और रणनीतिक कदम उठाने की आवश्यकता है। सरकार, प्रशासन और जनता—तीनों को मिलकर इस खतरे के खिलाफ एकजुट होना होगा। सावधानी और सतर्कता ही इस समस्या से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। यदि समय रहते ठोस कदम उठाए गए, तो हिमाचल प्रदेश को इस जाल से सुरक्षित रखा जा सकता है और इसकी शांत एवं सुरक्षित छवि को बनाए रखा जा सकता है। लोगों का जागरूक होना भी जरूरी है। पुलिस विभाग को चाहिए कि वह नकली नोटों की पहचान के लिए जगह-जगह विशेष जागरूकता शिविर लगाए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### आंध्र प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री

**एन. चंद्रबाबू नायडू** भारतीय राजनीति के एक प्रमुख और अनुभवी नेता हैं। वे आंध्र प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष हैं। उन्हें राज्य के आधुनिक विकास और तकनीकी प्रशासनिक सुधारों का अग्रदूत माना जाता है।



एन. चंद्रबाबू नायडू
जन्म : 20 अप्रैल, 1950

चंद्रबाबू नायडू का जन्म आंध्र प्रदेश के तिरुपति के पास नारावरिपल्ली गांव में एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की और छात्र राजनीति से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। बाद में वे 1975 में युवा कांग्रेस से जुड़े और 1978 में पहली बार विधायक बने। कम उम्र में ही उन्होंने राजनीतिक सफलता हासिल की और 28 वर्ष की उम्र में मंत्री बनने का रिकॉर्ड बनाया। 1980 के दशक में उनका राजनीतिक जीवन तेजी से आगे बढ़ा और वे एनटी रामाराव के परिवार से जुड़े, जब उनका विवाह एनटीआर की पुत्री से हुआ। इसके बाद वे तेलुगू देशम पार्टी में शामिल होकर संगठन के प्रमुख रणनीतिकार बन गए। 1995 में उन्होंने पार्टी के भीतर राजनीतिक बदलाव का नेतृत्व किया और मुख्यमंत्री बने। इसके बाद उन्होंने लगभग आठ वर्षों तक संयुक्त आंध्र प्रदेश का नेतृत्व किया। यह कार्यकाल राज्य के इतिहास में सबसे लंबे मुख्यमंत्रित्व कालों में से एक माना जाता है।

नायडू का कार्यकाल आधुनिक प्रशासनिक सुधारों के लिए जाना जाता है। उन्होंने ई-गवर्नेंस, सिटिजन चार्टर और डिजिटल प्रशासन जैसी योजनाओं को बढ़ावा दिया। उन्होंने राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग को विकसित करने पर विशेष जोर दिया और हैदराबाद को एक वैश्विक आईटी हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, विप्रो जैसी कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां राज्य में आईं। ■



गजल

## किसान तेरी कहानी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, लोअर अरनियाला, ऊना (हिमाचल प्रदेश)

**किसान** है तो अनाज है, किसान ही तो भगवान है
परिश्रम इनका धर्म है, ये हमारे दाता हैं ..
बदनाम करते हो तुम, आंदोलनरत क्यों रहते ये
आओ उनका साथ दें हम, सरकार को सच्चाई बताएं
सर्दी-गर्मी में मिट्टी में मिट्टी, मिलकर दुनिया को बताते
अपनी व्यथा को किसान, किसान है तो जहान है
नाम न उनका बदनाम करो, भूले से न उनका विरोध करो
अन्यथा विद्रोह की चिंगारी,समूचे देश को ले डूबेगी
किसान को अपनी धरती, अपने प्राणों से है प्यारी
बस यही है इनकी कहानी

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मोबाइल और सोशल मीडिया की लत-युवा पीढ़ी के भविष्य पर खतरा

स्मार्ट मोबाइल फोन और सोशल मीडिया की बढ़ती लत से आज की युवा पीढ़ी को बचाना बेहद जरूरी हो गया है। यह केवल एक आदत नहीं रही, बल्कि धीरे-धीरे एक गंभीर सामाजिक और मानसिक समस्या का रूप लेती जा रही है। चौंकाने वाले कई मामले सामने आ रहे हैं, जो इस बात की ओर इशारा करते हैं कि स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित तो हैं, लेकिन क्या वे उन्हें सही दिशा देने में सफल हो पा रहे हैं-यह एक बड़ा सवाल बन गया है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा, मो: 9816423051
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज के बच्चे न तो अभिभावकों की सलाह को गंभीरता से लेते हैं और न ही शिक्षकों की बातों का पालन करते दिखाई देते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि युवा पीढ़ी को सही रास्ता कौन दिखाएगा? सरकारें भी इस दिशा में ठोस और सख्त कदम उठाने से बचती नजर आती हैं, जिसका परिणाम यह है कि युवाओं का भविष्य धीरे-धीरे अंधकारमय होता जा रहा है।

हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से जुड़े एक परिवार की घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में रह रहे इस परिवार के 13 वर्षीय बच्चे को उसकी मां ने पढ़ाई के चलते मोबाइल फोन इस्तेमाल करने से मना किया। गुस्से में आकर बच्चे ने आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठा लिया। यह घटना केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है कि मोबाइल और सोशल मीडिया की लत किस हद तक खतरनाक हो चुकी है।

सोशल मीडिया और स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक संतुलन को बिगाड़ रहा है। इंटरनेट पर अश्लील सामग्री और पोर्नोग्राफी की आसान उपलब्धता बच्चों के मन पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। ऐसे में यह मांग उठना स्वाभाविक है कि बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर कड़े नियंत्रण या प्रतिबंध लगाए जाएं। इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के लिए भी सख्त नियम बनाना समय की आवश्यकता है।

सोशल मीडिया पर सेल्फी लेना, लगातार रील्स बनाना और वायरल होने की होड़ अब एक तरह की मानसिक बीमारी बनती जा रही है। खासकर कुछ युवतियां और महिलाएं इस दौड़ में ऐसी सामग्री प्रस्तुत कर रही हैं, जो सामाजिक मूल्यों को कमजोर करती है। एक समय था जब शर्म और संकोच को महिलाओं का आभूषण माना जाता था, लेकिन आज वही सोशल



मीडिया पर लोकप्रियता और कमाई का साधन बनता जा रहा है। यह समाज के लिए चिंताजनक संकेत है। डिजिटल युग में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा भी एक बड़ा मुद्दा बन चुकी है। सोशल मीडिया पर उनकी निजी जानकारी और तस्वीरों का दुरुपयोग हो रहा है, जिससे वे शोषण का शिकार हो रही हैं। पुलिस और प्रशासन को इस दिशा में अधिक सक्षम और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने की जरूरत है ताकि ऐसे अपराधों पर रोक लगाई जा सके।

हालांकि सोशल मीडिया का सकारात्मक पक्ष भी है। इसके माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान तेज और आसान हुआ है। व्हाट्सऐप जैसे प्लेटफॉर्म पर लोग महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हैं। कई सामाजिक संस्थाएं और कंपनियां इसका सही उपयोग भी कर रही हैं। लेकिन इसके नकारात्मक उपयोग ने इसके महत्व को कम कर दिया है। सोशल मीडिया की लत का असर पारिवारिक रिश्तों पर भी पड़ रहा है। लोग एक ही घर में रहते हुए भी आपस में संवाद कम और मोबाइल पर ज्यादा समय बिताते हैं। इससे रिश्तों में दूरियां बढ़ रही हैं। इसके अलावा साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। हैकर नकली आईडी बनाकर लोगों को ठग रहे हैं और डिजिटल फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक है। देर रात तक फोन चलाना, पर्याप्त नींद न लेना, आंखों पर असर पड़ना, गर्दन और कमर दर्द जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। फोन को चार्जिंग पर लगाकर इस्तेमाल करना या तकिए के नीचे रखकर सोना खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि इससे बैटरी ब्लास्ट जैसी घटनाएं भी हो सकती हैं। कोरोनाकाल के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई ने बच्चों को मोबाइल के और करीब ला दिया, जिसके दुष्परिणाम अब सामने आ रहे हैं। बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि कम होती जा रही है और वे अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताने लगे हैं। आत्मविश्वास में कमी, चिड़चिड़ापन और जिद्दी व्यवहार जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

विदेशों में इस समस्या को गंभीरता से लिया गया है। ऑस्ट्रेलिया जैसे देश ने कम उम्र के बच्चों के हाथों में स्मार्टफोन देने पर कड़े नियम लागू किए हैं। भारत में भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए और उन्हें सही दिशा देने का प्रयास करना चाहिए। यह कहना गलत नहीं होगा कि स्मार्टफोन और सोशल मीडिया का सही उपयोग जहां लाभकारी है, वहीं इसका दुरुपयोग समाज के लिए घातक साबित हो रहा है। युवा पीढ़ी को इस लत से बचाने के लिए समाज, अभिभावकों, शिक्षकों और सरकार—सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। तभी हम आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित और उज्जवल भविष्य दे सकेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नशामुक्त पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव की आवश्यकता

पंचायतों और नगर निकायों के चुनाव की हलचल शुरू हो चुकी है। उम्मीदवारों की सक्रियता और महत्वाकांक्षाएं भी बढ़ गई हैं। हर कोई चुनाव जीतने की कोशिश में लगा है, लेकिन चुनाव जीतने के लिए जो तरीके अपनाए जाते हैं, वे कई बार लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन जाते हैं। जातिवाद, इलाकावाद, परिवारवाद और धनबल के साथ-साथ अब सबसे खतरनाक हथकंडा नशे का उपयोग बन चुका है।



सत्यवान पुंडीर
जन स्वास्थ्य अभियान (हि. प्र.)
मोबाइल : 9418024441
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

चुनावों में शराब का इस्तेमाल लंबे समय से होता आया है, लेकिन अब यह केवल शराब तक सीमित नहीं रहा। सिंथेटिक ड्रग्स जैसे चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों के वितरण की आशंका भी बढ़ती जा रही है। यह स्थिति समाज और विशेषकर युवाओं के भविष्य के लिए बेहद खतरनाक है। आज माता-पिता के लिए सबसे बड़ी चुनौती अपने बच्चों को नशे से दूर रखना बन गई है। चुनावी समय में गांव-गांव शराब और अन्य नशीले पदार्थ बांटे जाने की घटनाएं सामने आती हैं। इससे न केवल सामाजिक वातावरण खराब होता है, बल्कि परिवारों में झगड़े, हिंसा और अस्थिरता भी बढ़ती है। मुफ्त की शराब कुछ दिनों की खुशी देकर जीवनभर की समस्याएं छोड़ जाती है। यही नहीं, यह प्रवृत्ति नए नशा उपभोक्ताओं का एक बड़ा वर्ग भी तैयार करती है, जो आगे चलकर नशा माफिया के लिए स्थायी ग्राहक बन जाते हैं।

नशा माफिया अक्सर युवाओं और स्कूली बच्चों को पैसों का लालच देकर इस अवैध धंधे में शामिल कर लेते हैं। कई युवा खुद भी इसकी चपेट में आकर अपराध की दुनिया में चले जाते हैं। जो बच्चे पढ़-लिखकर समाज के लिए योगदान दे सकते थे, वे नशे और अपराध के जाल में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद कर लेते हैं। इसके पीछे कई बार राजनीतिक संरक्षण और प्रभावशाली लोगों की भूमिका



भी सामने आती है। नशे का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। शराब और नशे के कारण घरेलू हिंसा, पारिवारिक कलह और तलाक जैसे मामले बढ़ रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। कई स्थानों पर नशे के कारण अपराध और छेड़छाड़ की घटनाओं में भी वृद्धि देखी जा रही है। विशेषकर किशोरावस्था के बच्चे सबसे अधिक संवेदनशील स्थिति में होते हैं। स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्र नशा तस्करों के आसान निशाने बन जाते हैं। यही कारण है कि समाज के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वह अपने बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करे।

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और अन्य सामाजिक संगठन पिछले कई वर्षों से नशामुक्ति के लिए अभियान चला रहे हैं। 'युवा बचाओ अभियान' जैसे प्रयास समाज को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। आगामी चुनावों को देखते हुए यह अपील की जा रही है कि किसी भी प्रकार के नशे या पैसे के वितरण को रोका जाए। मतदाताओं को भी यह समझना होगा कि जो उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए शराब या पैसे का सहारा लेते हैं, वे बाद में भ्रष्टाचार की ओर बढ़ते हैं। इसलिए जरूरी है कि मतदाता जागरूक होकर ऐसे उम्मीदवारों का बहिष्कार करें। आज आवश्यकता इस बात की है कि हर उम्मीदवार से यह शपथ ली जाए कि वह चुनाव में न तो नशे का उपयोग करेगा और न ही धनबल का।

साथ ही चुनाव जीतने के बाद अपने क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगा। नशा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। इसलिए जरूरी है कि हम सब मिलकर इस प्रवृत्ति के खिलाफ खड़े हों। बड़ा सवाल यह है कि क्या हम बिकाऊ लोकतंत्र का हिस्सा बनना चाहते हैं? क्या हम अपने बच्चों का भविष्य नशे में डूबता हुआ देखना चाहते हैं? यदि नहीं, तो हमें आज ही निर्णय लेना होगा कि हम ऐसे उम्मीदवारों का समर्थन नहीं करेंगे जो नशे या पैसे के दम पर चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आध्यात्मिक एवं क्षत्रिय शक्ति से परिपूर्ण धुरंधर योद्धा भगवान परशुराम

भारतवर्ष आध्यात्मिक संपत्ति एवं क्षात्र बल से परिपूर्ण महापुरुषों की पावन धरा है। ब्रह्म शक्ति और क्षात्र शक्ति में पारंगत भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार के रूप में प्रसिद्ध है। जिनका संबंध त्रेता युग से है।



आचार्य दीप चंद भारद्वाज
(आध्यात्मिक चिंतक)
मोबाइल : 9992698780
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

स्कंद पुराण के अनुसार वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। संपूर्ण भारत वर्ष में इस दिन को अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है। परशुराम जी के पिता महर्षि जमदग्नि तथा माता रेणुका जी थी। रामायण, महाभारत, भागवत पुराण आदि अनेक ग्रंथों में परशुराम जी का उल्लेख प्राप्त होता है। पौराणिक साहित्य में सतयुग तथा त्रेतायुग का संधिकाल परशुराम जी का समय माना जाता है। परशुराम भारत की स्वर्णिम ऋषि परंपरा के महान संवाहक हैं। शस्त्र तथा शास्त्र दोनों विद्याओं पर इनका समान अधिकार था। इनके पितामह ऋषि भृगु ने इनका नाम अनंतर राम रखा। भगवान शिव द्वारा दिए गए अस्त्र परशु उनके हाथ में सर्वथा रहने के कारण ये परशुराम के नाम से प्रसिद्ध हुए। इन्होंने महर्षि विश्वामित्र तथा महर्षि ऋचीक के आश्रम में अपनी शिक्षा दीक्षा प्राप्त की। परशुराम जी की दक्षता, योग्यता तथा पराक्रम से प्रसन्न होकर महर्षि ऋचीक ने इन्हें सारंग धनुष उपहार में दिया। भगवान शिव परशुराम जी के गुरु थे। शंकर की कठोर तपस्या एवं आराधना के माध्यम से परशुराम जी ने अनेक प्रकार की आध्यात्मिक शक्तियां प्राप्त की।ये सैन्य विद्या के धुरंधर विद्वान प्रथम पराक्रमी ब्राह्मण थे। इनका जन्म तो ब्राह्मण कुल में अवश्य हुआ, लेकिन कर्म से परशुराम जी महान क्षत्रिय योद्धा थे।

भगवान परशुराम श्री कृष्ण एवं श्री राम दोनों के समय में थे। भगवान श्री कृष्ण को सुदर्शन चक्र परशुराम जी ने ही प्रदान किया था। सीता स्वयंवर में श्रीराम का अभिनंदन स्वयं इन्हीं के द्वारा किया गया था। भीष्म



पितामह, द्रोणाचार्य, महाबली कर्ण भी भगवान परशुराम के शिष्य समान थे। परशुराम जी का समय राजनीतिक उथल-पुथल, अन्याय ,अत्याचार से परिपूर्ण था। हैहय वंश के निरंकुश, अहंकारी क्षत्रिय राजा ने पृथ्वी पर नरसंहार का तांडव दृश्य उपस्थित कर दिया था। इस वंश के दमनकारी, निर्दयी राजा सहस्त्रार्जुन ने परशुराम के पिता ऋषि जमदग्नि के आश्रम में जाकर उत्पात मचाया। सैकड़ों प्रकार के सैन्य बल से युक्त इस सहस्त्रार्जुन की अकेले अपने फरसे से परशुराम ने धज्जियां उड़ा दी। परशुराम जी ने अपने परशु से इस आतताई की भुजाएं काट दी थी। सहस्त्रार्जुन के पुत्रों ने इसका प्रतिशोध लेने के लिए परशुराम की अनुपस्थिति में महर्षि जमदग्नि के आश्रम पर आक्रमण करके उनकी निर्मम हत्या कर दी थी । हैहय राजाओं के द्वारा पिता वध के इस अमानुषी कृत्य ने परशुराम को विह्वल कर दिया था। पौराणिक ग्रंथों में वर्णित है कि परशुराम जी ने 21 बार हैहय वंश के घमंडी क्षत्रिय राजाओं का संहार करके पृथ्वी को आतंकियों से मुक्त कर दिया था। भगवान परशुराम आर्यवर्त की दैवी संपत्ति से परिपूर्ण ऋषि संस्कृति के प्रबल समर्थक एवं रक्षक थे। उन्होंने संपूर्ण भारतवर्ष के अन्यायी एवं पथभ्रष्ट राजाओं का समूल नाश करके सनातन वैदिक धर्म को प्रतिष्ठित करने का प्रण लिया था। धर्म की स्थापना हेतु परशुराम जी ने चतुर्दिक विजय अभियान चलाया था।

सर्वप्रथम दक्षिण प्रांत के अहंकारी राजा श्वतकेतु को परास्त कर सनातन धर्म को प्रतिष्ठित किया। परशुराम जी का चिंतन राष्ट्र की संपूर्ण प्रजा के लिए कल्याणकारी था। उनका मानना था कि जिस देश के राजा अपनी शक्ति का दुरुपयोग करके निर्दयी एवं पैशाची रूप धारण करके, ऋषि मुनियों का निर्मम उत्पीड़न प्रजा अनीति तथा अत्याचारों से तंग आ चुके हों वहां धर्म तत्व तथा आध्यात्मिक वातावरण की स्थापना के लिए तथा पैशाची विचार संपदा से ग्रस्त दैत्यों के संहार के लिए शस्त्र उठाना अनिवार्य हो जाता है। अपने आध्यात्मिक एवं क्षत्रिय बल के माध्यम से परशुराम जी ने राष्ट्र, प्रजा तथा ऋषि-मुनियों के आध्यात्मिक स्वाभिमान की रक्षा की। जमदग्नि के पुत्र होने के कारण जामदग्नेय, गोत्र के कारण भार्गव और ब्राह्मण श्रेष्ठ इन नामों से परशुराम जी प्रसिद्ध हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल में कॉलेजों में बढ़ती अनुशासनहीनता : कारण और समाधान

कॉलेजों में बढ़ती अनुशासनहीनता आज एक गंभीर सामाजिक और शैक्षिक समस्या बन चुकी है। यह समस्या केवल शिक्षण संस्थानों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे परिवार, समाज, शिक्षा प्रणाली और छात्रों की मानसिकता जैसे कई कारण जुड़े हुए हैं।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, गांव कोटला, घुमारवीं
मोबाइल : 9417379327
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

कॉलेज वह स्थान होता है जहां विद्यार्थी केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन के मूल्य, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी सीखते हैं लेकिन वर्तमान समय में यहां अनुशासनहीनता की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जैसे हड़ताल, हिंसा, नशाखोरी, शिक्षकों के प्रति असम्मान और समूहबाजी।

आज के छात्र अधिक स्वतंत्रता चाहते हैं, जो एक सीमा तक उचित भी है, लेकिन जब यह स्वतंत्रता नियंत्रण से बाहर हो जाती है तो अनुशासनहीनता का रूप ले लेती है। सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रभाव, तुरंत सफलता पाने की चाह और धैर्य की कमी छात्रों को नियमों से दूर कर देती है। वे अपने अधिकारों पर अधिक ध्यान देते हैं, जबकि कर्तव्यों की अनदेखी करते हैं। परिवार भी बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब माता-पिता बच्चों को सही दिशा नहीं देते या अत्यधिक लाड़-प्यार करते हैं, तो बच्चे अनुशासन का महत्व नहीं समझ पाते। कई बार अभिभावक बच्चों की गलतियों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे गलत आदतें विकसित हो जाती हैं।

शिक्षा प्रणाली में भी नैतिक शिक्षा और अनुशासन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आज शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना और नौकरी प्राप्त करना बन गया है, जिससे चरित्र निर्माण कमजोर होता जा रहा है।

कॉलेजों में नियमों की कमी और उनके पालन में ढिलाई भी अनुशासनहीनता को बढ़ावा देती है। शिक्षक छात्रों के



आदर्श होते हैं। यदि शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर नहीं हैं या छात्रों से उचित संवाद नहीं रखते, तो छात्र उनसे जुड़ाव महसूस नहीं करते।

इससे अनुशासन बनाए रखना कठिन हो जाता है। कुछ शिक्षकों की उदासीनता भी इस समस्या को बढ़ाती है। कई कालेजों में छात्र राजनीति का प्रभाव भी अनुशासनहीनता का बड़ा कारण है। बाहरी राजनीतिक दल छात्रों को अपने हितों के लिए उपयोग करते हैं, जिससे शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होता है। इससे कालेजों में तनाव और अशांति बढ़ती है। कॉलेज प्रशासन की ढिलाई भी इस समस्या को और अधिक गंभीर बना देती है। जब संस्थानों में नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया जाता और दोषियों के खिलाफ समय पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तो छात्रों में अनुशासन का भय समाप्त हो जाता है। ऐसी स्थिति में वे मनमानी करने लगते हैं, जिससे कॉलेज का पूरा शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होता है और पढ़ाई का स्तर भी गिरता है। इस समस्या के समाधान के लिए सभी पक्षों परिवार, शिक्षक, प्रशासन और समाज को मिलकर गंभीर प्रयास करने होंगे। केवल एक पक्ष के प्रयास से यह समस्या समाप्त नहीं हो सकती। कॉलेजों में स्पष्ट और सख्त नियम लागू किए जाएं तथा उनका निष्पक्ष और समान रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी छात्रों में अनुशासन की भावना बनी रहे। साथ ही नैतिक शिक्षा को पाठ्य, म का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए, जिससे छात्रों में जिम्मेदारी, आत्मनियंत्रण और सामाजिक मूल्यों का विकास हो सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### श्री राम हनुमान मंदिर में मनाई परशुराम जयंती

अनंत ज्ञान, महादेव। परशुराम जयंती पर यह विचार सामने आया कि राष्ट्र नायक विशेष समुदाय के नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की विभूति होते हैं, भगवान परशुराम ने कार्तिक वीर अर्जुन को परास्त किया था और अनेकों बार दुष्टों का संहार किया था।दूर -दूर तक प्रसिद्ध श्री राम हनुमान मंदिर लोअर महादेव के प्रांगण में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रविवार को भगवान परशुराम को याद-नमन करते हुए उनकी जयंती मनाई।इस मौके पर कृष्ण चंद्र महादेविया ने नित नए -नए कबाड़ियों,बाल खरीदने वालों, फेरीवालों, नमकीन, आचार बेचने वाले संदिग्धों पर नजर रखने का आह्वान किया।स्वामी राणा ने नशे के विरुद्ध जाने को लेकर अपना संकल्प दोहराते हुए चिट्टा समेत अन्य कई प्रकार के नशों से बचाव को लेकर गांव गांव में जन जागरूकता करने का सुझाव दिया।जिस पर उपस्थित सभी सज्जन लोगों ने सहमति जताई। यही नहीं विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े लोगों ने इस आयोजित बैठक में पदम सिंह, नरेश अमरोही, देविंद्र ठाकुर, विरेंद्र ठाकुर,मिलाप सपहिया, कर्म चंद व तेजेन्द्र गौतम ने भी खासतौर पर संबोधित किया।

### अक्षय तृतीया पर सूरजकुंड मंदिर में उमड़ी श्रद्धा

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। ऐतिहासिक सूरजकुंड मंदिर में अक्षय तृतीया का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर सुधार समिति की प्रधान डॉ. सरला गौतम और सचिव दीप कुमार ने बताया कि अक्षय तृतीया का दिन इस मंदिर के लिए बेहद खास है। 18वीं शताब्दी में इसी दिन इस प्राचीन मंदिर की स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी। इस मंदिर का निर्माण राजा गरुड़ सेन और उनकी रानी पुंछमू देई ने 1725 से 1728 ईस्वी के बीच करवाया था। भगवान सूर्य की 33 किलो 600 ग्राम वजनी अष्टधातु की मूर्ति है, जो पीतल के रथ पर विराजमान है। रानी पुंछमू देई सूर्य देव की परम भक्त थीं। माना जाता है कि उस दौर में मंदिर के कुंड के जल से नेत्र और चर्म रोगों का इलाज होता था। सूरजकुंड मंदिर हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। मंदिर सुधार समिति पिछले पांच वर्षों से लगातार यहां अक्षय तृतीया के दिन भंडारे का आयोजन कर रही है। समिति स्थानीय लोगों के सहयोग से मंदिर के जीर्णोद्धार (मरम्मत और सुधार) का कार्य भी कर रही है ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस गौरवशाली इतिहास से रू-ब-रू हो सकें।



### पांगणा की भजन गायिका लता गुप्ता का निधन

अनंत ज्ञान, करसोग। पांगणा की प्रसिद्ध भजन गायिका लता गुप्ता (55) का आकस्मिक निधन हो गया, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। लता गुप्ता अपने मधुर भजनों और आध्यात्मिक गायन के लिए जानी जाती थीं। धार्मिक आयोजनों और सत्संगों में उनकी उपस्थिति विशेष मानी जाती थी। उन्होंने समाज सेवा में भी अहम योगदान दिया और ब्रह्म कुमारी विश्वविद्यालय, पांगणा-सुकेत के लिए अपने घर की दूसरी मंजिल दान कर प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। उनके निधन को क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।



# सुंदरनगर में पेयजल संकट का स्थायी समाधान ₹31.79 करोड़ की जरोल-कांगू योजना तैयार

## 19 भंडारण टैंक, 129 किमी पाइपलाइन नेटवर्क, 20 गांव, 80 बस्तियां होंगी लाभान्वित

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के जरोल-कांगू इलाके के ग्रामीणों को जल्द ही पेयजल संकट से स्थायी राहत मिलने जा रही है। जल शक्ति विभाग द्वारा न्यू डेवलपमेंट बैंक (एन डीबी) के वित्तीय सहयोग से तैयार एम-4 पैकेज बहु-ग्राम पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। विभाग के अनुसार योजना फिलहाल ट्रायल रन में है और शीघ्र ही सभी क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

करीब ₹31.79 करोड़ की लागत से बनी इस योजना में निर्माण के साथ आगामी पांच वर्षों का संचालन एवं अनुरक्षण (ओ एंड एम) भी शामिल है। योजना के तहत 19 भंडारण टैंक बनाए गए हैं, जबकि लगभग 129 किलोमीटर लंबा पाइपलाइन नेटवर्क बिछाया गया है। इस परियोजना से करीब 14,934 लोगों और तीन हजार से अधिक परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। योजना के अंतर्गत 20 गांवों और 80 बस्तियों को जोड़ा गया है। वर्तमान में मलोह, भनवाड़, बोबर, जरोल और कपाही पंचायतों को इस सुविधा से लाभान्वित किया जा रहा है।



- 14,934 लोगों को मिलेगा सीधा फायदा
- बीबीएमबी नहर से सालभर जलापूर्ति सुनिश्चित

क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल की समस्या बनी हुई थी। पुरानी योजनाएं स्थानीय जल स्रोतों पर आधारित थीं, जिनका जलस्तर गर्मियों में घट जाता था। अब इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ब्यास-सतलुज लिंक (बीबीएमबी) नहर को मुख्य स्रोत बनाया गया है, जिससे सालभर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

योजना के तहत चांदपुर में 2.24 एमएलडी क्षमता का आधुनिक जल शोधन संयंत्र भी स्थापित किया गया है। इसमें फ्लैश मिक्सिंग, ट्यूब सेटलिंग और रैपिड सैंड फिल्ट्रेशन जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।

> कपाही फेज में ट्रायल सफल रहा है और वहां नियमित जलापूर्ति शुरू कर दी गई है, जबकि मलोहगलू फेज अंतिम परीक्षण चरण में है। योजना के पूर्ण संचालन से न केवल पेयजल संकट का स्थायी समाधान होगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।
> – ई. रजत गर्ग, अधिशासी अभियंता, जल शक्ति मंडल सुंदरनगर

> एनडीबी के माध्यम से मंडी जिला में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिनमें सुंदरनगर की जरोल-कांगू योजना प्रमुख है। इस योजना से क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा।
> –इंजीनियर धर्मेंद्र गिल, प्रमुख अभियंता, प्रोजेक्ट जल शक्ति विभाग

# नेरचौक बाजार में गंदगी का अंबार सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल




अनंत ज्ञान

भीम बसेड़ु राजपूत, महादेव। बल्ह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर परिषद नेरचौक का प्रमुख बाजार क्षेत्र इन दिनों गंदगी और कूड़े-कचरे की समस्या से जूझ रहा है। ऑटोमोबाइल वर्कशॉप्स की सामग्री और कचरे के बिखराव से बाजार की संकरी गलियों में आवागमन भी प्रभावित हो रहा है।

कूड़े-कचरे का उचित निष्पादन न होने के कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी का आलम बना हुआ है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। नगर परिषद बनने के बावजूद साफ-सफाई व्यवस्था अपेक्षित स्तर पर न होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

शहर के सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों के आसपास भी कूड़े के ढेर लगे रहने से वातावरण दूषित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वच्छता को लेकर लंबे समय से मांग उठाई जा रही है, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हो पाया है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से अपील की है कि नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि स्वच्छ भारत अभियान को जमीन पर सही अर्थों में लागू किया जा सके।

# महिलाओं के लिए निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण 18 से

अनंत ज्ञान

- 35 वर्ष आयु वर्ग को मिलेगा रोजगारपरक कौशल, रहने व खाने सहित सभी सुविधाएं मुफ्त

रूपी ठाकुर, बरोट। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण बीपीएल, अंत्योदय स्वयं सहायता समूह और मनरेगा परिवारों की महिलाओं के लिए रोजगारपरक लघु अवधि निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत इच्छी (कांगड़ा) स्थित चौधरी पवन सिंह शिक्षा समिति के दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना प्रशिक्षण केंद्र में अप्रैल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग तथा सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर ट्रेड में 10 माह का प्रशिक्षण शुरू किया गया है, जिसमें 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं पात्र होंगी।

प्रशिक्षण दो चरणों में संचालित होगा, जिसमें चार माह कक्षाएं और छह माह औद्योगिक प्रशिक्षण शामिल रहेगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान रहने, खाने, किताबें, प्रशिक्षण किट और वर्दी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, साथ ही आईटी, सॉफ्ट स्किल और अंग्रेजी के साथ कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

प्रोजेक्ट प्रबंधन से जुड़े प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रमाण पत्र के साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे और इच्छुक महिलाएं अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ लें। इस दौरान संचालक निश्चय अवस्थी, पूर्व उपप्रधान प्रदीप कुमार और समाजसेवी तिलक ठाकुर ने गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया।

# पर्यटन मानचित्र पर आने को तरस रहीं छोटा भंगाल और चौहार घाटियां

अनंत ज्ञान, बरोट। जिला कांगड़ा की छोटा भंगाल घाटी और मंडी की चौहार घाटी प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक स्थलों से समृद्ध होने के बावजूद आज भी पर्यटन मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने को तरस रही हैं, जहां सड़क सुविधा और आधारभूत ढांचे की कमी के चलते कई रमणीक स्थल पर्यटकों की पहुंच से दूर हैं।

- सड़क और सुविधाओं के अभाव में प्राकृतिक धरोहरों की अनदेखी

ब्रिटिश काल में विकसित बरोट हिल स्टेशन भी उपेक्षा का शिकार बना हुआ है, जबकि यहां पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड के दो कृत्रिम जलाशय और उहल नदी के किनारे बना जल फव्वारा आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं। करीब 18 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित डेहनसर झील, फुलाधार और झटिंगरी के देवदार-कैल के घने जंगल, राजगुंधा, चन्हैई रा पधर, प्लाचक, पनिहारटू, सल्याहतर पास, भुभुजोत, थमसर जोत और ढूंडणीधार जैसे स्थल पर्यटन की अपार संभावनाएं समेटे हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकार इन घाटियों को पर्यटन मानचित्र पर स्थान देकर बुनियादी सुविधाएं विकसित करे तो क्षेत्र की तस्वीर बदल सकती है। द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने भी घाटियों में पर्यटन विकास और सुविधाएं बढ़ाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस दिशा में प्रदेश सरकार के समक्ष प्रभावी पैरवी की जाएगी।

# मंडी के 500 वर्षों के इतिहास को सहेजने की पहल, प्रबुद्धजनों की बैठक फिर शुरू

अनंत ज्ञान



विचार-विमर्श कार्यक्रम में अपने विचार रखते वक्ता और उपस्थित प्रबुद्धजन। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। दीन सहायक ट्रस्ट के आह्वान पर स्थानीय कार्यालय में आयोजित विचार-विमर्श कार्यक्रम में मंडी के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने को लेकर गंभीर मंथन हुआ। लंबे समय से बंद पड़ी प्रबुद्ध जनों की मासिक बैठक को इस अवसर पर पुनः आरंभ किया गया, जिसमें शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और जागरूक नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. हर्ष कुमार ने 'रियासतकालीन मंडी के अनछुए पहलू' विषय पर विस्तार से अपने विचार रखे और इतिहास के कई कम चर्चित तथ्यों को सामने लाते हुए मंडी की समृद्ध विरासत को नई दृष्टि से समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अतीत की सही समझ ही भविष्य की दिशा तय करती है। कार्यक्रम के अंत में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने 'मंडी@500' प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल के तहत मंडी के 500 वर्षों के इतिहास, संस्कृति और सामाजिक परंपराओं पर विशेषज्ञों से लेख आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिन्हें संकलित कर पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक विद्वानों और शोधकर्ताओं से इस प्रयास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उपस्थित लोगों ने इस पहल को मंडी की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए इसकी सराहना की।

# धर्मपुर नगर पंचायत ने विकास कार्यों में तेज की रफ्तार

अनंत ज्ञान

- स्ट्रीट लाइट, सड़क और सफाई व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में शुरू हुई योजनाएं

धर्मपुर। मंडी जिले के धर्मपुर उपमंडल मुख्यालय में हाल ही में गठित नगर पंचायत ने अपने कार्यों को गति देते हुए क्षेत्र के शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू कर दी है। स्थानीय प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत ने विभिन्न बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम शुरू कर दिया है, जिससे आने वाले समय में धर्मपुर को एक व्यवस्थित और आधुनिक नगर के रूप में विकसित किया जा सके।

नगर पंचायत के निर्देश पर विद्युत विभाग को प्रत्येक वार्ड में स्थापित की जाने वाली स्ट्रीट लाइट्स का विस्तृत प्राक्कलन तैयार करने को कहा गया है। इससे साफ है कि प्रशासन शहर की रोशनी व्यवस्था को प्राथमिकता दे रहा है। अनुमान है कि प्राक्कलन तैयार होते ही कार्य को मंजूरी देकर जल्द ही शहर के हर वार्ड में स्ट्रीट लाइट्स लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा, जिससे न केवल रात के समय आवाजाही सुगम होगी बल्कि सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी।

इसके साथ ही नगर पंचायत ने शहर के समग्र विकास के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर काम करने की रूपरेखा तैयार कर ली है। प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को गति देने के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे, जिससे गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य सुनिश्चित हो सके। सड़कों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों और अन्य आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए यह कदम बेहद अहम माना जा रहा है।

स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी नगर पंचायत ने ठोस कदम उठाए हैं। शहर में कचरा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गार्बेज कलेक्शन व्हीकल की मांग सरकार से की गई है। इसके लिए आवश्यक प्रक्रियाएं आरंभ कर दी गई हैं और उम्मीद है कि जल्द ही यह सुविधा भी नगरवासियों को उपलब्ध होगी। इससे शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार आएगा और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। नगर पंचायत के इन प्रयासों से स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। यदि योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू होती हैं, तो धर्मपुर को आने वाले समय में एक सुव्यवस्थित और स्वच्छ नगर के रूप में अपनी पहचान बना सकता है।

> क्या कहते हैं इस बारे में अधिकारी धर्मपुर नगर पंचायत ने अपना कार्य आरंभ कर दिया है लोगों व जन प्रतिनिधियों के सहयोग इसे किसी सुंदर शहर के रूप में विकसित किया जाएगा।
> - दलेर सिंह राणा, इंचार्ज, नगर पंचायत धर्मपुर।

# परशुराम जयंती पर ब्राह्मण सभा ने करवाया 29 युवाओं का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

अनंत ज्ञान



यज्ञोपवीत संस्कार के बाद सामूहिक चित्र में युवा। अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। सुंदरनगर में परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण सभा द्वारा स्थानीय लक्ष्मी नारायण मंदिर में एक भव्य सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 29 युवाओं ने भाग लिया और पूरी निष्ठा के साथ संस्कार ग्रहण किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्वान पंडितों विशाल शर्मा, हेमेंद्र शर्मा और मनोज शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न करवाया। इस अवसर पर आचार्य संदीपन वशिष्ठ ने युवाओं को गुरुमंत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र वशिष्ठ और प्रधान राकेश कौल ने बताया कि संस्था की ओर से प्रतिवर्ष इस संस्कार का आयोजन किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों के साथ जोड़कर रखना है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जितेंद्र वशिष्ठ ने युवाओं को नशे जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने और भविष्य में एक अनुशासित तथा संस्कारित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

यज्ञोपवीत संस्कार ग्रहण करने वाले युवाओं में नवीन शर्मा, दैविक वशिष्ठ चौहान, आरुष वशिष्ठ चौहान, चंदन शर्मा महादेव, यश शर्मा सकराह, वेदान्त शर्मा सकराह, स्वास्तिक शर्मा कालौनी, दिवांश शर्मा, दिवांग शर्मा, डिम्पल शर्मा पंडोह,वीरेन शर्मा, शौर्य शर्मा सुंदरनगर, काव्य शर्मा, अंकित शर्मा गलमा, रजत शर्मा गलमा, तेजेश्वर शर्मा जिंगल करसोग, उपेंद्र शर्मा बाढ़ु, अभिषेक हमीरपुर आदि ने हिस्सा लिया और विद्वानों ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

# एसडीएम सरकाघाट रसोई गैस की सप्लाई सुनिश्चित करने में फेल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट स्थित रसोई गैस एजेंसी जो नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित की जा रही है वह गैस सप्लाई करने में पूरी तरह फेल हो रही है। आलम यह है की एसडीएम भी इसे सुनिश्चित नहीं करवा पा रहे हैं और खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर अपनी मनमर्जी से सप्लाई कर रहे हैं। भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि उन्होंने एक महीना पहले एसडीएम सरकाघाट को इस बारे अवगत करवाया था कि गांव डरवाड़, छतैणा, घरवासड़ा, गरली, अंसवाई, भड्डू, चस्वाल में पिछले तीन महीने से सप्लाई नहीं हो रही है, तो उन्होंने बताया था कि रसोई गैस की कोई कमी नहीं है लेकिन वे पिछले डेढ़ महीने से वहां पर गैस सप्लाई नहीं करवा पा रहे हैं और फोन करने पर कहते हैं कि आप इंस्पेक्टर खाद्य आपूर्ति से बात करें। इससे साफ है कि वे इंस्पेक्टर और गैस सप्लाई करने वाले ठेकेदार के आगे असहाय हैं जो अपने ही कहे अनुसार गैस सप्लाई सुनिश्चित नहीं करवा पा रहे हैं। इससे यह साफ है कि वे ठेकेदार के आगे बौने साबित हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि वे इसके खिलाफ सोमवार को एसडीएम कार्यालय सरकाघाट पर धरना देंगे।

- कई गांवों में तीन महीने से नहीं जा रही है गैस की सप्लाई
- आज एसडीएम कार्यालय का घेराव करेगी किसान सभाः भूपेंद्र सिंह

# 22 को शिमला में जुटेंगे भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बलों के प्रतिनिधि

अनंत ज्ञान

- वार्षिक बैठक में अहम मुद्दों पर मंथन

सरकाघाट। हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण समिति की वार्षिक बैठक 22 अप्रैल 2026 को शिमला में आयोजित होगी। बैठक प्रातः 11 बजे तारा देवी स्थित सभागार में संपन्न होगी।

बैठक में सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, सशस्त्र सीमा बल और असम राइफल्स से जुड़े पूर्व कर्मियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रदेश के सभी जिला और तहसील स्तर के पदाधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जबकि प्रत्येक इकाई से पांच प्रतिनिधियों की उपस्थिति अपेक्षित रखी गई है।

बैठक के दौरान पूर्व अर्द्धसैनिक बलों के कल्याण, पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही संगठन की गतिविधियों की समीक्षा कर भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

कार्यक्रम में वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले सदस्यों के लिए ठहरने की विशेष व्यवस्था की जा रही है।

यह निर्देश संगठन के राज्य अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईजी एसएस हाटा द्वारा जारी किए गए हैं। राज्य महासचिव ज्ञान ठाकुर और मीडिया प्रभारी विजय ठाकुर ने सभी पदाधिकारियों से समय पर पहुंचने की अपील की है।

## एडमिशन — सरकारी स्कूलों में सीबीएसई के प्रति स्टूडेंट्स का भारी उत्साह

# मंडी जिले में 12 हजार से अधिक बच्चों ने लिया प्रवेश

अनंत ज्ञान

- अभिभावकों सहित सीबीएसई स्कूलों में प्रवेश पाने वाले बच्चों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

अनिल शर्मा, मंडी। सरकारी स्कूलों में सीबीएसई बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई के 'सुक्खू सरकार' के फैसले का लोगों ने खुले दिल से स्वागत किया है। प्रथम चरण में जिला मंडी के 23 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई के अधीन किया गया है। यहां प्रवेश पाने के लिए छात्रों एवं अभिभावकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। 12 हजार से अधिक बच्चे विभिन्न कक्षाओं में अभी तक दाखिला ले चुके हैं।

जिले की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंगरोटू, मढ़ी, पनारसा, जोगिंदरनगर, करसोग, गोहर, मंडी, सरकाघाट, जंजैहली, सुंदरनगर, रिवालसर, गढ़ीधार, भड़ग, भराड़ी स्थित सज्जयाओपिपल, चौंतड़ा, कोटली, बालीचौकी, पांगणा, पधर, तेबन, बल्द्वाड़ा, भद्रवाड़ तथा कोलनी ढलवान में वर्तमान शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है।



### जोगिंदरनगर तथा करसोग में आंकड़ा एक हजार के पार

16 अप्रैल, 2026 तक इन स्कूलों में 12,083 बच्चे प्रवेश ले चुके हैं। बल्द्वाड़ा में 389, बालीचौकी में 769, भंगरोटू में 519, भराड़ी में 198, भद्रवाड़ में 160, चौंतड़ा 579, गढ़ीधार 142, गोहर 655, जंजैहली 593, जोगिंदरनगर 1050, करसोग 1031, कोलनी ढलवान 187, कोटली 773, मंडप 432, मंडी 646, मढ़ी 274, पधर 592, पनारसा 506, पांगणा 624, रिवालसर 512, सरकाघाट 529, सुंदरनगर में 595 तथा तेबन में 328 बच्चों ने अभी तक प्रवेश लिया है।

### जिले में बाल वाटिका से जमा दो तक प्रवेश जारी

बाल वाटिका से जमा दो तक प्रवेश प्रक्रिया जारी है। छठी, नौवीं, दसवीं, जमा एक तथा जमा दो में प्रवेश का आंकड़ा एक हजार पार हो चुका है। जिला में बाल वाटिका में 226, बाल वाटिका दो में 341 तथा बाल वाटिका तीन में 344 नौनिहालों ने प्रवेश लिया है। प्रथम कक्षा में 483, दूसरी में 370, तीसरी में 238, चौथी में 487, पांचवीं में 492, छठी में 1028, सातवीं में 945, आठवीं कक्षा में 964, नौवीं में 1295, दसवीं में 1165 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। जमा एक में 1862 तथा जमा दो में 1873 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है।

### मुख्यमंत्री के दूरदर्शी निर्णय को सराहा

प्रदेश सरकार की इस पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सरकारी स्कूलों में प्रवेश में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। लोग इस दूरदर्शी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की खुले मन से तारीफ कर रहे हैं। मंडी की सुमन, कोटली के अरुण कुमार, पधर के राकेश, सुंदरनगर के नरेश, गोहर के चमन लाल ने भी सरकारी स्कूल में सीबीएसई पैटर्न शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### क्या कहते हैं अधिकारी

बीजे स्कूल मंडी (सीबीएसई) के प्रधानाचार्य अशोक ठाकुर ने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों के आधार और एसएलसी लेकर सीबीएसई पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। उप निदेशक उच्च शिक्षा यशवीर धीमान का कहना है कि मंडी के 23 सरकारी स्कूलों में इस सत्र से सीबीएसई कक्षाएं शुरू की गई हैं।

प्रवेश प्रक्रिया विलंब शुल्क के साथ 30 अप्रैल तक जारी है। सीबीएसई पैटर्न लागू होने के बाद इन स्कूलों में छात्र नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। किसी कक्षा में 40 से अधिक बच्चे होते हैं तो अलग से सेक्शन बनाया जाएगा। किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रखा जाएगा।

# दियारगी में धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती

अनंत ज्ञान



बगी। दुनिया को समानता का पाठ पढ़ा गए भीमराव, यह बात अनुसूचित जाति, जन जाति वर्ग विशाल सुधार समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहे। नाचन हल्के के दियारगी क्षेत्र में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज को समानता और न्याय का संदेश देने वाले बाबा साहेब के विचारों को याद किया गया।

कार्यक्रम में एससी-एसटी विकास निगम के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने पूरी दुनिया को समानता, अधिकार और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाया है, जिसे अपनाना आज के समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति-जनजाति विशाल सुधार समिति के बैनर तले प्रदेशाध्यक्ष सिद्धू राम भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और समाज सुधार में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। महिला मंडल मौवीसेरे बगी और जंजैहली की महिलाओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा साहेब के विचारों और कार्यों का गुणगान किया। साथ ही उन्होंने समाज को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में भारद्वाज ने विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति समाज के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

इस अवसर पर दर्शन लाल कालिया, सीता राम चौहान, पंकज चौधरी, शिल्पा वर्धन, नीतू, भावना सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वहीं, शिल्पा, सायना चौहान, नीतू और भावना ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव दिनेश प्रेमी, जिला अध्यक्ष सीता राम चौहान, चच्योट तहसील शाखा के प्रधान श्याम चंद, थुनाग शाखा के अध्यक्ष पदम देव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### काठमांडू में एजीएम में शामिल हुए वीरेंद्र कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राष्ट्रीय एशिया वॉलीबॉल फेडरेशन की वार्षिक आम बैठक (एजीएम 2026) काठमांडू में आयोजित हुई, जिसमें वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने भाग लिया। इस बैठक में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के साथ वॉलीबॉल खेल के विकास, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, और युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान भारत को वॉलीबॉल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिसे वीरेंद्र कंवर ने प्राप्त किया। यह सम्मान राष्ट्रीय एशिया वॉलीबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष मोहम्मद लाल थीप द्वारा प्रदान किया गया। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि यह मंच अनुभव साझा करने और खेल को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर रहा। उन्होंने कहा कि वॉलीबॉल केवल खेल नहीं बल्कि देशों को जोड़ने और युवाओं को सशक्त बनाने का माध्यम है।

### 250 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

**अनंत ज्ञान, बरठी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में रामप्रताप दासदेवी चेतराम धर्मार्थ न्यास एवं नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (एम्स इकाई) द्वारा माता खबड़ी देवी मंदिर परिसर, बल्हसीणा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। महंत कपेश्वर गिरी जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके निकट ही विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में लगभग 250 लोगों ने भाग लिया। इसमें मेडिसिन, सर्जरी, शिशु रोग, स्त्री रोग और हड्डी रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच की तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। आंख एवं ईएनटी विशेषज्ञों ने भी सेवाएं दीं। आयोजन में एम्स प्रशासन, माता खबड़ी देवी सेवा समिति और बल्हसीणा मित्र मंडली का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### महिलाओं की प्रगति से समाज मजबूतः अंजू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मंडी भराड़ी फोरलेन पुल के समीप सतलुज नदी किनारे गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन, हिमाचल गोविंद सागर वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी और लाडली फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में नारी सशक्तिकरण विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश चयन आयोग की पूर्व सदस्य डॉ. अंजू शर्मा ने कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल महिलाओं के उत्थान तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर महिला परिवार और समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है। लाडली फाउंडेशन की जिला सचिव नर्वदा शर्मा ने डॉ. अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी समाज की उन्नति महिलाओं की स्थिति से आंकी जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजू राणा ने की और कई पदाधिकारी व कोच उपस्थित रहे।

### प्रगति शर्मा ने किए मां नयना देवी के दर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश की मिस हिमाचल 2025 प्रगति शर्मा ने शक्तिपीठ श्री नैना देवी मंदिर पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इसी दिन उन्होंने वर्ष 2025 में मिस हिमाचल का खिताब जीता था, जिसकी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वह माता के दरबार में विशेष रूप से दर्शन करने आई हैं। प्रगति शर्मा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य अपने प्रदेश का नाम रोशन करना है और इसके लिए वह लगातार मेहनत कर रही हैं। उन्होंने अपनी मातृभूमि के प्रति गहरा लगाव व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा लोगों का प्यार और आशीर्वाद मिलता रहा है। उन्होंने आगे भी इसी क्षेत्र में आगे बढ़ने और प्रदेश का नाम ऊंचा करने की इच्छा जताई।

### घुमारवीं-बिलासपुर सड़क पर पशुओं का खतरा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं से बिलासपुर को जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर इन दिनों आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर कंदरौर पुल और आवारी पुल के आसपास हालात चिंताजनक बने हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह-शाम पशु सड़क के बीच बैठ जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच अचानक पशुओं के आ जाने से चालक संतुलन खो बैठते हैं। रात के समय अंधेरे में पशु दिखाई न देने से समस्या और गंभीर हो जाती है। लोगों ने प्रशासन से आवारा पशुओं को हटाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### नंदपुर में महाराज श्री हेमानंद का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** अंब उपमंडल के नंदपुर स्थित क्रॉस रोड रेस्टोरेंट में डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद के महाराज श्री हेमानंद जी का श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाराज श्री ने सत्संग का आयोजन किया तथा हनुमान चालीसा का पाठ भी कराया। पूरे परिसर में राधे-राधे और श्याम मिलादे जैसे भजन कीर्तन की धुनों से आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाराज श्री के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और श्रद्धा भाव से नमन किया। कार्यक्रम में भक्तिमय माहौल के बीच लोगों ने आध्यात्मिक संदेशों को आत्मसात किया।

### रोटरी क्लब ऊना ने लगाया मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कोटला कलां स्थित महादेव मंदिर परिसर में रोटरी क्लब ऊना द्वारा रविवार को निःशुल्क मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महंत स्वामी मंगलानंद जी महाराज ने विधिवत रूप से किया। कैंप में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। इस अवसर पर जालंधर से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रमन चावला, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. केआर आर्य, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. नमिशा विष्ट और एमडी डॉ. दीपक आर्य सहित अन्य चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिया। कैंप में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और हृदय संबंधी जांचें निःशुल्क की गईं। महंत मंगलानंद जी महाराज ने इस पहल की सराहना की। रोटरी क्लब अध्यक्ष यशपाल सिंह ठाकुर और सचिव रंजीत जसवाल ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे।

### प्रतिमा को मिली ट्रॉफी व 50 हजार की राशि

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** करगिल शहीद विजयपाल मेमोरियल पीएमश्री एमए जीएसएसएस घुमारवीं को मशरूम मैपिंग के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने से विद्यालय ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। स्कूल की जीव विज्ञान प्रवक्ता प्रतिमा वर्मा ने यह सम्मान सोलन स्थित शूलिनी विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ विद्यालय को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। प्रतिमा वर्मा ने बताया कि देशभर से लगभग 2000 रिपोर्ट्स में से 25 का चयन हुआ, जिसमें हिमाचल की रिपोर्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बिलासपुर जिले में पहली बार तैयार की गई मशरूम मैपिंग रिपोर्ट में 485 प्रकार की मशरूम प्रजातियों की पहचान, उनके स्थान, उपयोग और प्रभाव का विस्तृत अध्ययन शामिल है। इस कार्य के लिए उन्हें राष्ट्रीय विजेता ट्रॉफी और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।

### अंबेडकर की तस्वीर लगाने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अधिवक्ता प्रकाश चंद बंसल द्वारा उपायुक्त कार्यालय स्थित बचत भवन में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर स्थापित करने की मांग रखी गई थी, जिसे अनुसूचित जाति आयोग ने तुरंत स्वीकार किया। आयोग के निर्देश पर डीसी कार्यालय के बचत भवन में डॉ. अंबेडकर की तस्वीर स्थापित की गई और आयोग अध्यक्ष कुलदीप धीमान की उपस्थिति में इसका विधिवत अनावरण किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, आयोग सदस्य एवं एनजीओ प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस पहल के लिए कबीर सभा बिलासपुर, संत शिरोमणि गुरु रविदास सभा बिलासपुर, गुरु रविदास सभा घंडीर, विश्वकर्मा सभा बिलासपुर तथा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने आयोग चेयरमैन कुलदीप धीमान का आभार व्यक्त किया।

### 'आध्यात्मिक चेतना की अमर यात्रा' पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** धर्मसाल महंता में रविवार को आध्यात्मिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत वातावरण में बाबा नकोदर दास जी के जीवन पर आधारित पुस्तक 'आध्यात्मिक चेतना की अमर यात्रा' का विधिवत विमोचन वर्तमान महंत उपेंद्र पराशर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और साहित्य प्रेमियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महंत उपेंद्र पराशर ने कहा कि बाबा नकोदर दास जी का जीवन तप, अनुशासन और सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने पुस्तक के प्रकाशक मैथिलीशरण और लेखक नीरज के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में पंडित हरिकिशन, पंडित जगन्नाथ, नरेंद्र डढवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक कल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक 21 अप्रैल को प्रातः 11बजे रौड़ा सैक्टर समीप नगर परिषद विश्रामगृह में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता डॉ. जेऐन मिश्रा करेंगे। महासचिव मस्तराम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विभिन्न विषयों पर विचारविमर्श करके निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने समस्त सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# 37 करोड़ के घालूवाल-झलेड़ा डबल लेन पुल का उपमुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

## कहा-स्वां नदी पर बनेगा आधुनिक डबल लेन पुल, हरोली की कनेक्टिविटी होगी मजबूत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रविवार को घालूवाल में स्वां नदी पर 37 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले घालूवाल-झलेड़ा डबल लेन पुल का विधिवत शिलान्यास किया। यह पुल राष्ट्रीय राजमार्ग 503ए के अंतर्गत स्वां नदी पर 292.50 मीटर लंबाई में निर्मित होगा। परियोजना को केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से स्वीकृति मिली है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष से इस परियोजना को साकार करने के लिए विभिन्न स्तरों पर निरंतर प्रयास किए जा रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह पुल हरोली क्षेत्र का प्रवेश द्वार है और इसके बनने से यातायात व्यवस्था अधिक सुगम व सुरक्षित हो जाएगी। पुराने पुल की जगह नया डबल लेन पुल क्षेत्र की बढ़ती यातायात जरूरतों को पूरा करेगा और जाम व बरसात के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत दिलाएगा।



डिप्टी सीएम डबल लेन पुल का शिलान्यास करते हुए। अनंत ज्ञान

उपमुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि वर्ष 1962 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों द्वारा यहां पुल का निर्माण करवाया गया था, लेकिन समय के साथ उसकी क्षमता सीमित हो गई थी। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि हरोली क्षेत्र में कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए 132 करोड़ रुपए की लागत से 11 पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा 52 करोड़ रुपए की लागत से पंडोगा-त्यूड़ी पुल का निर्माण भी जारी है। उन्होंने बताया कि जेजों मोड़ से टाहलीवाल चौक वाया भाई का मोड़ लिंक रोड के स्तरोन्नयन के लिए 48.69 करोड़ रुपए की स्वीकृति केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के तहत प्राप्त हुई है। इस परियोजना में 17.50 किलोमीटर सड़क का उन्नयन और तीन नए पुलों का निर्माण शामिल है। इससे पहले स्वां नदी पर बना हरोली-रामपुर पुल अपनी आधुनिक इंजीनियरिंग और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन चुका है और सेल्फी प्वाइंट के रूप में भी प्रसिद्ध हो रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली क्षेत्र में सड़कों और पुलों के विस्तार से हर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र की जनता का आभार जताते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से उन्हें राजनीति में हर मुकाम मिला है और क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर कांग्रेस के कई पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# परशुराम सामुदायिक भवन निर्माण में करेंगे हरसंभव सहयोग : सतपाल सत्ती

अनंत ज्ञान

**ऊना।** भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर संतोषगढ़-नंगल रोड स्थित इन्द्र पैलेस के सामने परशुराम भवन स्थल पर ब्राह्मण कल्याण सभा संतोषगढ़ द्वारा भव्य धार्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर भगवान परशुराम जी का विधिवत पूजन किया गया तथा विधायक सत्ती का सम्मान किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने भगवान परशुराम के जीवन और उनकी महिमा पर प्रकाश डालते हुए सर्व धर्म समभाव और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने परशुराम सामुदायिक भवन निर्माण में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पं. शिव किशोर वासुदेवा, शशी चब्बा, डॉ. गुलशन शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मंदिरों के धन पर हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा मंदिरों के धन और संसाधनों के उपयोग को लेकर दिए गए निर्णय का क्षेत्र में व्यापक रूप से स्वागत किया जा रहा है। इस फैसले को धार्मिक संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि भाजपा लंबे समय से मंदिरों के धन के उपयोग में पारदर्शिता और दुरुपयोग रोकने की मांग करती रही है। उन्होंने कहा कि न्यायालय का निर्णय इस दिशा में अहम पहल है, जिसे सरकार को प्रभावी रूप से लागू करना चाहिए। सत्ती ने मंदिरों से जुड़े वाहनों की समीक्षा की आवश्यकता बताते हुए कहा कि केवल आवश्यक संसाधनों का ही उपयोग हो।

# चिंतपूर्णी में 'श्रीमद देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ' में उमड़ी भीड़



भागवत कथा में पहुंचे विधायक सुदर्शन बबलू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी मंदिर के समीप बाबा माईदास समाधि स्थल पर आयोजित 'श्रीमद देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ' में इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है। इस पावन आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर मां का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

कार्यक्रम में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू और डेरा बाबा नकोदर दास गद्दी के महंत उपेंद्र पराशर ने विशेष रूप से उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर पुजारी अंकुर कालिया, बृजमोहन कालिया, रोहित कालिया, संदीप कालिया और पंकज कालिया सहित अन्य श्रद्धालुओं ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक ने घोषणा की कि बाबा श्री माईदास सदन में बाबा माईदास की भव्य प्रतिमा जल्द स्थापित की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को उनके जीवन और तपस्या के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। यह ज्ञान यज्ञ 22 अप्रैल तक चलेगा, जबकि अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### महिला आरक्षण विधेयक पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागरः विनय शर्मा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर कांग्रेस का रवैया नकारात्मक और अवसरवादी रहा है। शर्मा के अनुसार, संसद में इस विधेयक को पारित न होने देना कांग्रेस की महिलाओं के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक ओर मंचों से महिला अधिकारों की बात करती है, जबकि दूसरी ओर अवसर मिलने पर विरोध की राजनीति करती है। वहीं, उन्होंने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। शर्मा ने हिमाचल प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं को ₹1500 प्रतिमाह देने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती है, जबकि भाजपा उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

# 'नई शुरुआत, नई उम्मीदें' बिलासपुर में 'कामधेनु रेस्टोरेंट' का भव्य शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को 'कामधेनु रेस्टोरेंट' का भव्य उद्घाटन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार का कामधेनु फाउंडेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नानक चंद, महासचिव जीतराम कौंडल सहित प्रमुख सदस्य जगदीश ठाकुर, रोशन ठाकुर और आदित्य दास भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

उपायुक्त ने रेस्टोरेंट का उद्घाटन करते हुए कामधेनु परिवार को इस नई पहल के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाते हैं, बल्कि शहर के विकास और बेहतर सुविधाओं को भी मजबूती देते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह रेस्टोरेंट बिलासपुर के लोगों को उत्कृष्ट सेवाएं और बेहतर खानपान का अनुभव प्रदान करेगा।



उपायुक्त का स्वागत करते कामधेनु परिवार के सदस्य। अनंत ज्ञान

कामधेनु फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह रेस्टोरेंट उनके सभी फाउंडर मेंबर्स की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उनका उद्देश्य बिलासपुर की जनता को एक स्वच्छ, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण रेस्टोरेंट उपलब्ध कराना है, जहां परिवार और युवा वर्ग बेहतर माहौल में समय बिता सकें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने इस नई शुरुआत की सराहना की और कामधेनु परिवार को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

'कामधेनु रेस्टोरेंट' का यह शुभारंभ बिलासपुर के औद्योगिक क्षेत्र में विकास और नई संभावनाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# नौणी में हार्मनी ऑफ हिमालयाज स्कूल का शुभारंभ, शिक्षा के साथ संस्कारों पर फोकस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** शहर के साथ लगते नौणी कस्बे में रविवार को हार्मनी ऑफ हिमालयाज पब्लिक स्कूल का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर से सेवानिवृत्त संस्कृत विभाग के एचओडी तथा पंजाब शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित डॉ. लेखराम शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर स्कूल का शुभारंभ किया। वहीं जिला संस्कृति एवं भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई।



नौणी में नए स्कूल के शुभारंभ पर मौजूद गणमान्य। अनंत ज्ञान

स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से चेयरमैन यश कुमार शर्मा, प्रबंधक गायत्री शर्मा तथा प्रबंध निदेशक नरेंद्र दत्त शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर गायत्री शर्मा ने बताया कि स्कूल को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला से मान्यता प्राप्त है और यहां नर्सरी से आठवीं कक्षा तक की शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त एवं नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण बनाना है। इसके साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संगीत, गायन, वादन, नाट्य और नृत्य जैसी गतिविधियों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इसके लिए विशेषज्ञ स्टाफ की नियुक्ति की गई है और अलग से कला व संगीत हॉल भी तैयार किया गया है। स्कूल में कत्थक नृत्य के लिए भी प्रशिक्षित शिक्षक तैनात किए गए हैं। प्रबंधन ने बताया कि अनुभवी स्टाफ के साथ-साथ बच्चों के लिए बेहतर परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। वर्तमान में स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया जारी है और अभिभावकों का अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग सुशील पुंडीर, समाजसेवी मनीष ठाकुर, राकेश कुमार, श्याम सहगल, एनआर. ठाकुर सहित कई लोग मौजूद रहे।

### चिंतपूर्णी मंदिर में सुविधाओं के विस्तार की मांग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं समाजसेवी विनोद शर्मा ने विश्व प्रसिद्ध माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं और मंदिर के विस्तारीकरण की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह वैष्णो देवी मंदिर और स्वर्ण मंदिर में आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं, उसी तरह चिंतपूर्णी में भी सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती श्रद्धालु संख्या को देखते हुए कतार प्रबंधन, प्रतीक्षालय, पेयजल और परिसर सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को तेज़ी से पूरा किया जाए। साथ ही केंद्र की 'प्रसाद' योजना के तहत स्वीकृत कार्यों में तेजी लाने की मांग भी की। विनोद ने मंदिर परिसर में प्रशासनिक निगरानी की कमी पर चिंता जताई और विशेष भीड़ वाले दिनों में अधिकारियों की नियमित मौजूदगी की आवश्यकता बताई। उन्होंने मंदिर संपत्ति से जुड़े कोर्ट के आदेश का समर्थन करते हुए कहा कि धार्मिक संपत्ति का सही उपयोग सुनिश्चित होना चाहिए।

# महिला सशक्तिकरण में बाधा बने विपक्षी दलः रणधीर शर्मा

- नारी वंदन बिल पास न होने पर जताई निराशा
- महिलाओं के अधिकारों पर नहीं होगा समझौता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रणधीर शर्मा ने संसद में नारी वंदन बिल पारित न होने पर गहरी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह बिल देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था, लेकिन विपक्ष की नकारात्मक राजनीति के कारण इसे पारित नहीं किया जा सका।



शर्मा ने कहा कि भाजपा हमेशा से महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रही है। नारी वंदन बिल के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया जा रहा था, जिससे देश के विकास में उनकी भागीदारी और अधिक सशक्त होती। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण जैसे गंभीर विषय पर भी राजनीति करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि विपक्ष वास्तव में महिलाओं के अधिकारों के प्रति संवेदनशील होता, तो इस महत्वपूर्ण विधेयक को पूरा समर्थन देता।

रणधीर शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा भविष्य में भी इस बिल को पारित कराने के लिए हर संभव प्रयास जारी रखेगी और देश की माताओं-बहनों के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

अंत में उन्होंने देश की महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि भाजपा उनके अधिकारों की रक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

# कुटलैहड़ के मदनपुर में 3 पुलों का निर्माण शुरू, 20 लाख होंगे खर्च

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले मदनपुर गांव में लंबे समय से लंबित पुल निर्माण की मांग को आखिरकार पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। जनता की मांग को प्राथमिकता देते हुए करीब 20 लाख रुपये की धन राशि से तीन पुलों के निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है।

रविवार को कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा लोक निर्माण विभाग (लोकनिवि) के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का विधिवत निरीक्षण करते हुए तीनों पुलों का कार्य शुरू करवाया। इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मदनपुर क्षेत्र के लोगों को बरसात के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, क्योंकि रास्तों पर बने नालों और खड्डों को पार करना जोखिम भरा होता था। विशेष रूप से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को रोजमर्रा की आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब इन पुलों के निर्माण से लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा।

विधायक ने बताया कि इन तीनों पुलों का निर्माण कार्य अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है, जहां लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती थी। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन पुलों की डिजाइन तैयार की गई है, ताकि बरसात के दौरान भी आवाजाही निर्बाध रूप से जारी रह सके। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मदनपुर में बन रहे तीनों पुलों का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पुलों का निर्माण कार्य लगभग छह माह के भीतर पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

**कार्यक्रम** बंदला हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज में सोलर इंक्यूबेशन केंद्र का लोकार्पण

# बच्चे बेहतर भविष्य के लिए करें मेहनतः धर्माणी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा तथा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए वर्तमान समय में कड़ी मेहनत करनी चाहिए। वे राजकीय हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बंदला में केके फाउंडेशन के माध्यम से स्थापित 10 किलोवाट क्षमता के सोलर इन्क्यूबेशन केंद्र के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने फाउंडेशन द्वारा लगाए गए एक मेडिकल कैंप का भी शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परमवीर चक्र विजेता कैप्टन संजय कुमार ने की, जबकि केके फाउंडेशन के चेयरमैन केके कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंत्री राजेश धर्माणी ने कॉलेज में सोलर इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित करने के लिए केके कश्यप का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार का एक और सोलर इन्क्यूबेशन केंद्र राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान कलोल में भी स्थापित किया जा रहा है, जिसे शीघ्र ही समर्पित किया जाएगा।



कार्यक्रम के दौरान मंत्री राजेश धर्माणी व अन्य। अनंत ज्ञान

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि कॉलेज जीवन लक्ष्य निर्धारण और उसे प्राप्त करने का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। अनुशासन, समर्पण और निरंतर मेहनत ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने कहा कि यदि प्रयासों के बावजूद सफलता न मिले तो नए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि जीवन में आगे बढ़ने के अनेक विकल्प मौजूद हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को तीन महत्वपूर्ण मंत्र भी दिए—पहला, उन परिस्थितियों पर ध्यान दें जिन्हें वे नियंत्रित कर सकते हैं; दूसरा, उन परिस्थितियों को प्रभावित करने का प्रयास करें जिन पर उनका आंशिक नियंत्रण हो; और तीसरा, उन परिस्थितियों के लिए स्वयं को तैयार रखें जिन्हें न तो नियंत्रित किया जा सकता है और न ही प्रभावित। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी दूसरों की परवाह किए बिना स्वयं को इतना सक्षम बनाएं कि कोई भी उन्हें आगे बढ़ने से न रोक सके। कार्यक्रम में मंत्री ने प्रदेश सरकार की ग्रीन एनर्जी राज्य बनाने की दिशा में की जा रही पहलों की भी जानकारी दी। उन्होंने कैप्टन संजय को यूथ आइकॉन बनाए जाने की बात कही, जो युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. उमेश राठौर, पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, विवेक, जितेंद्र चंदेल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मंत्री ने जताया केके फाउंडेशन का आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 10 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। इस पहल के लिए प्रदेश के मंत्री राजेश धर्माणी ने के.के. फाउंडेशन के अध्यक्ष के.के. कश्यप का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास संस्थान के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति जागरूक करेगा।

# एक बार फिर देवदूत बनी लाहौल-स्पीति पुलिस

## शिंकुला की बर्फीली ऊंचाइयों में बर्फबारी के बीच फंसी 31 गाड़ियों का सफल रेस्क्यू, 7 घंटे चले ऑपरेशन में बचाई जानें

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, केलांग।** हिमाचल प्रदेश के दुर्गम इलाकों में जब कुदरत अपना सख्त चेहरा दिखाती है, तब खाकी वर्दी 'उम्मीद की किरण' बनकर सामने आती है। इसका ताजा उदाहरण एक बार फिर लाहौल-स्पीति पुलिस ने पेश किया है। शिंकुला दर्रे के पास बर्फीले रास्तों पर मौत को मात देते हुए लाहुल-स्पीति पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और मानवीय सेवा की मिसाल पेश की है। शनिवार रात एक साहसी ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीम ने बर्फ और मार्ग अवरोध के कारण फंसे 31 वाहनों और 3 बीआरओ ट्रकों को सुरक्षित बाहर निकालकर सभी यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया। लिहाजा, शिंकुला दर्रे के पास हाड़ कंपा देने वाली ठंड और भारी बर्फबारी के बीच फंसी 31 गाड़ियों और 3 बीआरओ ट्रकों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए लाहुल-स्पीति पुलिस के जवान किसी देवदूत से कम साबित नहीं हुए।



शिंकुला दर्रा में बर्फ के बीच फंसे वाहन का रेस्क्यू करते हुए पुलिस जवान। अनंत ज्ञान

### मौत और जिंदगी के बीच जंग

**घटना** गत दिन की है जब मुख्य आरक्षी कैलाश गुलेरिया की टीम रुटीन ड्यूटी के बाद वापस लौट रही थी। शिंकुला से महज 1 किमी पहले टीम ने देखा कि ज़ांस्कर की ओर से आ रहे दर्जनों वाहन और बीआरओ के ट्रक भारी बर्फ और मार्ग अवरुद्ध होने के कारण फंसे हुए थे। ऑक्सीजन की कमी और गिरते तापमान के बीच यात्री दहशत में थे। लाहुल स्पीति पुलिस टीम ने बिना देरी किए मौके पर मौजूद जेसीबी के साथ तालमेल बिठाया और खुद मोर्चा संभाला। रात के अंधेरे और फिसलन भरी सड़कों पर एक-एक वाहन को सुरक्षित निकालना बेहद जोखिम भरा था। करीब 7 घंटे चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद, रात 10:45 बजे सभी यात्रियों को सुरक्षित दारचा पहुंचा दिया गया।

### इन्होंने निभाई अहम भूमिका

**इस** साहसी कार्य को अंजाम देने वाली टीम में ये नाम शामिल रहे जिसमें मुख्य आरक्षी कैलाश गुलेरिया (टीम लीडर), आरक्षी साजन गौतम (नं. 124), एसपीओ तेनज़िन राबग व चालक लोबजांग तंडुप (निजी वाहन)।

"**लाहौल-स्पीति** पुलिस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि परिस्थिति चाहे कितनी भी विपरीत क्यों न हो, खाकी हमेशा आपकी सुरक्षा के लिए तैनात है। जनसेवा और सुरक्षा केवल हमारा नारा नहीं, बल्कि हमारा संकल्प है। हमारी टीम ने जिस तत्परता और मानवीय संवेदना के साथ इन फंसे हुए लोगों की मदद की, वह विभाग के लिए गर्व का विषय है।

**-शिवानी मेहला, पुलिस अधीक्षक, लाहौल-स्पीति।**

# गश्त के दौरान स्कूटी सवार से 1.95 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। नियमित गश्त के दौरान पुलिस टीम ने सतर्कता दिखाते हुए एक संदिग्ध स्कूटी सवार को पकड़ा और उसके पास से 1.95 ग्राम चिट्टा बरामद किया। जानकारी के अनुसार, एनएच-03 पर ग्वाजंग रोड के पास हेड कांस्टेबल दीवान चंद अपनी टीम के साथ ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान तांदी की ओर से आ रहे एक स्कूटी चालक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं।

पुलिस को देखते ही चालक ने स्कूटी मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन संतुलन खोने से वह सड़क किनारे पैराफिट से टकराकर घायल हो गया। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उसकी सहायता की। पूछताछ में चालक घबराया हुआ दिखा, जिससे शक और गहरा गया। स्वतंत्र गवाह की मौजूदगी में तलाशी लेने पर स्कूटी की डिक्की से चिट्टा बरामद हुआ।

मामले में थाना केलांग में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। उधर, पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला (आईपीएस) ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# राष्ट्रपति का दौरा: अटल टनल से सिस्सू तक 'नो फ्लाई जोन' घोषित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** राष्ट्रपति के प्रस्तावित लाहौल-स्पीति दौरे को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। सुरक्षा और प्रोटोकॉल को चाक-चौबंद करने के लिए प्रशासन ने सिस्सू और अटल टनल के आसपास के क्षेत्रों में कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। 19 से 30 अप्रैल तक जिप लाइन और बोटिंग बंद रहेगी। सभी विक्रेताओं और ऑपरेटरों को 20 अप्रैल तक अपने स्थल खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिला प्रशासन ने स्थानीय निवासियों और पर्यटकों से आग्रह किया है कि वे इन आदेशों का पालन करें और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें, ताकि वीवीआईपी दौरे के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान न आए।

सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने पर्यटन गतिविधियों पर भी लगाम लगा दी है। सिस्सू क्षेत्र में संचालित होने वाली सभी साहसिक गतिविधियां आगामी 30 अप्रैल तक स्थगित रहेंगी। राष्ट्रपति के दौरे के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस, वन विभाग और अन्य सुरक्षा एजेंसियां निरंतर निगरानी कर रही हैं। यातायात और भीड़ प्रबंधन के लिए संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

### ड्रोन और हवाई गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध: उपायुक्त

**उपायुक्त** एवं जिला दंडाधिकारी किरण भड़ाना द्वारा जारी आदेश (क्रमांक 545 एवं 551) के अनुसार, सिस्सू गांव, सिस्सू नर्सरी, सिस्सू हेलीपैड और अटल टनल नॉर्थ पोर्टल तक के संपूर्ण क्षेत्र को 'नो अनमैन्ड एरियल व्हीकल जोन' घोषित किया गया है। 19 अप्रैल से 30 अप्रैल तक ड्रोन उड़ाना, रिमोट पायलटेड एरियल सिस्टम, पैराग्लाइडिंग और किसी भी प्रकार की अन्य हवाई गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मनाली में गैस आपूर्ति सामान्य करने की कवायद

## वितरक देवेंद्र ने की धैर्य रखने की अपील, दूरदराज क्षेत्रों में पहुंचने लगी घरेलू गैस

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' में जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने से वैश्विक स्तर पर गैस आपूर्ति को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। इस अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल का असर भारत में भी एलपीजी और पीएनजी की उपलब्धता पर पड़ा है, जिससे देश के कई हिस्सों में गैस सिलेंडरों की कमी देखी गई। हालांकि, मनाली गैस सर्विस (भारत गैस) के वितरक और समाजसेवी देवेंद्र नेगी का कहना है कि भारत सरकार के कुशल कूटनीतिक प्रयासों के चलते अब स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रण में आ रही है और आपूर्ति को सामान्य बनाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

नेगी ने बताया कि मनाली गैस सर्विस ने इस चुनौतीपूर्ण दौर में भी अपने उपभोक्ताओं का साथ नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा, 'भले ही आपूर्ति में कुछ बाधाएं आईं, लेकिन हमने निरंतर घरेलू और व्यावसायिक सिलेंडरों की डिलीवरी जारी रखी है।' शहरी क्षेत्रों के बाद अब ग्रामीण इलाकों में भी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रथम चरण के तहत पलचान, गोशाल, शनाग, वशिष्ठ, मथियाना, अलेऊ, जगतसुख, नगर, करजां, रायसन, पतलीकूहल और ओल्ड मनाली जैसे दूरदराज के दर्जनों गांवों में आपूर्ति बहाल कर दी गई है, जिसकी स्थानीय ग्रामीणों ने काफी सराहना की है।


पतलीकूहल में उपभोक्ता सिलेंडर भरकर ले जाते हुए। अनंत ज्ञान

गैस वितरण को सुव्यवस्थित करने के लिए देवेन्द्र नेगी ने उपभोक्ताओं से विशेष सहयोग की अपील की है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे घबराहट में आकर गैस सिलेंडरों का अनावश्यक स्टॉक न करें और न ही सुबह-सुबह लाइनों में लगकर समय बर्बाद करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैस की गाड़ियां सीधे गांवों तक पहुंच रही हैं, इसलिए उपभोक्ताओं को रास्तों में गाड़ियां रोककर बाधा उत्पन्न नहीं करनी चाहिए। नेगी ने भरोसा दिलाया कि आगामी कुछ ही दिनों के भीतर शेष बचे सभी गांवों में भी भारत गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से पहुंचा दी जाएगी।

नेगी के अनुसार, यदि उपभोक्ता संयम बरतें और वितरकों का सहयोग करें, तो हर घर तक समय पर सिलेंडर पहुंचाना आसान होगा। उन्होंने दोहराया कि मनाली गैस सर्विस पूरी प्रतिबद्धता के साथ घर-द्वार पर सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही है, ताकि जनता को इस संकट के समय में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# आत्माराम शर्मा व सुरेश ठाकुर पेंशनर्स को कर रहे गुमराह: एलआर गुलशन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने प्रदेश में सक्रिय विभिन्न पेंशनर गुटों और उनके नेताओं पर तीखा हमला बोला है। जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने पेंशनर फ्रंट के नेताओं को 'एक ही थाली के चट्टे-बट्टे' करार देते हुए कहा कि नेतृत्व की निजी महत्वाकांक्षाओं ने पेंशनर एकता का भारी नुकसान किया है। उन्होंने पेंशनर फ्रंट के नेताओं, आत्माराम शर्मा और सुरेश ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि ये दोनों नेता कभी एक ही गुट का हिस्सा थे, लेकिन कुर्सी के मोह ने इन्हें अलग कर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में यह दोनों पेंशनर्स नेता अब अलग-अलग अपनी डफली बजाकर पेंशनरों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आत्माराम शर्मा वर्तमान 'सुख की सरकार' की गोद में बैठकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। जबकि सुरेश ठाकुर भाजपा में अपने भविष्य की संभावनाएं तलाशने में व्यस्त हैं। गुलशन ने कहा कि ये नेता अब उम्रदराज हो चुके हैं और इनके नेतृत्व में अब वो दम नहीं रहा। उन्हें अब सक्रिय राजनीति से संन्यास लेकर घर पर आराम करना चाहिए। गुलशन ने प्रदेश में पेंशनर संगठनों की बाढ़ पर चिंता जताते हुए कहा कि हिम आंचल पेंशनर संघ, पेंशनर फैडरेशन और पेंशनर समाज जैसे अनेक संगठन कुक्करमुत्तों की तरह उग आए हैं।

### संयुक्त संघर्ष समिति वित्तीय देनदारियां दिलवाने में नाकाम

18 पेंशनर गुटों के समर्थन का दावा करने वाली 'संयुक्त संघर्ष समिति' को आड़े हाथों लेते हुए गुलशन ने कहा कि यह समिति वित्तीय देनदारियां दिलवाने में पूरी तरह नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि ये लोग बाहर तो सरकार के खिलाफ प्रदर्शन का दिखावा करते हैं, लेकिन अंदर मुख्यमंत्री के साथ हंसते हुए फोटो खिंचवाकर बाहर आ जाते हैं।



एलआर गुलशन ने इन नेताओं को सीधी चुनौती दी है कि अगर उन्हें अपने नेतृत्व पर इतना ही भरोसा है, तो वे एक मंच पर आकर गुप्त मतदान के जरिए चुनाव लड़ें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 1.80 लाख पेंशनर जिसे अपना अध्यक्ष चुनेंगे, उसी के नेतृत्व में सरकार से हक छीने जाएंगे।

उन्होंने सुझाव दिया कि इन सभी छोटे-बड़े गुटों का विलय करके एक सशक्त और गैर-राजनीतिक संगठन बनाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारें पेंशनरों की देनदारियों से बचना चाहती हैं, इसलिए अब याचना नहीं, बल्कि संगठित होकर अपना हक छीनने का समय आ गया है।

# बाबा बालकनाथ मंदिर पारला भुंतर में की दुर्गा माता मूर्ति की स्थापना

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** पारला भुंतर स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में रविवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा की भव्य मूर्ति की स्थापना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-यज्ञ एवं पूजा-अर्चना से किया गया। विद्वान पंडित अमर पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान से मूर्ति स्थापना संस्कार सम्पन्न करवाया गया। स्थापना समारोह के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में झूमते नजर आए।मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना से क्षेत्र में धार्मिक आस्था को नई ऊर्जा मिलेगी तथा भविष्य में मंदिर में नियमित रूप से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।स्थानीय लोगों ने इस आयोजन को क्षेत्र के लिए सौभाग्यपूर्ण बताते हुए मंदिर समिति के प्रयासों की सराहना की। दुर्गा माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।

# देव मिलन व पारंपरिक कुल्लवी नाटी ने बांधा समां

## कुल्लू में आस्था और संस्कृति का संगम, जौला पधर जाच मेले का समापन

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** देवभूमि कुल्लू की समृद्ध संस्कृति और प्राचीन परंपराओं का प्रतीक 'जौला पधर जाच घुड़दौड़ मेला' दो दिनों तक धूमधाम से आयोजित हुआ। इस मेले का मुख्य आकर्षण देवी-देवताओं का अलौकिक मिलन रहा। लराकेलो से आए महादेव, नग्गर की माता त्रिपुरा सुंदरी, माता पटन्ती और स्थानीय देवता गणपति के रथों के भव्य आगमन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। देव नीति का पालन करते हुए घुड़दौड़ के देवता गणपति ने अन्य देवी-देवताओं का पारंपरिक स्वागत किया।

इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने कतारों में खड़े होकर देवताओं का आशीर्वाद लिया और 'जय देव' के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ मेले में सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखने को मिली। कुलवी नाटी मेले का मुख्य केंद्र रही, जहां स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर लोकगीतों की ऐसी तान छेड़ी कि ग्रामीण और पर्यटक खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। इसके अतिरिक्त, मेले में लगाए गए हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों के स्टालों ने हिमाचली कला और ग्रामीण कौशल को एक बड़ा मंच प्रदान किया।


जौला पधर जाच घुड़दौड़ मेले में पहुंचे देवता। अनंत ज्ञान

मेले के दूसरे दिन खेल प्रतियोगिताओं ने दर्शकों में भारी रोमांच पैदा किया। वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले में ओल्ड मनाली की टीम ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 15,000 रुपये की नगद राशि प्रदान की गई। उपविजेता रही मंडी की पंडोह टीम के खिलाड़ी राजीव को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट प्लेयर' के खिताब से नवाजा गया। वहीं, कबड्डी प्रतियोगिता में अपर बॉयज की टीम ने अपनी ताकत और रणनीति का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और 15,000 रुपये का इनाम जीता। समापन समारोह में समाजसेवी वीर सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि ऐसे मेले न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखते हैं, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष रमन ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, जिसके बाद वीर सिंह ठाकुर ने कमेटी को 31,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की। अंत में गणपति देवता के कारदार प्रकाश ठाकुर ने आयोजन की सफलता के लिए प्रशासन और स्थानीय जनता का आभार व्यक्त किया।

# हिमाचल में अपराध बढ़ने पर एबीवीपी का आक्रोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सरकार और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। परिषद की प्रदेश सह मंत्री जहान्वी चौहान ने कहा कि देवभूमि में हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं और बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में मंडी, सुंदरनगर, सरकाघाट सहित कई स्थानों पर हुई घटनाओं ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। 2022 से 2025 के बीच अपराधों में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि 2025 में महिलाओं के खिलाफ मामले 1800 के पार पहुंच गए और 2026 के शुरुआती महीनों में भी सैकड़ों मामले सामने आ चुके हैं। एबीवीपी ने सिया हत्याकांड, मंडी दुष्कर्म मामला और सुंदरनगर की घटना सहित कई मामलों का उल्लेख करते हुए कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तुरंत सख्त कदम नहीं उठाए तो विद्यार्थी परिषद सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। परिषद ने महिला सुरक्षा के लिए ठोस नीति, त्वरित न्याय और अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# ऑल एडवेंचर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने कीर्ति कृष्ण, भूमि ठाकुर चेयरमैन

अनंत ज्ञान



**मनाली।** कीर्ति कृष्ण को ऑल एडवेंचर एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया है। सर्वसम्मति से गठित हुई नई कार्यकारिणी में भूमि ठाकुर को चेयरमैन की जिम्मेदारी दी गई है। विक्रम ठाकुर को उपाध्यक्ष, रमेश ठाकुर को महासचिव, कमलेश ठाकुर को कोषाध्यक्ष, गोकल चंद को सह सचिव सहित स्नो स्कूटर एसोसिएशन से भूमि चंद, रूप लाल, नरेश ठाकुर, सोम देव जबकि इटीवी एसोसिएशन से जय राम, बिट्टू ठाकुर व आशु ठाकुर जबकि जिप लाइन से घनश्याम, जितेंद्र ठाकुर व हेम राज, फोटोग्राफर यूनियन से छपे राम, तीर्थ राम, दौलत राम को सदस्य बनाया गया है।

इसके अलावा पल चान पंचायत के कमेटी सदस्य, सभी एसोसिएशन के पदाधिकारी भी इस एसोसिएशन के कार्यकारिणी के सदस्य होंगे। यह एसोसिएशन क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को सही तरीके से संचालित करने के लिए पलचान पंचायत के लोगों द्वारा गठित की गई है।

ऑल एडवेंचर एक्टिविटी एसोसिएशन के अध्यक्ष बने कीर्ति कृष्ण ने कहा कि सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ मिलकर घाटी में आने वाले पर्यटकों का अतिथि देवो भव को तर्ज पर स्वागत किया जाएगा और पर्यटकों को बेहतरीन सेवाएं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ने रोहतांग के लिए लग रहे रोपवे का स्वागत किया साथ ही रोपवे कंपनी से स्थानीय लोगों के हक हकूक को ध्यान में रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही एसोसिएशन के सदस्य कंपनी प्रबंधन से मिलेंगे व लोगों के हक के बारे में विस्तृत चर्चा करेंगे।

# भुंतर में हाईवे पर अतिक्रमण बना मुसीबत

## शिवा चौक से एयरपोर्ट तक अवैध रेहड़ियों का कब्जा, ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भुंतर।** कुल्लू घाटी के प्रवेश द्वार भुंतर में नेशनल हाईवे पर बढ़ता अतिक्रमण अब आम जनता के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। शिवा चौक से लेकर एयरपोर्ट गेट तक सड़क किनारे सजी अवैध रेहड़ी-फड़ियों ने न केवल यातायात की रफ्तार थाम दी है, बल्कि पैदल चलने वालों की जान भी जोखिम में डाल दी है।

हाईवे के दोनों ओर रेहड़ियां लगने से वाहनों की आवाजाही के लिए जगह कम बची है। फुटपाथ पर कब्जा होने के कारण स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को मजबूरन मुख्य सड़क पर चलना पड़ रहा है। सुबह और शाम के समय यहां ट्रैफिक रेंगने को मजबूर है, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों का समय बर्बाद हो रहा है। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की ढील के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण पैदल चलना दूभर हो गया है। यदि समय रहते इन अवैध रेहड़ियों को नहीं हटाया गया, तो यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि



भुंतर एयरपोर्ट के साथ एनएच किनारे खड़ी रेहड़ी। अनंत ज्ञान

नेशनल हाईवे से तुरंत सभी अवैध रेहड़ियों और दुकानों को हटाया जाए। रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए एक व्यवस्थित और अलग स्थान तय किया जाए ताकि उनकी रोजी-रोटी भी बनी रहे और हाईवे भी सुरक्षित रहे। पुलिस और प्रशासन द्वारा नियमित गश्त की जाए ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो। लिहाजा, भुंतर एयरपोर्ट क्षेत्र सामरिक और पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में नेशनल हाईवे पर इस तरह की अव्यवस्था प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाती है। स्थानीय जनता ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो किसी भी अनहोनी की जिम्मेदारी विभाग और प्रशासन की होगी।

**जनसेवा का जज्बा** मयाड़ घाटी के दुर्गम गांवों में पहुंची अनुराधा राणा, मौके पर निपटाई जनसमस्याएं

# मौसम की दुश्वारियां भी नहीं रोक पाई विधायक के कदम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** राजनीति में जब जज्बा जनसेवा का हो, तो मौसम की दुश्वारियां भी रास्ता नहीं रोक पातीं। लाहुल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने रविवार को इसे सच कर दिखाया। हल्की बर्फबारी के बीच व कड़ाके की ठंड की परवाह किए बिना उन्होंने जिले की सबसे दुर्गम मयाड़ घाटी का सघन दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं को जमीनी स्तर पर सुना। रविवार सुबह से ही घाटी में बारिश और हल्की बर्फबारी का दौर जारी था, लेकिन विधायक ने अपना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द करने के बजाय दुर्गम क्षेत्रों की ओर रुख किया। उन्होंने करपट, रूबलिंग, चिमरेट और टिंगरेट जैसे गांवों का दौरा किया, जहां पहुंचने के लिए सामान्य दिनों में भी संघर्ष करना पड़ता है।

दुर्गम घाटी में प्रशासनिक अमले और विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीणों का हौसला भी बढ़ गया। जगह-जगह स्थानीय परंपराओं के अनुसार उनका स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने सड़क कनेक्टिविटी और बिजली की बुनियादी ढांचों को मजबूत करने की मांग प्रमुखता से उठाई। दौरे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विधायक के साथ एसडीएम उदयपुर अलीशा चौहान समेत विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौके पर मौजूद रहे, ताकि समस्याओं का तुरंत तकनीकी समाधान निकाला जा सके। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल ठाकुर, बीडीसी उपाध्यक्ष दिलीप बौद्ध और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी साथ रहे।


विधायक अनुराधा राणा दुर्गम मयाड़ घाटी के दौरे के दौरान। अनंत ज्ञान

### विकास कार्यों पर पैनी नजर और सख्त तेवर

**विधायक** ने केवल जनसभाएं ही नहीं कीं, बल्कि चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी पाए जाने पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उदयपुर प्रशासन को निर्देश दिए कि पानी, सड़क और बिजली से जुड़ी शिकायतों का निपटारा एक निश्चित समय सीमा के भीतर किया जाए। अनुराधा राणा ने स्पष्ट कहा, जनता की समस्याओं का समाधान मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

## मां रेणुकाजी के दर पर पहुंचे भगवान परशुराम



अनंत ज्ञान

नाहन। तीर्थ श्री रेणुकाजी में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का शुभारंभ भव्य देवपालकी शोभायात्रा के साथ हुआ। अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या पर भृगुकुल नंदन भगवान परशुराम अपनी माता श्री रेणुकाजी का आशीर्वाद लेने कटाह-शीतला से ददाहू पहुंचे। ददाहू तहसील प्रांगण से शुरू हुई शोभायात्रा में रेणुकाजी विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं विधायक विनय कुमार ने देवपालकी को कंधा देकर यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'जय परशुराम' के जयघोष से गूंज उठा। शोभायात्रा ददाहू बाजार से होती हुई रेणुकाजी झील की ओर बढ़ी, जहां श्रद्धालुओं ने स्थान-स्थान पर माथा टेककर भगवान का आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन और श्रद्धालुओं की आस्था ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। स्थानीय नवयुवक मंडलों और व्यापारियों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की।उधर, रेणुकाजी तीर्थ में पहली बार तीन दिवसीय भगवान परशुराम मेले का आयोजन शुरू हुआ है। मेले में झूले और दुकानों के साथ रौनक देखने को मिल रही है। पहले दिन हवन-यज्ञ और सुंदरकांड पाठ के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आगाज हुआ, जिसमें बोर्ड अध्यक्ष विनय कुमार ने भाग लिया।मेले के तहत खेल गतिविधियां भी शुरू हुईं, जिनमें वॉलीबॉल प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। शाम के समय श्री रेणुकाजी झील पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने मुख्य रूप से भाग लिया। इसके बाद आयोजित भजन संध्या में आकाशवाणी के कलाकारों ने भगवान परशुराम और रेणुकाजी पर आधारित भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रेणुकाजी विकास बोर्ड के सदस्य सचिव एवं एसडीएम नाहन राजीव सांख्यान ने बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव झील की परिक्रमा और विशेष हवन-यज्ञ के साथ मनाया जाएगा।

### सोलन की जर्जर सड़कों का लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने लिया संज्ञान

# लोगों ने कथेड़ क्षेत्र में धंस रही सर्विस लाइन का मामला उठाया

अनंत ज्ञान

◆ नाबार्ड-पीएमजीएसवाई से सुधरेंगी धर्मपुर-सुबाथू व सोलन-सुबाथू सड़कें

आर. मोहन चौहान, सोलन। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रविवार को सोलन की खस्ताहाल सड़कों का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। नाबार्ड और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सोलन-सुबाथू तथा धर्मपुर-सुबाथू सड़कों के जीर्णोद्धार का आश्वाशन दिया। मंत्री ने कहा कि धर्मपुर-सुबाथू सड़क का पीएमजीएसवाई से जीर्णोदार किया जा रहा है। इसी तर्ज पर सोलन-सुबाथू की हालत को भी सुधारा जाएगा। वहीं नेशनल हाईवे-5 के कथेड़ क्षेत्र में बार-बार धंस रही फोरलेन सर्विस लाइन पर भी कार्रवाई के आदेश दिए। मंत्री सोलन सब्जी मंडी बाईपास के नजदीक देवभूमि एफआरओ ऐप व कंपनी लॉन्चिंग के लिए पहुंचे थे। वहां पार्षद सरदार सिंह ने कथेड़ कॉलोनी जोड़ने वाली सड़क के धंसने की समस्या उठाई। विक्रमादित्य सिंह ने मोबाइल से एनएचएआई अधिकारियों को मरम्मत के निर्देश दिए। कथेड़ में नाले में जा रही मिट्टी रोककर पार्किंग निर्माण व नाले चैनलाइजेशन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को साथ लेकर विकास सुनिश्चित करेंगे। मंत्री ने सोलन की खस्ताहाल सड़कों, कथेड़ फोरलेन धंसाव से खतरा और सोलन-सुबाथू की जर्जर हालत को लेकर कहा कि इन सड़कों का नाबार्ड-पीएमजीएसवाई से व्यापक सुधार होगा। वार्ड-17 के पार्षद सरदार सिंह ने मंत्री को कथेड़ फोरलेन धंसाव से खतरे से अवगत करवाया। मंत्री ने तुरंत कार्रवाई का भरोसा दिया जिस पर स्थानीय निवासियों ने प्रसन्नता जताई।



समस्या को लेकर लोक निर्माण मंत्री से मिलते लोग   अनंत ज्ञान

### समस्या सुनकर मंत्री ने जताई नाराजगी

सोलन बाईपास पर सर्विस लेन धंसने की शिकायत को लेकर स्थानीय लोगों ने कथेड़ में सिद्धेश्वरी माता मंदिर समीप मंत्री काफिले को रोककर स्वागत किया और मौके पर समस्याएं बताई। लोगों ने बताया कि कथेड़ में सर्विस लाइन का बार धंसने से गिरता मलबा और इससे उत्पन्न समस्या को उजागर किया। हालांकि मौके पर विभाग अधिकारी अनुपस्थित थे, जिस पर मंत्री ने तीखी नाराजगी जताई हुए कहा कि अधिकारी मौके पर नहीं तो निर्देश किसे दें ? हालांकि मंत्री ने जल्द स्थायी समाधान का आश्वासन दिया।

## अध्यात्म के बिना मानव का संपूर्ण विकास असंभव : स्वामी विज्ञानानंद

अनंत ज्ञान



स्वामी विज्ञानानंद

सोलन । दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अपने कारागार सुधार परियोजना एवं पुनर्वास कार्यक्रम अंतरक्रांति प्रकल्प के अंतर्गत स्थानीय कैथू जेल में तीन दिवसीय आध्यात्मिक चिंतन एवं ध्यान आयोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके प्रथम दिवस संस्थान की ओर से दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी विज्ञानानंद ने कैदी बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यात्म न केवल आत्म-साक्षात्कार का मार्ग है, बल्कि शांति, सद्भाव और सार्वभौमिक एकता 'वसुधैव कुटुम्बकम' के वैश्विक संदेश का केंद्र भी है, जो इसे एक व्यावहारिक और हर पहलू में लागू करने योग्य जीवनशैली बनाता है। भारत में अध्यात्म एक जीवंत परंपरा है जो ज्ञान, विज्ञान और जीवन के हर पहलू को आत्मिक दिव्यता से जोड़ती है और पूरी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में कार्य करती है। भारत में अध्यात्म का केंद्रीय विचार यह है कि 'प्रत्येक आत्मा संभावित रूप से दिव्य है' और लक्ष्य इस आंतरिक दिव्यता को प्रकट करना है। यह केवल एक सिद्धांत नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू में लागू होने वाला एक व्यावहारिक मार्ग है। योग, ध्यान, आयुर्वेद, और भक्ति जैसे मार्ग एक संपूर्ण जीवन जीने की विधि प्रदान करते हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत वेदों, उपनिषदों, भगवद्गीता जैसे ग्रंथों पर आधारित है, जो कालातीत ज्ञान और एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने का मार्ग दिखाते हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद और उपनिषद आध्यात्मिक ज्ञान और आत्म-साक्षात्कार के मार्ग का आधार हैं। यह आंतरिक शांति और चेतना के विस्तार के लिए प्रयुक्त अभ्यास हैं, जिनका उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। यह ईश्वर के प्रति प्रेम और समर्पण के माध्यम से दिव्यता को प्रकट करने का एक तरीका है। भारत में दर्शन और धर्म का गहरा संबंध है। भारत का आध्यात्मिक संदेश, 'संपूर्ण विश्व एक परिवार है', दुनिया को शांति और सद्भाव की ओर ले जाने की क्षमता रखता है भोगवाद और संघर्ष से जूझ रहे वर्तमान समाज में अध्यात्म ही सभी समस्याओं का सटीक समाधान है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला आरक्षण बिल का विरोध महंगा पड़ेगा कांग्रेस को: रावत



अनंत ज्ञान, नाहन। संगडाह नोहराधार भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत जारी बयान में कहा कि महिला आरक्षण बिल का विरोध करना महंगा पड़ेगा। कांग्रेस एवं विपक्ष की सभी पार्टियों को रावत ने बताया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार देश एवं प्रदेश की महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा सीटों में 33% आरक्षण देना चाहती थी लेकिन कांग्रेस एवं विपक्ष की सभी पार्टियां नहीं चाहती कि देश एवं प्रदेश की महिलाओं को 33% का आरक्षण मिले। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी नहीं कांग्रेस अब लिमिटिड कंपनी बनकर रह गई है इसी प्रकार विपक्षी पार्टियों भी अब अपने परिवार तक ही सिमट कर रह गई है। कांग्रेस पार्टी सोनिया गांधी राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव, डिंपल यादव, राष्ट्रीय जनता दल लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी तेजस्वी यादव, हिमाचल प्रदेश सुखविंदर सिंह सुक्खू पत्नी कमलेश ठाकुर। रावत ने बताया कि अगर कांग्रेस पार्टी एवं विपक्ष की अन्य पार्टी महिला आरक्षण बिल का समर्थन करते हैं तो उनके परिवार वाले कहां जाएंगे। इसलिए महिला आरक्षण बिल का विरोध करना इनकी मजबूरी है। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी लगातार तीन लोक सभा चुनाव में 99 सीटों पर सिमट कर रह गई है। इसी प्रकार हिमाचल में भी 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की शर्मनाक हार होना तय है। रावत ने बताया कि पंचायती राज चुनाव में भी प्रदेश की महिलाओं को 50% का आरक्षण भाजपा की देन है।

### पहले रास्ता रोका फिर डंडे से की मारपीट

अनंत ज्ञान, नाहन। संगड़ाह में रास्ता रोककर मारपीट करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि शिकायतकर्ता मांगा राम पुत्र अकलू राम, निवासी गांव उंचा टिक्कर, डाकघर बड़ग, तहसील संगड़ाह ने शिकायत दर्ज करवाई है कि जब वह गांव कोटी से अपने घर आ रहे थे, तो रास्ते में नरेश पुत्र नंदू व संजू पुत्र इन्दर सिंह ने इसके साथ मारपीट की। एसपी ने बताया कि इस संबंध में थाना संगड़ाह में अभियोग धारा 126(2), 115(2), 352, 3(5) BNS के तहत दर्ज कर लिया गया है। मामले का अन्वेषण किया जा रहा है।

### 'माइंडफुलनेस आधारित जीवन कौशल' पर सफल कार्यशाला

अनंत ज्ञान, सोलन। समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश और भारती एयरटेल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सोलन में 16-17 अप्रैल को 'माइंडफुलनेस आधारित जीवन कौशल' पाठ्यक्रम के तहत दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के 10 खंडों से 20 संसाधन व्यक्ति, 26 पार्टनर विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा खंड परियोजना अधिकारी शामिल हुए। प्रतिभागी कक्षा 6 से 12 तक विद्यार्थियों के लिए इस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करेंगे। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप निदेशक स्कूल शिक्षा (माध्यमिक) गोपाल चौहान ने किया। डाइट सोलन से मूल्यांकन विशेषज्ञ बबीता ठाकुर और जिला जीवन कौशल समन्वयक हरि सिंह भी उपस्थित रहे। भारती एयरटेल फाउंडेशन की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख परवीन चौधरी तथा कार्यक्रम समन्वयक संदीप गुप्ता ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। समापन में उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा रीता गुप्ता ने कहा कि जीवन कौशल शिक्षकों को भी अपनाने चाहिए।

### 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 22 अप्रैल को

अनंत ज्ञान, सोलन। एलआईसी ऑफ इंडिया परवाणू में बीमा सखी के 50 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 22 अप्रैल, 2026 को उप रोजगार कार्यालय कसौली में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं व आयु 18 से 70 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पद केवल महिलाओं के लिए है। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता सम्बन्धी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्रों व दस्तावेजों सहित उप रोजगार कार्यालय कसौली में 22 अप्रैल, 2026 को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 89883-00600 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### शहर में सार्वजनिक स्थानों पर विज्ञापन चिपकाने वालों पर होगी कार्रवाई : ईओ नप

अनंत ज्ञान, नाहन। शहर में सार्वजनिक स्थानों पर लोगों द्वारा विज्ञापन और पोस्टर चिपकाए गए हैं जिसके कारण शहर की सुंदरता को दाग लग रहा है। ऐसे में नगर परिषद ने इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है और इन लोगों को तीन दिनों का अल्टीमेटम दिया है। मीडिया से बात करते हुए नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार ने जानकारी देते हुए कहा है कि शहर में जगह-जगह लगाए गए अवैध पोस्टरों को हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। अगर तय समय के भीतर इन्हें नहीं हटाया गया, तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, नगर परिषद द्वारा चिन्हित विज्ञापन स्थलों के लिए अब ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है। अनुमति मिलने के बाद ही निर्धारित स्थानों पर विज्ञापन लगाए जा सकेंगे। नगर परिषद ने यह भी साफ किया है कि अब शहर में विज्ञापन लगाने के लिए तय किए गए स्थानों पर ही अनुमति दी जाएगी। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। बिना अनुमति सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर लगाने से न सिर्फ नियमों का उल्लंघन होता है, बल्कि शहर की सुंदरता भी प्रभावित होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद ने यह सख्त कदम उठाने जा रही है।

### कसौली में राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी की नुक्कड़ सभा

अश्वनी शर्मा, कसौली। राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायत चुनावों व 2027 विधानसभा चुनावों के लिए जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाओं का दौर तेज कर दिया है। कसौली उपमंडल के शक्तिघाट गांव में रविवार को आयोजित सभा में पार्टी अध्यक्ष रुमित सिंह ठाकुर ने युवाओं को सदस्यता दिलाई और स्वर्ण समाज के मुद्दों पर जोर दिया। सभा का आयोजन कसौली मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर ने की। रुमित सिंह ठाकुर ने कहा, 'इन सभाओं से हम हिमाचल में मजबूत 'तीसरा विकल्प' स्थापित करेंगे।' पार्टी का 2026 सदस्यता अभियान जोरों पर है, जिसमें कसौली विधानसभा के युवाओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर सदस्यता ग्रहण की। पदाधिकारी जनसंपर्क तेज कर पंचायत चुनावों की तैयारी में जुटे हैं। मीडिया से बातचीत में रुमित सिंह ने स्पष्ट किया कि पार्टी सवर्ण समाज के हितों पर फोकस करेगी और भाजपा-कांग्रेस के विकल्प के रूप में उभरेगी।

## धार्मिक, सामाजिक और व्यापारिक दृष्टि से अलग पहचान रखते हैं मेले और त्यौहार : हर्षवर्धन चौहान

अनंत ज्ञान

नाहन। उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र की कोटी-बौंच पंचायत में आयोजित बैशाखी मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जनसमूह को सम्बोधित करते हुए उद्योग मंत्री ने कहा कि कोटी - बौंच बैशाखी मेला क्षेत्र के आराध्य देव शिरगुल महाराज के नाम पर आयोजित किया जाता है तथा धार्मिक, सामाजिक और व्यापारिक दृष्टि से यह मेला क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सौहार्द एवं आपसी भाईचारे की भावना सुदृढ़ होती है तथा किसी भी सुदृढ़ समाज की नींव उसकी समृद्ध संस्कृति पर ही निर्भर करती है। मेलों व त्यौहारों के माध्यम से जहां हमें अपने रीति-रिवाजों व परम्पराओं को संजोए रखने का मौका मिलता है, वहीं भावी पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति को देखने व जानने के अवसर प्राप्त होते हैं। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मेले में के दौरान अच्छे स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में क्षेत्र के विभिन्न भागों से आए खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का एक उपयुक्त मंच उपलब्ध हुआ। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश को राजस्व घाटा अनुदान मिलता रहा, लेकिन 16वें वित्तायोग ने वर्षों पुरानी व्यवस्था को खत्म कर 10 हजार करोड़ रुपए की कटौती की है। जिसके माध्यम से प्रदेश में विकास की गति को रोकने की कोशिश की गई है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है, प्रदेश जल्द ही मॉडल स्टेट बन कर उभरेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस क्रम में गाय के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 61 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 71 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। इसके अलावा दूध को संग्रह केंद्रों तक पहुंचाने के लिए परिवहन सहायता को तीन रुपये से बढ़ाकर छह रुपये प्रति लीटर किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई है। गेहूं और जौ के लिए 80 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्का के लिए 50 रुपये प्रति किलोग्राम और हल्दी के लिए 150 रुपये प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। अदरक को पहली बार एमएसपी के दायरे में शामिल किया गया है और इसके लिए 30 रुपये प्रति किलोग्राम दर तय की गई है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उद्योग मंत्री ने कोटी गाँव में सांझा प्रांगण के लिए तीन लाख तथा बालधार मंच के लिए दो लाख देने की घोषणा की। इससे पूर्व उद्योग मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह रोहनाट में क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनी क्षेत्रवासियों ने सामूहिक समस्याओं सहित व्यक्तिगत समस्याएं भी उनके समक्ष रखी।

## सिरमौर में तीन महीने में नशे पर गहरी चोट 49 मामलों में 75 आरोपी सलाखों के पीछे

अनंत ज्ञान

◆ अवैध कारोबार करने वाले तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी : एसपी

एसपी जैरथ, नाहन। नशे की गर्त में जा रही युवा पीढ़ी को बचाने के लिए नशा विरोधी गतिविधियों में शामिल नशे के कारोबारियों के दबोचने में लगी मुस्तैदी टीम को वर्षों 2026 की पहली तिमाही में शानदार सफलता मिली है। एसपी ऑफिस में रिकॉर्ड आंकड़ों के अनुसार 1 जनवरी 2026 से 31मार्च 2026 तक तीन महीने की अवधि में एनडीपीएस एक्ट के तहत नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले तस्करों पर शिकंजा कसा गया। इस दौरान 49 मामले दर्ज हुए कुल 75 आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचाया गया। इस अवधि में अलग अलग मामलों में दबोचे गए आरोपियों के कब्जे से 2.375 कि.ग्रा. चरस, 379.59 ग्रा. अफीम,136.88 ग्रा.हेरोइन, 11.163 कि.ग्रा.चुरा पोस्त बरामद किया गया । 16293 कैप्सूल, 4905 टेबलेट्स व 4905 टैबलेट्स पकड़े गए। इस दौरान 53,590/- रुपए की करंसी भी पकड़ीं गई। सिरमौर जिला सिरमौर के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि सरकार के आदेशों अनुसार जिले में नशीले पदार्थों का का अवैध कारोबार करने वाले तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है। अभी इन मामलों में फंसे मुजरिमों की करोड़ो की सम्पति सीज कर ली गई है। लाखों की करंसी भी कब्जे आई है। एसपी ने बताया कि वर्ष 2026 की पहली तिमाही में पुलिस टीम ने शानदार कामयाबी हासिल की है । इस अवधि में एनडीपीएस एक्ट में 49 एफआईआर दर्ज हुई है। 75 आरोपी धरे गए। एसपी ने बताया कि नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में जन सहयोग भी आवश्यक है, पुलिस की इस सफलता के पीछे नागरिकों का मिल रहा सहयोग भी शामिल हैं। एसपी ने जन साधारण से अपील करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नशे चंगुल से निकालने के लिए नशे के कारोबार में लगे तस्करों की सूचना उपलब्ध कराने में आगे आएं।

## सोलन में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

अनंत ज्ञान, सोलन। पंचायती राज संस्थाओं के आम निर्वाचन-2026 की तैयारी के दृष्टिगत एक जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रभावी समन्वयन एवं अनुश्रवण सुनिश्चित हो सके। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि निर्वाचन सम्बन्धित सूचना प्राप्त एवं प्रेषित करने, मतदान संबंधित गतिविधियों के अनुश्रवण, क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संचार बनाए रखने तथा निर्वाचन अवधि में प्राप्त विभिन्न मामलों का त्वरित निवारण सुनिश्चित बनाने के लिए यह नियंत्रण कक्ष सतत् कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 01792-221851 है। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्ष जिला लेखा अधिकारी, ज़िला सोलन की समग्र देखरेख में कार्य करेगा। नियंत्रण कक्ष सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं जिला पंचायत कार्यलय जिला सोलन में स्थापित होगा।

## लोकसभा में विपक्ष के नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध निंदनीय : नेगी

अनंत ज्ञान

◆ विधेयक को पारित न होने देकर देश की आधी आबादी के साथ अन्याय

सोलन। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131 वें संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्ष के रुख की प्रदेश भाजपा एसटी मोर्चा की प्रवक्ता सोनम नमज्ञल नेगी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। नेगी ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व वाली विपक्षी दलों कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाया कि उन्होंने विधेयक को पारित न होने देकर देश की आधी आबादी के साथ अन्याय किया है। नेगी ने बयान जारी कर कहा यह केवल एक विधेयक का विरोध नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण, भागीदारी और आत्मसम्मान पर सीधा प्रहार है। वर्षों तक महिलाओं के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस आज ऐतिहासिक अवसर से पीछे हट गई, जो उसकी महिला-विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने 'नारी शक्ति' को राष्ट्र की शक्ति मानकर राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान के हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। नेगी ने विपक्ष पर संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के लिए महिलाओं के सशक्तिकरण के मार्ग में बाधा बनने का आरोप लगाया। प्रवक्ता ने कहा देश की माताएं, बहने और बेटियां जागरूक हैं। वे अपने अधिकारों के साथ समझौता नहीं करेंगी और लोकतांत्रिक माध्यमों से इस विश्वासघात का जवाब देंगी।

## राजगढ़ में धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

अनंत ज्ञान, राजगढ़। श्री ब्राह्मण सभा की राजगढ़ इकाई के सौजन्य से रविवार को शिरगुल देवता के मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की जंयती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर भगवान परशुराम, माता श्रीरेणुकाजी और जमदग्नि ऋषि के चित्र पर लोगों ने फूलमालाएं अर्पित की गई तथा मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया । इस मौके पर लोगों में प्रसाद वितरित किया गया। श्री ब्राह्मण सभा की राजगढ़ इकाई के अध्यक्ष हरदेव भारद्वाज ने लोगों को परंशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक ग्रन्थों के अनुसार भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास की शुक्ल तृतीया के रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। इनके पिता महर्षि जगदग्नि ने पुत्र प्राप्ति के लिए महायज्ञ किया था जिससे प्रसन्न होकर देवराज इन्द्र ने महर्षि जमदग्नि एवं श्री रेणुका का तेजस्वी पुत्र का वरदान दिया था। भगवान परशुराम को एक महान योद्धा के रूप में जाना जाता है। परशुराम ने 21 बार पृथ्वी को क्षत्रियों से रहित किया था।

# नगर परिषद परवाणू के वार्ड 04 के मतदाताओं के विषय में समिति गठित

अनंत ज्ञान

सोलन। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं प्राप्त स्पष्टीकरण के अनुरूप निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी तथा उपमण्डलाधिकारी कसौली महेन्द्र प्रताप सिंह ने नायब तहसीलदार, उप तहसील परवाणू की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। यह समिति नगर परिषद परवाणू के वार्ड नम्बर 04 से जा चुके मतदाताओं की जांच पड़ताल कर रिपोर्ट प्रेषित करेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। यह जानकारी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी तथा उपमण्डलाधिकारी कसौली महेन्द्र प्रताप सिंह ने दी।उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की 18 मार्च, 2026 को जारी अधिसूचना के निर्देशानुसार नगर परिषद परवाणू की मतदाता सूची के पुनरीक्षण में छूट गए मतदाताओं को अतिरिक्त, अनुपूरक अथवा पूरक मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए विशेष कार्यक्रम में सम्बन्धित पुनरीक्षण अधिकारी के माध्यम से निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी को एक शिकायत पत्र प्राप्त हुआ। इस शिकायत पत्र में वार्ड नम्बर 04 से चले गए मतदाताओं को वार्ड नम्बर 04 की मतदाता सूची में सम्मिलित करने पर आपत्ति जताई गई। उन्होंने कहा कि इस शिकायत पत्र पर कार्यवाही करते हुए उक्त विषय के सम्बन्ध में नायब तहसीलदार परवाणू के माध्यम से जांच करवाई गई। इस जांच रिपोर्ट को राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर उचित निर्देश प्रदान करने का आग्रह किया गया था। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग से इस विषय में प्राप्त स्पष्टीकरण के अनुरूप हिमाचल प्रदेश नगर पालिका एवं परिषद निर्वाचन अधिनियम, 2015 के नियम 27 के अनुसार आगामी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं उपमण्डल प्रशासन राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के पूर्ण अनुपालन के लिए तत्पर है और यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि निर्वाचन तथा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप ही कार्य हो। उन्होंने नगर परिषद परवाणू के लोगों को आश्वस्त किया है कि विधि द्वारा स्थापित नियमों के अनुसार ही सभी कार्य सम्पन्न किए जा रहे हैं।

वरदान

### मुख्यमंत्री विधवा, एकल, निराश्रित एवं दिव्यांग महिला आवास योजना बनी वरदान

# नाहन की निर्मला देवी के घर का सपना सरकार कर रही साकार

अनंत ज्ञान

नाहन। हिमाचल प्रदेश सरकार महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और अपनी प्रतिबद्धता को पूर्ण करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विधवा, एकल, निराश्रित एवं दिव्यांग महिला आवास योजना लागू की गई है। जिला सिरमौर में जिला श्रम कल्याण कार्यालय के माध्यम से इस योजना को संचालित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत विधवाओं, एकल, निराश्रित एवं दिव्यांग महिलाओं को आवास निर्माण के लिए आर्थिक अनुदान प्रदान करना है। जिला सिरमौर के तहसील नाहन के शंभू वाला की निवासी निर्मला देवी ने महिलाओं के हितों को सुरक्षित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ की गई मुख्यमंत्री विधवा, एकल, निराश्रित एवं दिव्यांग महिला आवास योजना के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत गृह निर्माण के लिए उन्हें सरकार द्वारा 03 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है जिससे वह अपने गृह निर्माण कार्य को आरंभ कर चुकी है। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत जिला सिरमौर के नाहन शहर निवासी शरीफा को भी जिला श्रम कार्यालय द्वारा इस योजना के तहत गृह निर्माण के लिए 03 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है जिसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। जिला सिरमौर के नाहन तहसील की ग्राम पंचायत सतीवाला की निवासी परमिता ने कहा कि यह योजना उनके अपने गृह निर्माण का सपना पूर्ण करने में सहायक सिद्ध हो रही है, जिसके लिए वह प्रदेश सरकार की धन्यवादी है। जिला श्रम कल्याण अधिकारी पारितोष तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री विधवा, एकल, निराश्रित एवं दिव्यांग महिला आवास योजना के तहत बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत 40 वर्ष या इससे अधिक आयु की एकल नारी व निराश्रित महिला तथा संदर्भित दिव्यांगजन पात्र होंगे। योजना का लाभ ऐसी विधवा, एकल, निराश्रित एवं दिव्यांग महिला जो हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत हो और उन्होंने पिछले 12 महीने में कम से कम 90 दिनों तक कार्य दिवस कार्य किया हो और समय-समय पर पंजीकरण का नवीनीकरण किया हो, वह इस योजना के लिए पात्र है। योजना की पात्रता के लिए विधवा, एकल, निराश्रित एवं दिव्यांग महिला जिनके पास निजी आवास ना हो अथवा कच्चा मकान है और उनकी वार्षिक आय समस्त स्रोतों से अढाई लाख से अधिक न हो तथा जिनके पास आवास निर्माण के लिए राजस्व अभिलेख में कम से कम 2 बिस्वा भूमि दर्ज हो अथवा जिनके पक्ष में सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध करवाई गई है, ऐसी महिला इस योजना के लिए पात्र है। उन्होंने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही इस योजना के तहत विधवा, एकल, निराश्रित एवं दिव्यांग महिला को आवास निर्माण के लिए 03 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।



मुख्यमंत्री कल्याण योजना की लाभार्थी

## अर्की में विद्यार्थियों को आनुवांशिक रक्त संबंधी बीमारी के प्रति जागरूक किया




अनंत ज्ञान

अर्की । आईटीआई अर्की में विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को हीमोफीलिया जैसी आनुवंशिक रक्त संबंधी बीमारी के बारे में जानकारी देना तथा इसके प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ विजय कुमार शांडिल काउंसलर (एचआईवी काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सर्विसेज ), सिविल हॉस्पिटल अर्की ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि हीमोफीलिया एक ऐसी बीमारी है जिसमें खून का थक्का सही से नहीं बन पाता, जिससे छोटी-छोटी चोटों में भी अत्यधिक रक्तस्राव हो सकता है। उन्होंने बताया कि यह बीमारी अधिकतर वंशानुगत होती है और पुरुषों में अधिक पाई जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को इसके लक्षण, कारण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा समय पर जांच और उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जागरूकता, सही देखभाल और नियमित इलाज से हीमोफीलिया के मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग स्लोगन राइटिंग भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गईं। पोस्टर मेकिंग में गुलशन प्रथम, भारती और प्रवेश द्वितीय और नेहा नें तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# सीजफायर के बावजूद दक्षिणी लेबनान में इसराइल के हमले जारी, बढ़ा तनाव

**एजेंसी, तेल अवीव**



**लेबनान** में जारी युद्धविराम के बावजूद इसराइली सेना ने एक बार फिर दक्षिणी हिस्से में हवाई और तोपखाने हमले किए हैं। इसराइली सेना ने इन कार्रवाईयों को खतरे के खिलाफ उठाया गया कदम बताया है, जो कथित तौर पर नई येलो लाइन के दक्षिण में स्थित थे।

अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, बेरूत से जुड़े संवाददाता ने बताया कि रविवार को इसराइल ने कई गांवों में लगातार गोलाबारी और मशीनगन से फायरिंग की। इसके साथ ही दो अलग-अलग हवाई हमले भी किए गए।

पहला हमला हिजबुल्ला के उन लड़ाकों पर किया गया, जो इसराइल के अनुसार येलो लाइन के करीब पहुंच रहे थे, लेकिन उसे पार नहीं किया था। रिपोर्ट में कहा कि यह गतिविधि रेखा के उत्तर में हुई थी, न कि उसके भीतर। दूसरा हमला एक व्यक्ति पर किया गया, जो एक सुरंग के प्रवेश द्वार की ओर बढ़ रहा था, जो येलो लाइन के दक्षिण में स्थित बताया गया है। इसराइली सेना ने दावा किया कि इस कार्रवाई में उस सुरंग के प्रवेश द्वार को भी नष्ट कर दिया गया। इसराइली सैन्य प्रवक्ता के अनुसार, ये हमले युद्धविराम का उल्लंघन नहीं हैं और इन्हें सुरक्षाकारणों से अंजाम दिया गया है। इसराइली सेना ने कहा कि उसने लेबनान के दक्षिणी हिस्से में नए हमले किए हैं। हालांकि ,वहां पहले से संघर्ष विराम लागू है। सेना का दावा कि ये हमले उन खतरों को देखते हुए किए गए हैं, जो 'तय सीमा रेखा' के दक्षिण में मौजूद थे।

## यूएई और ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिकों की बैठक, क्षेत्रीय तनाव व ईरान के मुद्दे पर चर्चा

**एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के शीर्ष राजनयिकों ने क्षेत्रीय हालात और बढ़ते तनाव को लेकर अहम बातचीत की है। बैठक में दोनों देशों ने पश्चिम एशिया में मौजूदा हालात और सुरक्षा चिंताओं पर विस्तार से चर्चा की। यूएई के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नहयान और ब्रिटेन की विदेश सचिव यवेट कूपर ने क्षेत्रीय विकास और ईरान की ओर से खाड़ी देशों पर कथित बिना उकसावे वाले और आतंकी हमलों के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया। यूएई विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, यवेट कूपर ने यूएई के साथ एकजुटता जताते हुए कहा कि वह देश की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों का समर्थन करता है। वहीं, शेख अब्दुल्ला ने ब्रिटिश विदेश सचिव की इस यात्रा को दोनों देशों के मजबूत संबंधों का प्रतीक बताया और कहा कि यह यूएई के प्रति ब्रिटेन की एकजुटता को दर्शाता है, खासकर ईरानी हमलों के बाद। ब्रिटेन की ओर से इस बैठक पर कोई अलग आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। (अनंत ज्ञान)

### तमिलनाडु चुनाव से पहले गरमाया महिला आरक्षण मुद्दा

# कांग्रेस और डीएमके ने किया आधी आबादी के साथ विश्वासघात: शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**तमिलनाडु** में विधानसभा चुनाव के बीच अब भाजपा ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर डीएमके को घेरना शुरू कर दिया है। अपनी इसी रणनीति के तहत आज इरोड में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और डीएमके पर तीखा हमला बोला। एक रोड शो को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों ने लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के खिलाफ वोट देकर देश की महिलाओं के साथ 'विश्वासघात' किया है और उन्हें संसद व विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व से वंचित किया है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इस 'साजिश' को सफल नहीं होने देगी और देश की महिलाओं के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी।



## महिलाओं को उनके अधिकारों से दूर रखने की 'साजिश'

**शाह** ने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक विरोध नहीं बल्कि महिलाओं को उनके अधिकारों से दूर रखने की 'साजिश' है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार इस साजिश को सफल नहीं होने देगी और देश की महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करना और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में बराबरी का स्थान दिलाना है। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और डीएमके 2026 की जनगणना के आधार पर सीटों के पुनर्निर्धारण पर जोर देकर तमिलनाडु की लोकसभा सीटों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे राज्य के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुकसान हो सकता था। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के हितों की रक्षा करेगी और किसी भी तरह की ऐसी कोशिश को नाकाम करेगी। (अनंत ज्ञान)

## इटली में गुरुद्वारे से निकलते ही 2 भारतीयों की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी, रोम**

**इटली** में बर्गामो प्रांत के कोवो में दो भारतीयों की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वे एक गुरुद्वारे से बाहर निकल रहे थे। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह खबर दी। यह गुरुद्वारा एक गोदाम में था जिसका इस्तेमाल पूजा स्थल के रूप में किया जा रहा था। 'ला सिसिलिया' अखबार के अनुसार, यह हमला शुक्रवार को मध्य रात्रि से कुछ देर पहले शहर के औद्योगिक क्षेत्र में गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के सामने स्थित चौक में हुआ। मृतकों की पहचान कोवो निवासी 48 वर्षीय रागिंदर सिंह और एग्नाडेलो निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। अखबार की खबर के अनुसार, हमलावर कथित तौर पर इन लोगों के पास पहुंचा, उसने गोलियां चलाईं और फिर कार में बैठकर फरार हो गया। खबर में कहा गया है कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, अचानक झड़प के बाद हत्या किए जाने की संभावना को खारिज किया गया है। घटनास्थल से लगभग 10 कारतूस बरामद किए गए हैं और अधिकारी 'सुनियोजित हत्या' की संभावना को ध्यान में रखकर जांच कर रहे हैं। खबर के अनुसार, एक प्रत्यक्षदर्शी ने पत्रकारों को बताया कि गोली चलाने वाला 'एक भारतीय' था जो अक्सर गुरुद्वारे में आता-जाता था। उसने बताया कि गोलियां एक अन्य तीसरे व्यक्ति को भी छूकर निकल गईं।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला पहले से योजना बनाकर किया गया था। पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि यह कोई अचानक हुई लड़ाई नहीं थी, बल्कि किसी खास वजह से की गई टारगेट किलिंग हो सकती है। एक गवाह ने बताया कि हमलावर भी भारतीय मूल का था और वह स्थानीय सिख समुदाय में जाना-पहचाना व्यक्ति था। (अनंत ज्ञान)

# कीव में बंदूकधारी ने की फायरिंग पांच लोगों की मौत, 15 घायल

**एजेंसी, कीव**

**यूक्रेन** की राजधानी कीव में स्वचालित हथियार से लैस एक व्यक्ति ने जमकर खूनखराबा किया। सड़क पर जो भी दिखाई दिया, उसे गोलियों से भून दिया। इसके बाद बंदूक लहराता हुआ सुपर मार्केट में घुस गया और कुछ लोगों को बंधक बना लिया। विरोध करने पर एक व्यक्ति को गोली मार दी।

इस व्यक्ति ने करीब एक घंटे तक पुलिस को छकाया। इस गोलीबारी में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सभी बंधकों को छुड़ा लिया है। इस अभियान में यह नरभक्षी भी मारा गया। यूक्रेन के अटॉर्नी जनरल रुस्लान क्रावचेंको ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मॉस्को में जन्मे इस व्यक्ति की आयु 58 वर्ष थी। पुलिस ने सुपर मार्केट में उसे मार गिराने में सफलता



हासिल की। सभी बंधकों को रिहा करा लिया गया। क्रावचेंको ने बताया कि अधिकारी इस अपराध के हालात और इसके पीछे के मकसद का पता लगाने में जुटे हैं। क्रावचेंको ने बताया कि इस व्यक्ति ने कीव के होलोसीव्स्की जिले की एक सड़क पर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। इसके बाद वह सुपर मार्केट में घुस गया। कुछ लोगों को बंधक बनाकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। क्रावचेंको ने बताया कि बंदकूधारी ने एक स्वचालित हथियार का इस्तेमाल किया। कीव के मेयर विटाली क्लित्स्को के अनुसार, 15 घायलों में नौ का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। छह लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लिमेंको ने बताया कि बंधकों को छुड़ाने के लिए नेशनल पुलिस की रैपिड रिस्पॉन्स यूनिट की मदद लेनी पड़ी। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि जांचकर्ता फिलहाल उसके बारे में हर मुमकिन जानकारी जुटाने और यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसने ऐसा क्यों किया। (अनंत ज्ञान)

## जम्मू के नगरोटा कैंप में जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू में सेना की डॉग यूनिट में तैनात एक जवान रविवार को सैन्य शिविर के अंदर मृत पाया गया। अधिकारियों के अनुसार, जवान नगरोटा स्थित कैंप के आवासीय क्षेत्र में अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

शव को पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी औपचारिकताओं के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन अंतिम निष्कर्ष विस्तृत जांच के बाद ही सामने आएगा। सेना ने मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी है, वहीं पुलिस भी सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पूछताछ कर रही है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

# असम में दो करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त, एक गिरफ्तार



**एजेंसी, कोकराझाड़ (असम)**

**असम** के कोकराझाड़ जिलांतर्गत गोसाईगांव उपखंड के श्रीरामपुर में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग दो करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं।

सूत्रों ने रविवार को बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सिलचर से राजस्थान की ओर जा रही एक लग्जरी वाहन को शनिवार देर रात के समय तलाशी के लिए रोका। तलाशी के दौरान वाहन के गुप्त चैम्बर से 25 पैकेट अफीम बरामद किए गए। इस मामले में राजस्थान के जोधपुर निवासी कृष्णा राम प्रजापत को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने के लिए जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

## युवा वर्ग में बढ़ रही लिवर बीमारियां, इलाज का खर्च भी हुआ दोगुना: केयर हेल्थ इंश्योरेंस रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान**

◆ **छोटे शहरों में लिवर रोगों का बढ़ता खतरा, 100% तक बढ़े बीमा दावे**

**चंडीगढ़।** भारत लिवर (यकृत) के स्वास्थ्य से जुड़ी बड़ी समस्या का सामना कर रहा है जो लगातार बढ़ रही है, लेकिन इस पर अभी बहुत ध्यान नहीं गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, एनएएफएलडी (नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज) से 9% से 32% आबादी प्रभावित है, यानी हर तीन में से लगभग एक व्यक्ति इसकी चपेट में है, और इसे अब एक 'अनदेखी महामारी' माना जा रहा है। लिवर से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का विभिन्न वजहों से होने वाली कुल मौत में 66% से अधिक का योगदान है, और इलाज के बढ़ते खर्च की वजह से यह बड़ा आर्थिक बोझ बनाता जा रहा है।

भारत ने एनएएफएलडी की स्क्रीनिंग को अपने एनपी-एनसीडी (गैर-संक्रामक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम) में शामिल कर लिया है, लेकिन इस सरकारी पहल के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी मज़बूत आर्थिक तैयारी होना बेहद ज़रूरी है। पिछले तीन साल में लिवर की बीमारियों के संबंध में स्वास्थ्य बीमा के दावे में 100% की बढ़ोतरी हुई, लिवर की बीमारियों से पीड़ित युवा मरीज़ों की संख्या में 5-10% की बढ़ोतरी दर्ज हुई है, टियर 2 और टियर 3 शहरों में हर साल मामलों की संख्या में 10-15% की बढ़ोतरी हो रही है, लिवर की बीमारियां ज्यादातर पुरुषों में होती हैं, लेकिन महिलाओं में भी इनकी दर हर साल लगभग 10% बढ़ रही है केयर स्वास्थ्य इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी, मनीष डोडेजा ने इन निष्कर्षों पर अपनी टिप्पणी में कहा, 'लिवर की बीमारी अब कुछ जोखिम वाले क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि तेज़ी से फैल रही हैं और यह चिंताजनक है।

हमने इन बीमारियों के स्वरूप के साथ-साथ तीव्रता में भी स्पष्ट बदलाव देखा है। मामलों में तेज़ी से वृद्धि हो रही है, युवा प्रभावित हो रहे हैं और परिवारों पर इसका वित्तीय बोझ काफी बढ़ रहा है। यह केवल नैदानिक समस्या नहीं है, बल्कि यह आर्थिक समस्या भी बनती जा रही है। इसलिए लोगों के लिए समय-समय पर अपने स्वास्थ्य बीमा की समीक्षा करना और यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि उनकी बीमा राशि इन बढ़ते जोखिमों के अनुरूप हो। जागरूकता, शीघ्र निदान और वित्तीय तैयारी का समरूप होना आवश्यक है कि जोखिम और तैयारी के बीच का अंतराल न बढ़े।

## वजन घटाने में ग्रीन टी और एल-कार्निटाइन का असरदार कॉम्बिनेशन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एल-कार्निटाइन एक खास पोषक तत्व है जो शरीर में एनर्जी बनाने का काम करता है। यह फैटी एसिड्स को शरीर की कोशिकाओं (माइटोकॉन्ड्रिया) तक पहुंचाता है ताकि फैट का इस्तेमाल एनर्जी के रूप में हो सके। यह दूध जैसे डेयरी उत्पादों में मिलता है और हमारा शरीर खुद भी लाइसिन और मेथियोनाइन नामक अमीनो एसिड से भी इसे बनाता है। वैज्ञानिक रिसर्च कहती है कि अगर आप सही खाना खाएं और वर्कआउट करें, तो एल-कार्निटाइन शरीर में जमी चर्बी को घटाने में मदद करता है। ग्रीन टी के साथ इसका मेल आपके वज़न को कंट्रोल में रखने का एक आसान और असरदार तरीका है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, टेटली ग्रीन टी स्लिम केयर में खास तौर पर एल-कार्निटाइन मिलाया गया है। प्रीमियम ग्रीन टी और एल-कार्निटाइन का यह मेल आपकी रोज़ाना की लाइफस्टाइल में आसानी से फिट हो जाता है। इसे आप अपनी रोज़ की चाय की तरह पी सकते हैं, जिससे आपकी फिटनेस की आदत कभी नहीं छूटेगी। यह उनके लिए एक बेहतरीन चुनाव है जो किसी शॉर्टकट के बजाय, रोज़ाना की छोटी-छोटी आदतों से धीरे-धीरे बदलाव लाना चाहते हैं।

# छात्रों को दी आग से बचाव की ट्रेनिंग

## एसडी स्कूल में फायर सेफ्टी पर लेक्चर व डेमोंस्ट्रेशन आयोजित



**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** फायर सर्विस वीक 2026 के तहत एसडी स्कूल ऑफ बिजनेस, सेक्टर 32, चंडीगढ़ में फायर सेफ्टी पर एक लेक्चर और डेमोंस्ट्रेशन आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन फायर स्टेशन सेक्टर 32 चंडीगढ़ और फायर अवेयरनेस एंड सेफ्टी एसोसिएशन (एफएएसए) ने मिलकर किया था। लीडिंग फायरमैन भूपिंदर सिंह ने विद्यार्थियों और स्टाफ को आग से बचाव के उपायों, शिक्षण संस्थानों में आग लगने के आम कारणों और बाहर निकलने के रास्तों को साफ रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके बाद, अलग-अलग तरह के फायर एक्सटिंग्विशर के इस्तेमाल का प्रदर्शन किया। एफएएसए वालंटियर्स और फायर कर्मियों ने फायर हाइड्रेंट को चलाने का तरीका भी दिखाया और बाहर निकलने का एक मॉक ड्रिल भी करवाया।

सब फायर ऑफिसर जसमीत सिंह ने कहा कि जागरूकता ही बचाव का पहला कदम है। जब छात्रों को यह समझ आ जाता है कि आग लगने के शुरुआती दो मिनटों में कैसे प्रतिक्रिया देनी है, तो हम जानें बचा सकते हैं और नुकसान को काफी हद तक कम कर सकते हैं। फायर अवेयरनेस एंड सेफ्टी एसोसिएशन के फाउंडर प्रेसीडेंट जसज्योत सिंह अलमस्त ने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य युवाओं में आग से सुरक्षा को एक आदत बनाना है। इस तरह के सत्र यह पक्का करते हैं कि सुरक्षा से जुड़ी जानकारी क्लासरूम से घरों तक पहुंचे।

# एचएमडी ने राघव जुयाल को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**अनंत ज्ञान**

◆ **स्मार्टफोन इनोवेशन को मिलेगी नई दिशा**

**चंडीगढ़।** एचएमडी ने राघव जुयाल के साथ एक रोमांचक पार्टनरशिप की घोषणा की, जो एक डायनैमिक ऑल-राउंड एंटरटेनर हैं और बड़े पर्दे और OTT प्लेटफॉर्म पर कहानी कहने के तरीके को नई परिभाषा दे रहे हैं। एक नए ज़माने के पैन-इंडिया स्टार के तौर पर, राघव एक रॉ टैलेंट से एक कल्चरल आइकन बन गए हैं, जो बोल्ड, अलग तरह के विकल्पों से प्रेरित हैं, जो Gen Z और मिलेनियल ऑडियंस के साथ बहुत गहराई से जुड़ते हैं। अपने असली, बिना फिल्टर वाले और आसानी से जुड़ने वाले व्यक्तित्व के लिए जाने जाने वाले राघव ने अपने अनोखे स्टाइल, तेज़ बुद्धि और अपनी पहचान से युवाओं के साथ एक मज़बूत जुड़ाव बनाया है, जो उस पीढ़ी की सोच को दिखाता है जो खुद को एक्सप्रेस करने और ओरिजिनैलिटी को महत्व देती है।

हाल ही में हुई ऑनबोर्डिंग पर अपने विचार शेयर करते हुए, एचएमडी इंडिया, एपीएसी और एएनजेड के वीपी और सीईओ, रवि कुंवर ने कहा, 'जैसे ही हम अपनी ग्रोथ के अगले फेज में जा रहे हैं, राघव के साथ यह पार्टनरशिप एचएमडी की बोल्ड रीइनवेंशन जर्नी में एक अहम कदम है।

राघव जुयाल उस डिसरप्टिव स्पिरिट, ऑथेंटिसिटी और क्रिएटिव एनर्जी को दिखाते हैं जो हमारे ब्रांड के कोर में है, और Gen Z ऑडियंस के बीच एक नैचुरल रेजोनेशन है जो इंडिविजुअलिटी, रिलेटैबिलिटी और सेल्फ-एक्सप्रेशन को वैल्यू देते हैं। एसोसिएशन के बारे में बात करते हुए, राघव जुयाल ने कहा, 'एचएमडी का टेक्नोलॉजी के प्रति ह्यूमन-सेंट्रिक अप्रोच मुझे सच में पसंद है, यह क्रिएटर्स को एम्पावर करने के बारे में है, एल्गोरिदम के बारे में नहीं। जिस चीज से मैं गहराई से जुड़ता हूं, वह है उनकी स्पिरिट चीजों को अलग तरह से करना, जो मेरे अपने सफ़र को दिखाता है जिसमें मैं बोल्ड, अलग तरह के फ़ैसले लेता हूं जो उस पीढ़ी के दिल को छू जाते हैं जो असलियत और अपनी पहचान को महत्व देती है।

**प्रेसवार्ता** नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा का हमला, विपक्ष पर महिलाओं के अधिकारों से खिलवाड़ का आरोप

# महिला सशक्तिकरण पर न हो राजनीति: संजय सेठ

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय सेक्टर-33 कमलम में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की वरिष्ठ नेत्री किरण चौधरी ने संबोधित किया।

इस अवसर पर मंच पर प्रदेश अध्यक्ष जतिंद्र पाल मल्होत्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष हीरा नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष इंदिरा सिंह, प्रदेश सचिव मीनाक्षी ठाकुर, सोनिया दुग्गल, डिप्टी मेयर सुमन शर्मा एवं जिला अध्यक्ष रेखा सूद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने संबोधन में विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'लोकतंत्र में जिम्मेदार व्यवहार अपेक्षित होता है, लेकिन नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे ऐतिहासिक विधेयक पर विपक्ष ने गंभीर चर्चा करने के बजाय केवल राजनीतिक बयानबाजी की।' उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश की महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है, लेकिन कांग्रेस एवं अन्य दलों ने परिवारवाद और राजनीतिक स्वार्थ के कारण इसका विरोध किया।

उन्होंने कहा कि यह एक संवैधानिक संशोधन विधेयक है, जिसके लिए दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है और जनसंख्या के अनुरूप परिसीमन कर लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को और प्रभावी बनाना जरूरी है। संजय सेठ ने कहा कि 'आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन लाया है। वहीं, हरियाणा की वरिष्ठ नेत्री किरण चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के संविधान निर्माताओं, विशेष रूप से डॉ. भीमराव अंबेडकर और उनके साथियों की सोच अत्यंत प्रगतिशील थी, जिन्होंने देश को प्रारंभ से ही महिलाओं को समान राजनीतिक अधिकार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि 'जहां कई विकसित देशों में महिलाओं को मतदान अधिकार के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा, वहीं भारत में शुरुआत से ही समानता का अधिकार दिया गया था।

किरण चौधरी ने कहा कि दुर्भाग्यवश आजादी के 70 वर्षों बाद भी, विशेषकर कांग्रेस के लंबे शासनकाल में, महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को वास्तविक रूप से लागू नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि 'महिला आरक्षण विधेयक को कई बार केवल दिखावे के लिए लाया गया, लेकिन वास्तविक इच्छाशक्ति के अभाव में इसे पारित नहीं कराया गया। किरण चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि 'स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, जनधन खाते, आयुष्मान भारत और अन्य अनेक योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में वास्तविक बदलाव लाया है। आज गांवों में बेटियां शादी से पहले घर में शौचालय होने की शर्त रखती हैं—यह सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है।

उन्होंने संसद में हुए घटनाक्रम पर दुख जताते हुए कहा कि 'महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जिस प्रकार का व्यवहार विपक्ष ने किया, वह देश के इतिहास में एक काला अध्याय है। अंत में भाजपा नेताओं ने विश्वास जताया कि देश की नारी शक्ति इस मुद्दे को भलीभांति समझती है और भविष्य में इसका लोकतांत्रिक जवाब अवश्य देगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का संकल्प हर हाल में पूरा किया जाएगा और देश की बेटियों को उनका अधिकार अवश्य मिलेगा।

# पंजाब में बेअदबी पर सख्त कानून का रास्ता साफ, राज्यपाल गुलाब ने बिल को दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान**

◆ **श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी पर अब उम्रकैद तक की सजा**

◆ **20 लाख रुपए तक जुर्माने का भी है प्रावधान**

**चंडीगढ़।** पंजाब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून का रास्ता साफ हो गया है। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने 'जागृत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) बिल, 2026' पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि यह बड़ा कदम है और उन्होंने वाहेगुरु का आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें यह सेवा करने का अवसर मिला, इसके लिए वह कृतज्ञ हैं और समूची सिख संगत का धन्यवाद करते हैं। हालांकि, फिलहाल यह कानून केवल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी के मामलों पर ही लागू होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य धर्मों के लोगों से बातचीत कर जल्द ही उनके लिए भी इसी तरह का कानून लाया जाएगा।



नए कानून के तहत बेअदबी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को अपराध की श्रेणी में रखा गया है, जैसे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 'स्वरूप' (पवित्र ग्रंथ) को जानबूझकर फाड़ना, जलाना या किसी भी तरह से खंडित करना, पवित्र ग्रंथ पर थूकना, उसे गंदे हाथों से छूना या किसी ऐसी जगह रखना जहां उनकी गरिमा भंग होती हो, गुरु साहिब के स्वरूप को सार्वजनिक रूप से फेंकना या गलियों/नालियों में लावारिस छोड़ देना, पवित्र स्वरूप को चोरी करना या उसे मर्यादा के विरुद्ध अपने पास रखना, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की उपस्थिति में शराब, तंबाकू या किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन करना या लेकर जाना, सोशल मीडिया या किसी अन्य माध्यम से पवित्र बाणी या गुरु साहिब के प्रति अभद्र टिप्पणी या अपमानजनक फोटो-वीडियो बनाना। इस कानून में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें 5 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा और 20 लाख रुपए तक का जुर्माना शामिल है।

इन अपराधों को गैर-जमानती बनाया गया है और इसमें सहयोग करने वालों को भी बराबर दोषी माना जाएगा। यह बिल 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया था। इसे राज्य में धार्मिक सद्भाव बनाए रखने और बेअदबी के मामलों पर सख्ती से रोक लगाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अंतिम ओवरों में हम उतने रन नहीं बना सके, जितना हम चाहते थे : कार्तिक

**एजेंसी, बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद टीम के प्रदर्शन पर कहा कि अंतिम ओवरों में हम उतने रन नहीं बना सके, जितना हम चाहते थे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मुश्किल पिच पर हमने अधिकांश समय अच्छा खेल दिखाया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट की 63 रन की पारी की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली की टीम ने चार विकेट पर 179 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली के लिए केएल राहुल (57) और ट्रिस्टन स्टब्स (60) ने बेहतरीन बल्लेबाजी की, लेकिन आखिरी ओवर में डेविड मिलर ने 10 गेंदों में 22 रन की विस्फोटक पारी खेलकर मैच फिनिश किया। कार्तिक ने कहा कि बल्लेबाजी के लिए यह एक मुश्किल पिच थी और हमने पारी के लगभग 75 प्रतिशत हिस्से में काफी अच्छा खेला,लेकिन आखिरी पांच ओवरों में हम उतने रन नहीं बना सके जितने हम चाहते थे। (अनंत ज्ञान)

### केन्या के केफर लुंबासी ने जीती चंद्रशेखर हाफ मैराथन की ट्रॉफी

**एजेंसी, बलिया।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की स्मृति में रविवार को आयोजित सातवीं चंद्रशेखर हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) की सवा लाख रुपए इनाम राशि की ट्राफी केन्या के धावक केफर लुम्बासी ने जीत ली। प्रयागराज के सचिन यादव द्वितीय और केन्या के केबिछी वाइजली ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मैराथन में भाग लेने के लिए 730 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। सभी खिलाड़ी सुबह छह बजे स्टार्टिंग प्वाइंट पर पहुंचे। पटपर पचखोरा में मैराथन का फ्लैग ऑफ सांसद नीरज शेखर व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्र ने किया। केन्या के धावकों ने शुरू से ही बढ़त बनाए रखी। 240 नंबर जर्सी पहने केनिया के केफर लुंबासी ने 59 मिनट पांच सेकंड में अपनी दौड़ पूरी की। केनियायी धावक केफर लुंबासी ने पचखोरा में स्टार्टिंग प्वाइंट से लेकर वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में फिनिश लाइन तक लगातार बढ़त बनाए रखी। हालांकि, प्रयागराज के सचिन यादव ने भी केनियायी धावक का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने शुरू से ही केफर को पछाड़ने के लिए पूरी ताकत झोंकी, मगर महज 32 सेकण्ड से पिछड़ कर द्वितीय स्थान हासिल किया। 230 नंबर की जर्सी पहने सचिन यादव ने अपनी दौड़ 59 मिनट 37 सेकेंड में पूरी की। केन्या के ही केबिछी वाइजली ने तृतीय स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

### सीएसके के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को हैमस्ट्रिंग में लगी गंभीर चोट

**एजेंसी, हैदराबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे की चोट को लेकर टीम के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने अपडेट दिया है। उन्होंने पुष्टि की है कि आयुष म्हात्रे को हैमस्ट्रिंग में लगी चोट गंभीर लग रही है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चेन्नई के मैच के दौरान 18 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज म्हात्रे को विकेटों के बीच दौड़ते समय संघर्ष करते देखा गया। मैच शानदार बल्लेबाजी करते हुए म्हात्रे ने 12 गेंदों में 30 रन बना लिए थे, लेकिन दो रन दौड़ने के दौरान रुक गए और अपनी हैमस्ट्रिंग पकड़ ली। उन्होंने अपना हेलमेट उतार दिया और दर्द में दिखे। उन्हें तुरंत मैदान पर ही चिकित्सा सहायता की आवश्यकता पड़ी। मैदान पर उपचार के बाद म्हात्रे ने खेलना जारी रखा और लगभग लंगड़ाते हुए एक रन भी लिया। फिर अगली ही गेंद को एक्स्ट्रा कवर की ओर जोर से मारा, जहां हेनरिक क्लासेन ने एक शानदार कैच लपक लिया। मैच में हार के बाद सीएसके के बल्लेबाज कोच माइकल हसी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जाहिर है यह हैमस्ट्रिंग में खिंचाव (टियर) है। मुझे नहीं पता यह कितना गंभीर है। उसे कल या अगले दिन स्कैन के लिए ले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### गोल्फर शर्मिला का अंदाज सबसे अलग

**शर्मिला** निकोलेट ने 2009 में 18 साल की उम्र में एक पेशेवर गोल्फर के रूप में शुरुआत की। वह लेडीज यूरोपियन टूर के लिए क्वालीफाई करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय गोल्फर हैं। वह लेडीज यूरोपियन टूर पर फुल कार्ड हासिल करने वाली दूसरी भारतीय हैं।



# मुंबई पर बने दबाव का फायदा उठाने की कोशिश करेगा गुजरात

## आज अहमदाबाद में होगी दोनों टीमों में टक्कर

**एजेंसी, अहमदाबाद**

पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भारी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिलकुल विपरीत रहा है। गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है।

इसके बिलकुल विपरीत मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है। उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है और उनकी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई पर खराब प्रदर्शन के कारण काफी दबाव है और उसे अगर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो अब हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। उसकी टीम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अनियमित प्रदर्शन और गेंदबाजी आक्रमण में धार की कमी ने उसे बुरी तरह प्रभावित किया है।

सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई इंडियंस के मध्यक्रम के मुख्य आधार रहे हैं, लेकिन यह दोनों ही अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सूर्यकुमार ने भले ही एक




अर्धशतक लगाया है, लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। दूसरी तरफ तिलक बेहद खराब फॉर्म में हैं और पांच पारियों में सिर्फ 43 रन ही बना पाए हैं। कप्तान हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन भी कुछ खास अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने चार मैचों में सिर्फ 81 रन बनाए हैं, जिससे मुंबई की बल्लेबाजी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। मुंबई की समस्या केवल बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि उसके गेंदबाज भी नहीं चल पा रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अभी तक विकेट नहीं ले पाना उसके लिए बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने भले ही किफायती गेंदबाजी की है, लेकिन बल्लेबाज उनके सामने जोखिम लेने से बचते हुए उन्हें आसानी से खेल रहे हैं। अन्य गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। रोहित शर्मा के चोटिल होने से भी मुंबई की समस्या और बढ़ गई है।

इसके विपरीत गुजरात टाइटन्स ने अपनी समस्याओं के बावजूद जीत हासिल करने के तरीके खोज लिए हैं। उसकी बल्लेबाजी अभी भी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर काफी हद तक निर्भर है, जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ही अधिकतर रन बनाने का जिम्मा संभालते हैं। ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाज अभी तक विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। (अनंत ज्ञान)

### ये हैं दोनों संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इजहार, रघु शर्मा।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया।

# आईपीएल : कोलकाता की पहली जीत

## रिंकू के नाबाद अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स को 4 विकेट से दी शिकस्त

**एजेंसी, कोलकाता**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल-2026 में अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 4 विकेट से हरा दिया। ईडन गार्डन्स में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान 20 ओवर में 155/9 ही बना सकी। जवाब में कोलकाता ने 19.4 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। टीम की जीत में रिंकू सिंह ने नाबाद 53 रन की अहम पारी खेली। राजस्थान की यह लगातार दूसरी हार रही और टीम 8 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि कोलकाता पहली जीत के साथ 9वें नंबर पर पहुंच गई है। मैच में वरुण चक्रवर्ती ने महज 14 रन देकर 3 विकेट लिए। इसी के साथ उन्होंने टी-20 क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे कर लिए। उनके नाम अब 155 मुकाबलों में 202 विकेट हो गए। वे भारत के लिए 73 और आईपीएल में 105 विकेट ले चुके हैं।

राजस्थान की ओर से यश राज पुंजा ने 13.3 ओवर में अपना पहला आईपीएल विकेट हासिल किया। रमनदीप सिंह कवर ड्राइव खेलने के लिए आगे बढ़े, लेकिन गेंद तेज और बाहर थी, जिससे उनका अंदरूनी किनारा लग गया।

गेंद सीधे स्टंप्स पर जा लगी और रामनदीप 13 गेंदों में 10 रन बनाकर बोल्ड हो गए। यह यश पुंजा के लिए एक खास पल रहा, क्योंकि वे आज डेब्यू मैच में अपना पहला आईपीएल विकेट लिया। (अनंत ज्ञान)



### रिंकू-अनुकूल की जोड़ी ने बदला मैच का रुख

156 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कोलकाता के 85 रन पर 6 विकेट गिर गए थे, लेकिन रिंकू सिंह (नाबाद 53) और अनुकूल रॉय (नाबाद 29) ने मैच पलट दिया। कोलकाता के लिए रिंकू और अनुकूल रॉय के अलावा कैमरन ग्रीन ने 27 और रोवमन पॉवेल ने 23 रन बनाए। राजस्थान के लिए रवींद्र जडेजा ने 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर, रवि बिश्नोई, नांद्रे बर्गर और यश पुंजा को 1-1 विकेट मिला।

### वैभव और यशस्वी के बीच 81 रन की साझेदारी

**राजस्थान** रॉयल्स टीम के लिए ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। उनके और यशस्वी जायसवाल के बीच पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी हुई। वैभव के अलावा यशस्वी जायसवाल ने 39, शिमरोन हेटमायर ने 15 और रियान पराग ने 12 रन बनाए। पांच बैटर्स सिंगल डीजिट में आउट हुए। सुनील नरेन ने 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर रन आउट हुए। कोलकाता के लिए वरुण चक्रवर्ती और कार्तिक त्यागी ने 3-3 विकेट झटके।

## बीसीसीआई ने एक साल बढ़ाया कार्यकाल

# 2027 विश्व कप तक चीफ सिलेक्टर बने रहेंगे अगरकर

**एजेंसी, मुंबई**

बीसीसीआई ने चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है। अब वे 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप तक इस पद पर बने रहेंगे। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि अगरकर का कार्यकाल रिन्यू किया गया है, एक्सटेंड नहीं। वे अपनी परफॉर्मेंस के आधार पर चौथे साल के लिए पद पर बने रहेंगे।



बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक, सिलेक्टर अधिकतम चार साल तक पद पर रह सकता है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि अगरकर ने खुद बीसीसीआई से अपना कार्यकाल 2027 वनडे वर्ल्ड कप बढ़ाने की मांग की थी। बोर्ड ने 2023 में दो साल के लिए अगरकर को चीफ सिलेक्टर बनाया था। 2025 में उन्हें पहले ही एक साल का एक्सटेंशन मिल चुका था। अब उनका कार्यकाल 2027 तक के लिए रिन्यू किया जा रहा है। इस तरह अगरकर कुल चार साल चीफ सिलेक्टर रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### बेहद सफल रहा अब तक का कार्यकाल

**अजित** अगरकर का अब तक का कार्यकाल बेहद सफल रहा। अक्तूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच उनके द्वारा चुनी गई भारतीय टीमों ने चार आईसीसरी टूर्नामेंट्स के फाइनल में जगह बनाई। इनमें से भारत ने तीन खिताब अपने नाम किए। 2024 और 2026 में दो टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

# केकेआर को मिली बड़ी राहत मथीशा पथिराना टीम से जुड़े

**एजेंसी, कोलकाता**

आईपीएल-2026 में खराब दौर से गुजर रही कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए राहत भरी खबर आई है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना आखिरकार टीम से जुड़ गए हैं। फ्रेंचाइजी ने इस बात की पुष्टि की, जिससे टीम को मौजूदा कठिन समय में बड़ा सहारा मिला है। पथिराना टी20 वर्ल्ड कप के दौरान लगी पिंडली की चोट से उबरने के बाद टीम में शामिल हुए हैं। उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट द्वारा अनिवार्य फिटनेस टेस्ट पास किया और इसके बाद उन्हें नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिला।

इसके बाद ही वह केकेआर के स्क्वॉड से जुड़ सके। हालांकि, पथिराना के तुरंत प्लेइंग इलेवन में शामिल होने की संभावना कम है। टीम मैनेजमेंट पहले उनकी मैच फिटनेस को परखना चाहता है। इसके लिए उन्हें कुछ ट्रेनिंग सेशन दिए जाएंगे, जिसके बाद ही अंतिम फैसला लिया जाएगा। पथिराना ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम को जॉइन किया है। फैंस को उम्मीद है कि उनकी मौजूदगी से टीम का प्रदर्शन बेहतर होगा और केकेआर जीत का खाता खोल सकेगी। (अनंत ज्ञान)

### टीम को इस महंगे खिलाड़ी से बड़ी उम्मीदें



**कोलकाता नाइट राइडर्स** ने पिछले आईपीएल ऑक्शन में पथिराना को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। उनकी अनोखी 'स्लिंग एक्शन' गेंदबाजी और डेथ ओवर्स में सटीक यॉर्कर डालने की क्षमता उन्हें बेहद खास बनाती है। ऐसे में टीम को उनसे काफी उम्मीदें हैं, खासकर जब गेंदबाजी यूनिट दबाव में नजर आ रही है। गौर रहे कि केकेआर का इस सीजन अब तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। टीम सात मैच खेल चुकी है, लेकिन अभी तक एक भी जीत हासिलकर सकी है और पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे बनी हुई है। ऐसे में पथिराना का आना टीम के लिए नई उम्मीद लेकर आया है।

### रियाल सोसिडाड ने जीता कोपा डेल रे का खिताब

**एजेंसी, सेविले।** रियाल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया। रियानल सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माताराज़ो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माताराज़ो ने कहा, 'यह अविश्वसनीय सफर रहा है और मुझे लगता है कि यह तो बस शुरुआत हो सकती है।' (अनंत ज्ञान)

# अभिषेक-क्लासेन की बल्लेबाजी से जीता हैदराबाद

## ईशान मलिंगा की घातक गेंदबाजी ने भी चेन्नई सुपर किंग्स को जीत से रखा दूर

**एजेंसी, हैदराबाद**

अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद ईशान मलिंगा की घातक गेंदबाजी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को 10 रनों से हरा दिया। शनिवार को उप्पल के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 194 रन बनाए।





जवाब में चेन्नई की टीम 184 रन ही बना सकी और मैच हार गई। टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत धमाकेदार रही। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 5.5 ओवर में 75 रन जोड़े। अभिषेक आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते नजर आए और उन्होंने सिर्फ 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अभिषेक ने 22 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। हालांकि, हेड लय में दिखाई नहीं दिए और वह रनों के लिए संघर्ष करते नजर आए।

हेड ने 20 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 23 रन बनाए। कप्तान ईशान किशन को मुकेश चौधरी ने बिना खाता खोले पवेलियन भेजा। (अनंत ज्ञान)


### हैदराबाद की तीसरी जीत

**इस** जीत के साथ हैदराबाद आईपीएल 2026 की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। छह मैचों में यह इस टीम की तीसरी जीत है। वहीं, चेन्नई इस सीजन का चौथा मुकाबला हार गई। फिलहाल टीम सातवें स्थान पर है। शीर्ष पर पंजाब किंग्स का दबदबा है जबकि दूसरे और तीसरे पायदान पर क्रमशः रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और राजस्थान रॉयल्स है।

# जोबर्ग ओपन में संयुक्त 30वें स्थान पर पहुंचीं प्रणवी उर्स

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग**

भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीसरे दौर में तीन अंडर 70 का स्कोर बनाकर लेडीज यूरोपियन टूर के जोबर्ग महिला ओपन में संयुक्त 30वां स्थान हासिल कर लिया। प्रणवी ने पहले दो दिन में 70-74 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे दौर में तीन बोगी की लेकिन इसके साथ ही छह बर्डी भी लगाई। उनका कुल स्कोर अब पांच अंडर है। अन्य



भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बख्शी कट में जगह नहीं बना पाई थी। फ्रांस की तीन खिलाड़ी कैमिला शेवेलियर, सेलीन हर्बिन और अगाथे लैस्ने संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों का कुल स्कोर 16 अंडर पार है। (अनंत ज्ञान)

# उलझन में नजर आ रहे गायकवाड़ : अश्विन

## हैदराबाद के खिलाफ मैच में फॉर्म में वापसी करने का एक शानदार मौका गंवाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में फॉर्म में वापसी करने का एक शानदार मौका गंवा दिया। सनराइजर्स ने शनिवार को खेले गए मैच में सीएसके को 10 रन से हराया। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 194 रन बनाए जिसके जवाब में सीएसके आठ विकेट पर 184 रन ही बना पाया।

अश्विन ने कहा, 'उनके लिए रन बनाने का यह सबसे अच्छा मौका था। आयुष म्हात्रे की अच्छी शुरुआत को देखते हुए उन्हें जोखिम लेने या तेज गति से रन बनाने की जरूरत नहीं थी। पावरप्ले में उनकी टीम पूरी तरह हावी थे। रुतुराज के पास क्रीज पर कुछ समय बिताने, कुछ रन बनाने और फॉर्म में वापसी करने का सुनहरा अवसर था।' अश्विन ने कहा, 'आयुष म्हात्रे का विकेट गिरने के बाद, रुतुराज को एक बहुत अच्छी गेंद मिली, वह पुल शॉट अच्छी तरह से खेलता है लेकिन मुझे लगता है कि वह बहुत दबाव में है और उसका दिमाग थोड़ा उलझन में है।' रुतुराज ने आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपने पहले छह मैचों में केवल 82 रन बनाए हैं। उनका औसत मात्र 13.67 और स्ट्राइक रेट 112.33 है। शनिवार को एक अन्य मैच में डेविड मिलर ने आखिरी



ओवर में दो छक्के लगाकर दिल्ली कैपिटल्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ रोमांचक जीत दिलाई। पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने उनके प्रदर्शन के बारे में कहा, '''डेविड मिलर पर दबाव रहा होगा, क्योंकि वह पिछले मैचों में से एक में टीम को जीत नहीं दिला पाए थे। इसलिए मन में संदेह पैदा हो सकता है, लेकिन वह अनुभवी बल्लेबाज हैं और आखिरकार उन्होंने मैच जिता लिया।'

दिल्ली ने आखिरी ओवर में 15 रन बनाकर आरसीबी को छह विकेट से हराया। (अनंत ज्ञान)

**हॉकी** नियमित रूप से पदक जीत रहे दोनों राज्य, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी तैयार कर रहे

# घरेलू हॉकी में पंजाब और ओडिशा का दबदबा बरकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी पंजाब और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हाल ही में संपन्न हुई 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर घरेलू हॉकी में अपनी मजबूत विरासत को आगे बढ़ाया। पुरुष वर्ग में हॉकी पंजाब ने पोडियम फिनिश हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इन प्रदर्शनों ने एक बार फिर साबित किया कि दोनों टीमें घरेलू हॉकी में लंबे समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और नियमित रूप से पदक जीतने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के




खिलाड़ियों को भी तैयार कर रही हैं। पंजाब घरेलू प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है। जिसने विभिन्न श्रेणियों में कुल 33 पदक (14 स्वर्ण, 6 रजत और 13 कांस्य) हासिल किए हैं। इसमें पुरुष टीम का योगदान सबसे अधिक है, जिसने कुल 26 पदक जीते हैं। इनमें सीनियर और जूनियर पुरुष श्रेणियों में 5-5 स्वर्ण पदक शामिल हैं।

सीनियर पुरुष टीम इस सफलता की आधारशिला रही है। हाल ही में टीम ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता, जिसमें जुगराज सिंह टीम के लिए सबसे ज़्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। भारतीय पुरुष हॉकी टीम में भी पंजाब की मजबूत मौजूदगी है, जहां कप्तान हरमनप्रीत सिंह टीम का नेतृत्व कर रहे हैं और हार्दिक सिंह मिडफील्ड में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा सुखजीत सिंह और अभिषेक आक्रमण में मजबूती देते हैं, जबकि गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और डिफेंडर जुगराज सिंह व जर्मनप्रीत सिंह टीम के प्रमुख खिलाड़ी हैं।

नई पीढ़ी के खिलाड़ी भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मनमीत सिंह, अर्शदीप सिंह और प्रिंसदीप सिंह ने हॉकी पंजाब के लिए घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर भारतीय जूनियर टीम में जगह बनाई और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर वर्ल्ड कप तमिलनाडु 2025 में भारत के अभियान का भी हिस्सा रहे। वहीं, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में संतुलित प्रदर्शन करते हुए कुल 26 पदक (11 स्वर्ण, 7 रजत, 8 कांस्य) जीते हैं। पुरुष टीम ने 19 पदक (10 स्वर्ण, 6 रजत, 3 कांस्य) हासिल किए, जिसमें जूनियर और सब-जूनियर स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन शामिल है। महिला वर्ग में ओडिशा ने 7 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत, 5 कांस्य) जीते हैं। (अनंत ज्ञान)